फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 106 प्रभात जयपुर, गुरुवार 17 नवम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

The End Of The World Is Not Here...

We enjoyed life enormously and have wonderful memories, not because we had stuff, but because we had attitude, an attitude of gratitude.

Asian Animals

'TIS the Season of Cake Mixings | A new trend of non-alcoholic cake mixings



*हार्बर ब्रांच ओशनो ग्राफिक रिसर्च इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर ग्रैगरी ओ कोरी- क्रो को सन् 1998 में सुदूर कैनेडियन आर्कटिक द्वीप, सॉमरसैट जाने का अवसर मिला, उनके साथ दो जीव वैज्ञानिक भी थे। ये लोग देखना चाहते थे कि बलूगा व्हेल द्वीप पर आएंगी या नहीं? कुछ दिन बाद तकरीबन 1500 व्हेल का झुंड कोलाहल करते हुए सॉमरसैट के तट पर पहुँच गया। इस अनुभव ने क्रो को इतना प्रभावित किया कि 20 साल तक उन्होंने बलूगा व्हेल माइग्रेशन का अध्ययन किया। वैज्ञानिक जर्नल, ''प्लॉस वन'' में छपे उनके शोध में निष्कर्ष निकाला गया है कि, नॉर्थ पैसिफिक बलूगा व्हेल गर्मी के मौसम में आर्कटिक के पार अपनी समर लोकेशन्स तक पहुँचने के लिए, दिशा ज्ञान हेतु सशक्त और पीढ़ी गत सांस्कृतिक सम्बंधों पर निर्भर करती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि बलूगा बेरिंग सी से होकर गुज़रती हैं तथा अलास्का के पश्चिमी और दक्षिणी तट और रुस के पूर्वी तट पर सर्दियाँ बिताती हैं। बलूगा व्हेल वर्ष दर वर्ष इसी पैटर्न का अनुसरण करती हैं और केवल उसी सूरत में पैटर्न बदलती हैं जब सी आइस (समुद्री बर्फ) की स्थिति औसत से काफी फर्क हो। क्रो कहते हैं कि ''इस अविश्वसनीय, लंबी व जटिल वार्षिक यात्रा में वो निकट सम्बंधियों व समूह के सदस्यों से जीवन भर का रिश्ता भी जोड़ लेती हैं, जिससे उन्हें चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है तथा जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफलता मिलती है, चाहे वह प्रजनन, भोजन या निर्मोचन हो। इस संस्कृति में कुछ सबक पालन पोषण के दौरान सीखे जाते हैं, बिल्कुल इंसानों की तरह। बलूगा के बच्चे दो से तीन साल तक मां के साथ रहते हैं, और इसी दौरान बहुत कुछ सीखते हैं।'' ये निष्कर्ष आश्चर्यजनक हैं, क्योंकि बलूगा व्हेल के समूह में उतना गहरा निकट सम्बंध नहीं होता, जो किलर व्हेल के समूहों में देखा जाता है। यह शोध अमेरिका, कैनेडा और रुस के स्थानीय लोगों की पारम्परिक जानकारी की भी पुष्टि करता है। यहां के लोग बहुत लम्बे समय से जानते थे कि बलूगा हर साल एक ही जगह लौटती हैं। ज्यादा से ज्यादा शोधकर्ता अब व्हेल के बारे में इन लोगों की पारम्परिक जानकारी पर भरोसा करने लगे हैं। लेकिन क्रो अब यह सोचकर चिंतित हैं कि, कई पीढ़ियों की यह सांस्कृतिक शिक्षा क्लाइमेट चेंज के कारण हो रहे बदलावों से अनुकूलन करने में बलूगा के लिए मददगार होगी या नहीं।*

# माकन ने राजस्थान के प्रभारी पद से इस्तीफा 8 नवम्बर को भेज दिया

## इस्तीफे का तत्कालिक कारण था, गहलोत द्वारा धर्मेन्द्र राठौड़ को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का राजस्थान में इंचार्ज बनाना। माकन के इस्तीफे के बाद उसी दिन पायलट राहुल गांधी से मिले

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। अजय माकन क्रीज से बाहर निकले और बॉल पर सीधे छक्का लगा दिया। इस प्रकार राजस्थान कांग्रेस में निर्णय लेने की क्षमता के अभाव तथा हिचकिचाहट की स्थिति को फिर से चर्चा में ला दिया।

अजय माकन ने ए.आई.सी.सी. महासचिव तथा राजस्थान-प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा 8 नवम्बर को मल्लिकार्जुन खड़गे के पास भेज दिया था लेकिन, सूत्रों के अनुसार, इसे गुप्त रखा गया था। सूत्रों का कहना है कि खड़गे ने माकन से कह दिया था कि वे अपने पद पर बने रहें और उन्हें चिन्ता करने की जरूरत नहीं है, सब कुछ ठीक हो जायेगा।

- **माकन का तर्क था कि, वे (माकन) यात्रा के दौरान प्रभारी के रूप में उस व्यक्ति के साथ-साथ चलना पड़ेगा, जिसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही पैंडिंग है।**
- **जैसा कि विदित ही है, माकन ने सोनिया गांधी, तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष, को प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा था कि, गहलोत के ''निर्देश'' पर अस्सी विधायकों ने विद्रोह करते हुए, कांग्रेस द्वारा भेजे पर्यवेक्षकों द्वारा आहूत सी.एल.पी. की मीटिंग का बहिष्कार किया। इस निर्देश की अनुपालना व क्रियान्विति महेश जोशी, शांति धारीवाल व धर्मेन्द्र राठौड़ ने करवाई थी। रिपोर्ट में कांग्रेस के इन तीन नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की सिफारिश की गयी थी।**
- **माकन राहुल गांधी के अति नज़दीक व विश्वासी व्यक्ति हैं, अतः यह माना जा सकता है कि, इस्तीफा देने का निर्णय राहुल गांधी को विश्वास में लेकर लिया गया है और इस्तीफे के बाद उसी दिन पायलट का राहुल गांधी से मिलना भी महत्व रखता है।**
- **माकन का इस्तीफा, कांग्रेस के विधायकों की बगावत के घटनाक्रम पर लीपा-पोती करने के प्रयास से तंग आकर मुद्दे को हाई-लाइट करने की कोशिश है।**

सूत्रों ने कहा कि माकन ने अपना इस्तीफा देने का चरम कदम खड़गे तथा कांग्रेस नेतृत्व पर यह दबाव डालने के लिये उठाया था कि राजस्थान में नेतृत्व के मुद्दे पर निर्णय लिया जाये।

सूत्रों ने कहा कि माकन के एकाएक दिये गये इस्तीफे का कारण अशोक गहलोत का वह निर्णय था, जिसके अन्तर्गत उन्होंने धर्मेन्द्र राठौड़ को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा, जिन दिनों वह राजस्थान में होगी, का प्रभारी नियुक्त कर दिया था।

मुद्दे की बात यह है कि माकन, राठौड़ तथा अन्य लोगों के साथ कैसे चलेंगे, जबकि उनके खिलाफ अभी तक अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं हुई है।

सोनिया गांधी को वह रिपोर्ट सौंपने वाले अजय माकन ही तो थे, जिसमें उन घटनाओं का विस्तृत ब्यौरा था, जो जयपुर में घटित हुई थी तथा जब गहलोत को निर्देशन में विधायक बगावत पर उतर आये थे, तथा केन्द्रीय पर्यवेक्षकों द्वारा बुलाई गई सी.एल.पी. मीटिंग में आने से इंकार कर दिया था।

अजय माकन ने जो रिपोर्ट सोनिया गांधी को सौंपी थी, उसमें उन्होंने कहा था कि महेश जोशी, धारीवाल एवं धर्मेन्द्र राठौड़ के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही होनी चाहिये।

इसके बावजूद, इन तीनों के खिलाफ अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है तथा वे गहलोत के कान और आँख बने हुये हैं।

इसके अलावा, राजस्थान के मुद्दे पर चर्चा करने के लिये कोई सी.एल.पी. मीटिंग नहीं बुलाई गई है, क्योंकि पहली मीटिंग तो, विधायकों के न आने के कारण, निरस्त कर दी गई थी।

मुद्दा यह बनाया गया है कि 80

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गुजरात में 40 वर्तमान विधायकों के टिकट कटने से कर्नाटक में झुरझुरी

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। गुजरात विधानसभा चुनावों के लिये भाजपा उम्मीदवारों की सूची से कर्नाटक के भाजपा विधायकों को खतरे की घंटी सुनाई देने लगी हैं। उन्हें यह डर सताने लगा है कि नये तथा, जहाँ तक हो सकता है, वहाँ तक, युवा उम्मीदवारों के रास्ता बनाने के लिये कहीं उनके नाम भी गायब नहीं हो जायेंगे।

गुजरात में, कई वरिष्ठ विधायकों, मंत्रियों तथा एक पूर्व मुख्यमंत्री तक ने चुनावी दौड़ से बाहर रहने की इच्छा बाकायदा प्रकट की है, लेकिन ऐसी इच्छा प्रकट करने के लिए उन्हे तैयार किया गया है। इसके अलावा, कई विधायकों को, उनके जीतने की कम संभावना के कारण, टिकट देने के लिए मना कर दिया गया था। सूत्रों ने कहा कि सत्ता-विरोधी लहर को बेअसर करने का एक रास्ता यही था कि वर्तमान विधायकों को पुरानी सीटों से ना खड़ा किया जाए तथा उन्हें या तो आसपास की किसी अन्य सीट से खड़ा किया जाये या उनके स्थान पर नये एवं युवा चेहरे लाये जायें।

- **भाजपा विधायकों की चिंता व बैचेनी इसलिये और बढ़ गयी, क्योंकि कर्नाटक से भाजपा के राज्यसभा सदस्य लहर सिंह सिरोया ने टिप्पणी कर दी की, वरिष्ठ विधायकों को स्वयं ही चुनाव की दौड़ से बाहर हो जाना चाहिये।**
- **गुजरात में ''एन्टी इनकम्बैन्सी'' को मात देने के लिये, वर्तमान विधायकों को चुनाव न लड़ाकर नये चेहरों को चुनाव मैदान में उतारने की रणनीति अपनायी है भाजपा ने।**
- **पर कर्नाटक के विधायक एक-दूसरे को यह समझा रहे हैं कि, हर राज्य के लिये पार्टी अलग-अलग चुनावी रणनीति बनाती है। अतः जरूरी नहीं है कि, गुजरात का फॉर्मूला कर्नाटक में भी लागू हो।**

गुजरात में वस्तुतः यही हुआ है, वहाँ करीब 40 मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं दिये गये हैं। भाजपा की इस रीति-नीति से गुजरात से बहुत दूर स्थित कर्नाटक के भाजपा विधायकों में खतरे की घंटी बजना शुरु हो गई हैं, जहाँ चंद महीनों में ही चुनाव होने हैं।

प्रसंगवश बता दें कि कर्नाटक से भाजपा के राज्यसभा सदस्य लहर सिंह सिरोया की एक टिप्पणी से कर्नाटक के पार्टी नेताओं के मन में शंका पैदा कर दी है। अपनी इस टिप्पणी में उन्होंने कहा था कि वरिष्ठ विधायकों को स्वेच्छा से ही चुनावी राजनीति से बाहर हो जाना चाहिये।

एक मोटे हिसाब के अनुसार, कर्नाटक में 20 से अधिक भाजपा विधायकों की उम्र 65 वर्ष से ज्यादा है। बताया जाता है कि उनमें से कुछ लोग अगले विधानसभा चुनावों में फिर से पर्चा भरने की संभावनाओं को लेकर चिंतित हैं।

लेकिन उनको थोड़ी-बहुत राहत बस इसी तथ्य से मिल सकती है कि जहाँ तक राजनीति का संबंध है, एक आकार की चीज सभी के फिट नहीं आती है। हो सकता है कि जो चीज गुजरात में काम कर रही है, वह अन्य किसी राज्य में भी काम करे। इसके अलावा यह भी संभव है कि पार्टी नेतृत्व वहाँ के लिये कोई भिन्न रणनीति अपनाये।

इस समय की स्थिति यह है कि सफल भारत जोड़ो यात्रा से उत्साहित कांग्रेस से भाजपा को गंभीर चुनौती मिल रही है। ज्ञातव्य है कि यह यात्रा कुछ समय पहले ही कर्नाटक से गुजरी थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पेंशनर्स के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मुहिम

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। सरकार ने केन्द्रीय सरकार के पेंशनरों के लिये जीवित होने के डिजिटल प्रमाण पत्र (डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट) के प्रचलन को गति देने के लिये एक राष्ट्रव्यापी अभियान छेड़ा है ताकि वे हर वर्ष लम्बी कतारों में खड़े रहने की तकलीफ से बच सकें। 1 अक्टूबर से अब तक 57,13,609 पेंशनर प्रमाण पत्र जमा करा चुके हैं। इस प्रयोजन के लिये चेहरे के सत्यापन की तकनीक (फेस ऑथेन्टिकेशन टेक्नॉलजी) राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने गत वर्ष नवम्बर

- **सरकार ने पेंशनर्स के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मुहिम छेड़ी है, अब उन्हें पेंशन के लिए जिंदा रहने का सर्टिफिकेट देने के लिए हर साल लाइन में नहीं लगना पड़ेगा।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बाली शिखर सम्मेलन में भारत के नारे का बोलबाला रहा है

## भारत का नारा था, ''आज युद्ध का युग नहीं है''

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। दुनिया की 20 अग्रणी आर्थिक शक्तियों यानी कि जी-20 के बाली शिखर सम्मेलन की समाप्ति पर लगता है कि भारत को एक भारी कूटनीतिक मान्यता मिली है।

इण्डोनेशिया के बाली में हुए शिखर सम्मेलन में भारतीय भावनाएं गुंजाएमान हुई और जी-20 नेताओं की मीटिंग का एक संदेश था।

''आज का युग युद्ध का नहीं है।'' इसे भारत और चीन के बीच के एक शैडो डिप्लोमैटिक वॉर के रूप में देखा जा सकता है। समस्याएं सुलझाने में ताकत के उपयोग की वैधता पर भारत और चीन के विपरीत दृष्टिकोण है।

- **इस नारे की गूंज का महत्व यह है कि, चीन की घोषित नीति की, राजनीतिक मतभेदों व समस्याओं के समाधान के लिये ताकत का उपयोग जायज है, को शिखर सम्मेलन ने नहीं अपनाया।**
- **भारत की, रूस व अमेरिका तथा अन्य यूरोपीय देशों के बीच सेतु का काम करने वाली नीति का महत्व समझ में आया सभी देशों को, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर।**

बाली शिखर सम्मेलन के समापन विवरण में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वह बयान भी शामिल है जो शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन के समरकंद सम्मेलन के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई बातचीत में उन्होंने दिया था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गुजरात में कांग्रेस प्रचारकों की लिस्ट से थरूर गायब?

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। शशि थरुर गुजरात में कांग्रेस के प्रचार-अभियान से बाहर रखे गये। यह बात निश्चित रूप से चौंकाने वाली है कि पार्टी के स्टार-प्रचारकों की सूची में उनका नाम नहीं है। इससे ये अटकलें प्रबल हो रही हैं कि पार्टी नेतृत्व उनकी उपेक्षा कर रहा है। थरुर ने 2014 तथा 2019 के लोकसभा चुनावों के साथ ही, केरल के चुनावों तथा अन्य उपचुनावों में प्रचार किया था। वे शुद्ध उच्चारण करने वाले प्रभावी वक्ता के रूप में जाने जाते हैं। पिछले वर्षों में, उनकी हिन्दी भाषण कला में उल्लेखनीय निखार आया है।

- **इसलिए राजनैतिक हल्कों में पूछा जा रहा है कि, क्या शशि थरूर को मल्लिकार्जुन खड़गे को चुनौती देने की सजा दी जा रही है, जिन्हें अधिकृत प्रत्याशी माना जा रहा था।**

पार्टी अध्यक्ष पद के लिये हाल ही हुये चुनाव में उनका प्रदर्शन अपेक्षा से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# महिला के बचाव में ''ट्रोलर्स'' पर भड़के थरूर

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। सोशल मीडिया पर एक महिला की गरिमा का हनन करना बेहद आम हो गया ऐसी ही एक घटना के मुद्दे पर उन ट्रोलर्स को कांग्रेस नेता शशि थरुर ने जमकर फटकारा, जिनकी वजह से एक महिला को थरुर के साथ अपनी फोटो, जो उसने सोशल मीडिया पर शेयर की थी, वापस लेनी पड़ी थी।

- **थरूर के साथ फोटो पोस्ट कर ट्रोलर्स के निशाने पर आई महिला के पक्ष में शशि थरूर मजबूती से खड़े हुए और ट्रोलर्स को आड़े हाथों लिया।**

शशि थरुर ने उक्त महिला की पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, कि ट्रोलर्स

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डैमोक्रैटिक पार्टी ने सीनेट पर अपनी पकड़ बरकरार रखी

## इस खबर से डैमोक्रैटिक पार्टी का मनोबल तो ऊंचा हुआ, क्योंकि चुनाव विशेषज्ञ मान रहे थे कि, रिपब्लिकन पार्टी की एक तरफा जीत होगी

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 नवम्बर। अमेरिका में गत सप्ताह हुए मध्यावधि चुनावों में अपने मजबूत प्रदर्शन को लेकर डैमोक्रेट्स खुशियां मना रहे हैं, लेकिन राष्ट्रपति जो बाइडन ऐसा नहीं कर रहे हैं। हाल ही सम्पन्न चुनाव संकेत देते हैं कि बाइडन को अमेरिका की जनता का विश्वास जीतने के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

इसमें कोई संशय नहीं कि रिपब्लिकन्स का प्रमुख रंग ''रैड वेव'' कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। इस लहर के मंद होने की वजह से डैमोक्रेट्स सीनेट पर नियंत्रण बरकरार रखने में सफल रहे।

- **पर विडम्बना यह है कि, इस उत्साहवर्धक खबर के बावजूद राष्ट्रपति बाइडन का ''डिप्रेशन'' दूर नहीं हुआ।**
- **कारण यह है कि, डैमोक्रैटिक जीत के बावजूद, डैमोक्रैटिक पार्टी द्वारा निर्वाचित राष्ट्रपति बाइडन की व्यक्तिगत लोकप्रियता में लगातार कमी आने का क्रम जारी है।**
- **बाइडन की अलोकप्रियता ट्रम्प व ओबामा के, राष्ट्रपति शासन काल के समानान्तर दौर में आंकी गई अलोकप्रियता से कहीं ज्यादा है।**

रिपबल्किन्स निराश थे, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि वे बाइडन की अलोकप्रियता को भुना लेंगे। वे अगस्त 2021 में बाइडन को मिली नकारात्मक अप्रूवल को लेकर रिपब्लिकन्स उत्साहित थे, लेकिन उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। क्योंकि गत 9 और 10 नवम्बर को किए गए ''ए बिग विलेज सर्वे'' ने भी राष्ट्रपति को माइनस 10.5 की नैट अप्रूवल रेटिंग दी।

न्यूज़वीक की एक रिपोर्ट के अनुसार लिंग, जाति, शिक्षा और आयु पर आधारित अमेरिका 1006 वयस्कों पर हुए सर्वे में पाया गया कि सिर्फ 41.4 प्रतिशत अमेरिकन्स ने ही बाइडन के प्रदर्शन को सराहा, जबकि 51.9 प्रतिशत ने उसे अस्वीकृत किया और शेष ने कहा कि उन्हें नहीं मालूम।

पल्स ओपिनियन रिसर्च फोर रासमुसन रिपोर्ट्स द्वारा किए गए एक अलग सर्वेक्षण में बाइडन माइनस ऐट अप्रूवल रेटिंग मानी गई।

गत 9 और 13 नवम्बर को 15 सौ लोगों पर किए गए ''लाइकली वोटर्स''

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

चरित्र मनुष्य के अन्दर रहता है, यश उसके बाहर। –अज्ञात

# आओ खेलें कृषि शिक्षा में एम.ओ.यू. का खेल

गुइयाँ हिंदी का शब्द है, जो भारत के तत्कालीन अवध और ब्रज के ग्रामीण परिवेश में बहुधा बोल जाता था। बचपन में मैं भी हम उम्र साथिओं के साथ खेलते समय गुइयाँ सम्बोधन अपने मित्रों के लिए करते था। होता यह था जब बच्चों का समूह बड़ा होता था तब कुछ बच्चे आयु के अंतर के कारण सामूहिक खेल से बिछुड़ जाते और जब ऐसे बच्चो की संख्या चार-पांच हो जाती तब वे कुछ सोच कर मित्रवत मिल कर कहते कि हम लोग अब गुइयाँ हैं, अलग खेलेंगे। इसलिए इसका अर्थ– फ्रेंड-फ्रेंड; सखी-सखी; अथवा मित्र-मित्र। चौंकिये नहीं, राजा साहब अवागढ़ सूर्य पाल सिंह अपने गढ़ में सखी समाज चलाते थे, जिसमे सभी पुरुष स्त्रिओं की पोशाक धारण कर हार व्यवहार स्त्रिओं की भांति ही करते। वैसे कोऑपरेशन का भी सिद्धांत यही है कि जब किसी अमुक स्थान पर लोग एक जैसी समस्या अथवा कठिनाई अनुभव करते हैं तब वे अपना समूह बना उस व्यवधान या कठिनाई को दूर करने का प्रयास करते हैं।

भारत में स्वतंत्रता के उपरांत जब शिक्षा का चहुमुखी विकास हुआ उस समय शिक्षण संस्थानों को अनेक प्रकार की समस्याएं सामने आई। शिक्षा की गुणवत्ता के लिए तब सरकारी स्तर और प्राइवेट स्तर पर अच्छे अध्यापक विभिन्न कक्षाओं की पढ़ाई के लिए निर्माण करने के लिए स्थानीय स्तर पर टीचर ट्रेनिंग महाविद्यालय आरम्भ किये गए। याद रहे अच्छे टीचर का कोई अन्य विकल्प है ही नहीं, अच्छी पाठ्य पुस्तक भी नहीं।

प्रयासों में नार्मल टीचर, एल टी, बीएड, एमएड आदि कोर्स प्रोग्राम शुरू हुए वही विज्ञानं, प्रौद्योगिकी, तकनीकी और प्रोफेशनल विषय में उपयुक्त मानव संसाधन पैदा करने के लिए, कोर्स आरम्भ किये गए। टेक्निकल और प्रौद्योगिकी विषयों की पढ़ाई सुद्रण करने के लिए कुछ विकसित देशों की सहायता भी ली गयी। इन प्रोग्रामों में टीसीएम, जो अमेरिका के साथ करार करके देश के कुछ महाविद्यालयों में शुरू हुआ, के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए वांछित विषयों में देश के कतिपय युवा टीचर्स को उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका भेजा गया। इन टीचर्स के महाविद्यालय को भी अमेरिका से कुछ आवश्यक वैज्ञानिक उपकरण भी मिले ताकि ट्रेनिंग पाया टीचर वापिस आकर अपने कार्य को बिना किसी व्यवधान के कर सके। देश के अधिकांश प्रदेशों में कृषि विश्वविद्यालय आरम्भ होने पर उच्च स्तर पर प्रशिक्षण फिर आवश्यक हो गया जिसमे इंडो-अमेरिकन जॉइंट प्रोग्राम 'यूएसएड' के नाम से शुरू कर उच्च प्रशिक्षण की भी व्यवस्था हो गई, जो विघ्न रहित वर्ष 1970-71 तक चालू रहा तदुपरांत भारत सरकार ने कुछ राजनैतिक कारणों से प्रोग्राम बंद कर दिया। लेकिन दूसरी तरफ कुछ व्यक्ति अपने स्तरों पर धन व् अन्य संसाधन जुटा कर कई देशों में यथा ब्रिटैन, अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, नूज़ीलैण्ड, जापान आदि देशो से उच्च शिक्षा ग्रहण करने जाते रहे, जो शिथिलीकरण के पश्चात् अभी भी जारी है।

वास्तव में पहले काफी समय से ही फोर्ड फाउंडेशन, रॉकफेलर फाउंडेशन, कामनवेल्थ, जापान, डेनमार्क आदि अनेक देश पढ़ाई के लिए वजीफा देकर भारत के वैज्ञानिको को सरकारी व् प्राइवेट स्तरों पर ज्ञान व् गुणवत्ता वृद्धि में सहयोग करते रहे हैं और अभी भी अनेक देश भारत के छात्रों को अपेक्षाकृत कम खर्च में साइंस, मेडिकल और तकनीकी क्षेत्रों में भरपूर सुविधाएँ दे रहे हैं। यूक्रेन रूस युद्ध के समय जब हजारों की संख्या में यूक्रेन से भारतीय छात्र निकाल देश वापिस लाये गए तब पता चला कि देश की कितनी बड़ी युवा संख्या विदेशों में अध्यनरत है। लानत है देश के कर्णधारों पर कि सभी युवाओं को रोजगार जनक विषयों में वांछित शिक्षा सुविधा आज़ादी के सात दसक बीत जाने पर भी देश में उपलब्ध नहीं हो सकी है। किस बात पर सरकार अपनी पींठ थपथपाती रही है और अमृत महोत्सव मनवाने का नाटकीय खेल खेल रही है। देश का युवा इस खेल को भली भांति समझ रहा है।

**लानत है देश के कर्णधारों पर कि सभी युवाओं को रोजगार जनक विषयों में वांछित शिक्षा सुविधा आज़ादी के सात दसक बीत जाने पर भी देश में उपलब्ध नहीं हो सकी है। किस बात पर सरकार अपनी पींठ थपथपाती रही है और अमृत महोत्सव मनवाने का नाटकीय खेल खेल रही है। देश का युवा इस खेल को भली भांति समझ रहा है।**

वर्तमान में जो कृषि विश्वविद्यालय प्रदेशों में स्थापित होकर वर्षों से कार्यरत हैं उनमे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से बहुत संतोषजनक स्तिथि है प्रयोगशालाएं और उनमे सज्जित उपकरण किसी भी उन्नत विदेशी संस्थान की तुलना में आज कही अधिक अच्छे स्तर के मौजूद हैं। यदि कहीं कोई कमी है तो वह है उच्च शिक्षित व् प्रशिक्षित अनुभवी वैज्ञानिकों व् अध्यापकों की भयंकर कमी। लगभग दो दशकों से विषयों की पढ़ाई ठेके (कॉन्ट्रैक्ट वो भी अधकचरा) पर हो रही है। प्रैक्टिकल का तो नामोनिशान नहीं। कृषि शिक्षा में प्रैक्टिकल की अहमियत से कोई समझौता कदापि नहीं होना चाहिए अन्यथा अधकचरी डिग्री लेकर युवा किसी प्राइवेट काम के भी नहीं। अध्यापन और अनुसन्धान के लिए तो वे अनपढ़ ही रहेंगे। अनुसन्धान और शिक्षा का तो बंटाधार हो चुका है पुनरुथान की सम्भावना अब बिलकुल नहीं।

परन्तु आश्चर्य की बात ये है कि भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद्, ऐक्रेडिटेशन कौंसिल, छात्र, स्वयं,और उनके अभिवावक जो पढ़ाई के लिए खर्चा वहन करते हैं, किसी को भी सरोकार नहीं कि उनका वार्ड कैसी शिक्षा प्राप्त कर रहा है? विश्व विद्यालयों के कुछ महाविध्यालयों में स्तिथि विकराल है लेकिन राज्य सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन कुन्डलीमार बैठे हैं वहीँ अन्य मूक और लाचार हैं। प्रशासन में बैठे मंत्री, सचिव एवं उनके सहयोगिओं में इतनी काबिलियत नहीं कि वे शिक्षा की गाड़ी को पटरी पर ला सकें। और तीस वर्ष पूर्व के स्तर पर कर सकें। देश की जनता के टैक्स से अर्जित धन की ऐसी बर्बादी अन्य किसी देश में देखने को नहीं मिल सकती। अत: "गुइंयाँ गुइंयाँ खेल देश प्रदेश को मुबारक हो।"

आधुनिक वैज्ञानिक स्टेट ऑफ़ आर्ट कई अति मॉडर्न उपकरण जो बीस वर्ष पूर्व खरीदे गए, जंक खा कर भंगार बन रहे हैं या बन गए हैं। ऐसे लेटेस्ट उपकरणों को संचालित करने को कभी वांछित मानव संसाधन उपलब्ध ही नहीं हुआ। इस पक्ष को देखने वाला कोई नहीं। राज्य के मुख्य मंत्री अपनी कुर्सी पर खुश, उनके सचिव अपने दफ्तर में खुश, क्योंकि जो धन अध्यापकों के वेतन पर खर्च होता वह सब बच रहा है। मुख्य मंत्री उसे ऐसी किसी योजना पर डाइवर्ट कर सकते हैं जिससे उनकी पार्टी का वोट बैंक बढ़ता हो?

मुफ्त रेवड़ियां देना भी एक वर्तमान में प्रचलित खेल हो सकता है। जनता और छात्रों को यह एहसास कराया जाता है कि दोनों पक्ष इससे लाभान्वित होंगे? अब इसका कोई मॉनिटरिंग तो होती नहीं, किस पक्ष को क्या लाभ हुआ और कितना? यह कभी प्रचारित नहीं किया जाता। दोनों पक्षों की तरफ दशा एक सी ही होती है अब दूसरा पक्ष अन्यत्र दूर होने से वहां जाने से रहा पता करने। यह तथाकथित एमओयू दोनों पक्षों की नाजुक स्तिथि को छिपाने का एक नायाब तरीका है। परन्तु इस पूरे गुइयाँ खेल का कोई लूज़र है तो वह है छात्र। क्या कोई है उसकी परवाह करने वाला? गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा समय से उपलब्ध न होने के कारण उसका जीवन उद्देश्यहीन और दिशा हीन हो जाता है जिसकी बुराई जीवन पर्यन्त उसे भोगनी पड़ती है।

महाराणा प्रताप को पैदा कर राजस्थान ने तो एक कतिथ उनकी ढाल धारण कर ली है जो शताब्दिओं तक सरकार की मूढ़ता और निकम्मेपन को बचाने में काम आएगी। सरकार में विपक्ष नीरस, भ्रष्ट और भ्रमित है। सरकार की दोषपूर्ण कार्यों पर घेरने के लिए उसके पास कोई रचनात्मक योजना नहीं। अब तो किसी जयप्रकाश नारायण जी सरीखे व्यक्ति का उदय होना ही देश के युवाओं को संगठित कर सरकार को सही रास्ते चलने को विवश कर सकता है? काश यह शीघ्र संभव हो सके।

पाठकों को बताते चले कि एमओयू एक प्रकार का समझौता अथवा सहमति ज्ञापन होता है। शिक्षा के क्षेत्र में दो संस्थानों में जो पक्ष मजबूत होता है उसका लाभ दूसरे संस्थान को मिलता है यदि उसके यहाँ वह पक्ष कमजोर है। देश में टोप नॉच संस्थानों की कमी नहीं है परन्तु एमओयू करने के इक्षुक संस्थान को से डेटाबेस बनाकर पहले से रखना चाहिए ताकि जरूरत होने पर वांछित संस्थान या वैज्ञानिक से संपर्क कर एमओयू के लिए पहले मौखिक सहमति बनाने में सुगमता आउटसोर्सिंग हो सके। इस व्यवस्था से अपेक्षाकृत लाभ कम होता है।

प्रत्युत इवेंट मैनेजमेंट के माध्यम से उपयुक्त इसके वैज्ञानिक किसी कार्य को संपन्न करने के लिए कुछ समय के लिए निर्धारित शर्तों पर आमंत्रित कर लिया जाय तो शिक्षा उत्तम हो सकती है। संस्थान अनेक ऐसे विषयों के लिए ऐसा कर सकते हैं जिनके लिए उनके यहाँ वांछित संसाधन कमजोर हों या बिलकुल नहीं हों। अभी तो कुलपति ही अपने स्तर पर एमओयू प्रतिपादित कर लेते हैं और उसकी खबर समाचार पत्रों में छपने भेज देते हैं। इस प्रकार कुलपति सदैव खबरों में रहने के कारण कर्मशील व् क्रियाशील नज़र आते हैं।

राज्य सरकार तकनीकी और प्रोफेशनल शिक्षा में उदासीन रुख क्यों रखती है? कृषि शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों में शिक्षा गुणवत्ता के प्रति उदासीनता चरम पर है। यह समझ से परे है कि लाभार्थी की ऐसी दशा क्यों? छात्रों की उदासीनता का ही प्रभाव विश्वविद्यालय प्रशासन और राज्य सरकार को अधिक उदासीन, जवाबदेहि रहित, और अंतत: देश की भावी पीढ़ी की क्रियाशीलता व् सृजनात्मक्ता को कुंठित कर भविष्य के विकास में परमानेंट रोड़ा बन चुका/रहा है। उस पर शिक्षा में भ्रष्टाचार का समावेश भी गहरी पैंठ बना चुका है।

उपरोक्त लेख का संक्षिप्त सार अपने स्वयं के भविष्य पर सतत कुठाराघात होते छात्रों का स्वप्निल दशा में होना ही है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर )**

# आठ पटवारियों के भरोसे चल रहे भिनाय के 48 पटवार मंडल

## एक पटवारी पर पांच से अधिक पटवार मंडल का भार आ गया है

■ **किसान और जनता नकल, जमाबंदी व अन्य जरूरी कार्यों के लिए भटक रही**

**बान्दनवाड़ा,** (निसं)। भिनाय तहसील में पटवारियों की कमी के चलते किसानों, काश्तकारों व आम जनता को नकल, जमाबंदी सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पटवारियों की कमी से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनके कामों का समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

राजस्व से संबंधित मामलों का निस्तारण करने वाली भिनाय तहसील क्षेत्र में 48 पटवार मंडलों में 48 पटवारी के पद सृजित हैं लेकिन लंबे समय से पटवारियों के 40 पद खाली पड़े होने के कारण 8 पटवारी ही 48 पटवार मंडलों का कार्य संभाल रहे हैं। वही भिनाय तहसील में 17 गिरदावर सर्किल में से मात्र 11 गिरदावर कार्यरत है। भिनाय पटवार मंडल में पटवारियों के 40 पद रिक्त होने के कारण एक पटवारी के कंधे पर 5 से अधिक पटवार मंडल का भार आ गया है। जिसका खामियाजा काश्तकारों को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अभाव में काश्तकार जब पटवार घर पर पहुंचते हैं तो वहां उन्हें ताला मिलता है और पूछने पर पटवारी के अन्य पटवार मंडल में होने की बात पता चलती है।

भिनाय तहसील में तीन उप तहसील नागोला, देवलिया कला व बांदनवाड़ा होने के बावजूद भी अजमेर जिले में सबसे कम पटवारी भिनाय तहसील में है। वहीं राज्य सरकार द्वारा तहसील व उप तहसीलें स्वीकृत व संचालित तो करवा दी लेकिन पटवारी व कर्मचारियों के बिना आमजन की समस्या जस की तस बनी हुई है। इन उप तहसीलों में नायब तहसीलदार, बाबू, एलआरओ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद शुरू से ही रिक्त चल रहे हैं। इन उप तहसीलों में मात्र पंजीयन का कार्य हो रहा है। भिनाय उपखंड के ठामीणों के किसानो द्वारा लगातार जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में पटवारी की कमी को लेकर अवगत कराया गया पर स्थिति आज तक जस की तस बनी हुई है।

# बिना मैडिकल डिग्री और रजिस्ट्रेशन के चल रहे क्लिनिक को चिकित्सा विभाग ने बंद करवाया

■ **सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत मिलने के बाद जंक्शन के संचालित क्लिनिक पर की कार्यवाही**

**हनुमानगढ़,** (निसं)। सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायत के आधार पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण दल ने आज जंक्शन स्थित जसलोक दवाखाना पर दबिश दी। दवाखाना को चला रहे संचालक के पास ना तो कोई मेडिकल डिग्री मिली और ना ही उसके दवाखाना का रजिस्ट्रेशन किया हुआ था। निरीक्षण दल में स्वास्थ्य निरीक्षण संत कुमार बिश्नोई एवं हनुमानगढ़ बीसीएमओ डॉ. ज्योति धींगड़ा ने जसलोक दवाखाना को बंद करवाया तथा संचालक को जरूरी दस्तावेज दिखाने एवं रजिस्ट्रेशन करवाने के उपरांत ही दवाखाना का संचालन करने के निर्देश दिए।



**हनुमानगढ़ बीसीएमओ डॉ. ज्योति धींगड़ा ने क्लिनिक को सीज करने की कार्रवाई की।**

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि उन्हें जंक्शन स्थित जसलोक दवाखाना के संदर्भ में सम्पर्क पोर्टल पर एक शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत प्राप्त होने के उपरांत स्वास्थ्य विभाग की टीम को जसलोक दवाखाना पर उपस्थित व्यक्ति ने बताया कि उसका नाम महेश कुमार झोजत है और वहीं दवाखाना का संचालन कर रहा है। दवाखाना के निरीक्षण में किसी भी प्रकार की एलोपैथी दवाई नहीं पाई गई। वहां पर केवल नाम मात्र आयुर्वेदिक दवाइयां एवं उसके खाली रेपर एवं बॉक्स पाए गए। संचालक द्वारा कुर्सी-मेज लगाकर क्लिनिक की तरह सजावट की गई थी। निरीक्षण दल ने जसलोक दवाखाना को तुरंत प्रभाव से बंद करवाया और संचालक को निर्देश दिए कि पर्याप्त दस्तावेज होने के बाद ही दवाखाना का संचालन किया जाए।

डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से चल रहे अस्पताल एवं अवैध चिकित्सकीय कार्य कर रहे लोगों पर चिकित्सा विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे और बहू ने वृद्ध पिता को घर से निकाला

■ **अन्य रिश्तेदारों और दूसरे बेटे को भी घर में नहीं आने दे रहे हैं**

**डीडवाना,** (निसं)। जिस मां-बाप ने बुढ़ापे की लाठी समझकर बेटे को पाल पोस कर बड़ा किया उसी बेटे ने बुढ़ापे में लाठी बनने की बजाय पिता को वृद्धावस्था में मारपीट कर घर के बाहर निकाल दिया। जिसकी वजह से वृद्ध पिता अब दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। यह कहानी है बुजुर्ग हेमराज की।



**डीडवाना एसडीएम जीतू कुलहरी के सामने न्याय की मांग करता वृद्ध।**

जिसने मात्र 9 साल की उम्र में ही मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार को पालना शुरू किया। बड़ा हुआ तो परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के लिए अपनी पूरी जवानी मेहनत मजदूरी में निकाल दी। अपनी कमाई से ही परिवार के लिए गांव में जमीन लेकर खुद की कमाई से मकान बनवाया। 4 पुत्र थे लेकिन दो की अकाल मृत्यु हो गई। अब दो बेटे हैं लेकिन बुढ़ापा अपनी कमाई से बनाए मकान में निकालने की ख्वाहिश से बेटे के पास रहने की चाह की तो बेटे बहु ने घर के बिजली पानी के कनेक्शन कटवा दिए यहां पर भी बेटे बहु की सितम कम नहीं हुए बल्कि बुजुर्ग पिता को मारपीट कर घर से बेघर कर दिया और खुद ही मकान पर कब्जा कर बैठ गए। अब ना तो बेटे-बहु बुजुर्ग को घर में आने दे रहे हैं और ना ही अन्य रिश्तेदारों और दूसरे बेटे को घर में आने दे रहे हैं। मजबूरन बुजुर्ग हेमराज को अब बेटी के घर में आश्रय लेना पड़ रहा है। मारपीट और घर से निकलने के बाद बुजुर्ग हेमराज ने पुलिस को भी इसकी शिकायत की लेकिन पुलिस ने भी केवल एप्लीकेशन लेकर इतिश्री कर ली। तीन साल से दर दर की ठोकरें खा रहे बुजुर्ग ने बुधवार को डीडवाना उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी के सामने अपनी पीड़ा रखकर न्याय की मांग की। उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी ने बुजुर्ग हेमराज की पीड़ा सुनकर उनको न्याय का आश्वासन दिया वहीं इस मामले में मौलासर थाना पुलिस को भी जांच कर त्वरित रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं।

# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का पावटा आगमन पर स्वागत

■ **'एमएसपी पर सरकार ने कानून नहीं बनाया तो मैं आंदोलन में कूदूंगा और पूरा देश घूमूंगा'**

**पावटा,** (निसं)। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने वाले व पश्चिमी बंगाल, गोवा व मेघालय के पूर्व राज्यपाल चौधरी सत्यपाल मलिक के बुधवार को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका आगमन पर महेश सारण के नेतृत्व में युवाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

युवा नेता रामकरण राठी ने बताया कि मलिक का दिल्ली से जयपुर जाते वक्त पावटा कस्बे में नवोदय कट पर जनप्रतिनिधियों, युवाओं, ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। राज्यपाल पद से कार्यकाल पूर्ण होने के बाद वे पुन: किसान राजनीति की ओर अपने कदम बढ़ा रहे हैं। इसी क्रम में उनका राजस्थान दौरा प्रस्तावित है। वहीं उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं मां के पेट से गवर्नर पैदा नहीं हुआ, मैं तो लडते -झगडते इस पद तक पहुंचा हूं। अगर एमएसपी पर सरकार ने कानून नहीं बनाया तो मैं पूरी ताकत से आंदोलन में कूदूंगा और पूरा देश घूमूंगा। उन्होंने देशभर के किसानों को साथ लेकर बडा आंदोलन व एमएसपी का हक दिलाने की आवाज को बुलंद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मेरे पास कुछ नहीं है, इसलिए पंगा ले सकता हूं। देश की संपत्तियों पर कब्जा जमाने वालों के खिलाफ किसानों को भी एकजुट होना होगा। इसके साथ ही महिला शिक्षा को बढावा देने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में महेश सारण, विनोद पांछुडाला, रामकरण राठी, धीरज सारण, मनीष यादव, मनोज, गजराज, रोहित शर्मा, बलकेश चौधरी, प्रदीप बाज्या, पिंटू बाज्या, कैलाश जाट, विक्रम, अनिल यादव, रामसिह, महेश राठी, अनिल ओला, वेदप्रकाश, सरजीत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



**पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में राज्यपाल मलिक का युवाओं ने स्वागत किया।**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 17 नवम्बर, 2022**

मार्गशीष मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, मघा नक्षत्र रात्रि 9:20 तक, ऐन्द्रयन योग रात्रि 1:23 तक, कौलव करण प्रात: 7:57 तक, चन्द्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-वृष, बुध-वृश्चिक, गुरू-मीन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज अष्टमी तिथि में वृद्धि हुई है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:12 तक, चर 10:52 से 12:12 तक, लाभ-अमृत 12:12 से 2:52 तक, शुभ 4:11 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:52, सूर्यास्त 5:32

**मेष**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन व्यथित हो सकता है। आवश्यक और महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

**वृष**
परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कर्क**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी और आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**सिंह**
घर-परिवार कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन प्राप्त होगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी और व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी और व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी।

# भारत जोड़ो यात्रा और सरदारशहर उपचुनाव से पहले राजस्थान का नया प्रभारी बनाएं : माकन

## 25 सितंबर को आलाकमान के खिलाफ चुनौती पेश करने वाले नेताओं को भारत जोड़ो यात्रा की जिम्मेदारी देने से नाखुश माकन ने खड़गे को पत्र भेजकर प्रभारी पद छोड़ने की इच्छा जताई

**जयपुर,** (का.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अजय माकन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखे पत्र में राजस्थान का प्रभारी पद छोड़ने की बात लिखते हुए कह दिया है कि राजस्थान में आने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव से पहले नए प्रभारी को जिम्मेदारी दे दी जाए। उनका पत्र अचानक वायरल हुआ, जिसमें सबसे बड़ा कारण यही निकल कर आया कि अनुशासनहीनता करने वाले नेताओं पर कार्यवाही करना तो दूर, उन्हें तो राजस्थान में राहुल गांधी की यात्रा की जिम्मेदारी दी जा रही है। माकन की ओर से उठाए गए इस अप्रत्याशित कदम के बाद राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के प्रवेश से पहले कुछ बड़े फैसलों की उम्मीद जाग गई है।

दरअसल बात वही 25 सितंबर से शुरू होती है, जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समर्थक विधायकों ने कांग्रेस आलाकमान को सीधे चुनौती दी और उनकी ओर से भेजे गए पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे जो कि अब खुद पार्टी आलाकमान बन चुके हैं और राजस्थान के प्रभारी अजय माकन की ओर से बुलाई गई विधायक दल की बैठक का बहिष्कार किया। इसके बाद समानांतर विधायक दल की बैठक बुलाई गई, बल्कि वहां से आलाकमान को अपनी इच्छा पूर्ति नहीं होने की स्थिति में धमकी भरे बयान भी जारी किए गए। हालांकि इसके बाद तीन नेताओं शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ को कारण बताओ नोटिस तो जारी किए गए, लेकिन करीब दो महीने के बावजूद किसी नेता पर पार्टी ने कोई कार्यवाही नहीं की।

दरअसल कार्यवाही पहले तो कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के चलते नहीं हुई, लेकिन अब जब कांग्रेस अध्यक्ष का निर्वाचन हो चुका है, इसके बावजूद अनुशासनहीनता के मामले में आरोपी नेताओं पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं हुई है। यहां भी इंतजार किया जा सकता है, लेकिन जो नेता अनुशासनहीनता के मामले में कटघरे में है, उन धर्मेंद्र राठौड़ को राजस्थान कांग्रेस की ओर से ना सिर्फ राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की अनौपचारिक रूप से जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, बल्कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तो उन्हें अपने साथ लेकर राहुल गांधी से मिलने जाते हैं। यानी कि जिन नेताओं पर कार्यवाही होनी हो, उन्हें भारत जोड़ो यात्रा में आगे करके कार्यवाही से बचाने का काम शुरू हो गया। यही सबसे बड़ा कारण रहा कि राजस्थान के प्रभारी पद पर काम करने से अजय माकन ने अनिच्छा जता दी।

- **माकन के इस कदम से इस्तीफा देने वाले विधायकों और अनुशासनहीनता करने वाले नेताओं पर जल्द कार्यवाही का दबाव बना**
- **पायलट समर्थक सोलंकी बोले, ''माकन का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण, उनसे कार्यकर्ताओं में उत्साह जागा था''**

25 सितंबर को गहलोत समर्थक विधायकों के इस्तीफों के जरिए जहां पार्टी आलाकमान पर दबाव बनाए रखने की रणनीति काम कर रही थी, वहीं अब प्रभारी माकन की इस घोषणा के बाद दबाव तो आलाकमान पर ही है, कि वह अनुशासनहीनता करने वालों पर कार्यवाही करें, वहीं दबाव उन नेताओं पर भी आ गया है, जो कि बचाव के रास्ते ढूंढ रहे हैं। इस बीच सचिन पायलट समर्थक विधायक वेद सोलंकी ने माकन के पद छोड़ने की इच्छा जताए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। सोलंकी ने कहा कि माकन ने राजस्थान में ढाई साल में बेहतरीन काम करते हुए सभी लोगों को समायोजित किया था। उनका काम करने का तरीका भी अच्छा रहा है।

माकन हमेशा कार्यकर्ताओं की बातें सुनते थे। यही कारण था कि राजस्थान में 3000 लोगों का एडजस्टमेंट भी किया गया। माकन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उम्मीद जागी थी। सोलंकी ने कहा कि माकन का इस तरह से इस्तीफा देना और 25 सितंबर की घटना का उनके पत्र में उल्लेख मिलना बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि विधायक दल की बैठक के न होने से हमारे साथ ही कांग्रेस के कार्यकर्ता भी खासा आहत हुए थे। राजस्थान के प्रभारी अजय माकन की ओर से उठाए गए इस कदम के बाद माना जा रहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के 3 दिसंबर को राजस्थान में प्रवेश से पहले पार्टी की ओर से बड़ी कार्यवाही की जा सकती है। जिसमें विधायक दल की बैठक फिर से बुलाए जाने से लेकर कुछ नेताओं पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है।

# नाहरगढ़ की पहाड़ी से बेकाबू कार खाई में गिरी




जयपुर में नाहरगढ़ की पहाड़ी पर मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि एक स्कॉर्पियो कार बेकाबू होकर खाई में जा गिरी।

- **हादसे में फायरमैन की मौत, चार दोस्त गंभीर घायल**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में नाहरगढ़ की पहाड़ी पर मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि एक स्कॉर्पियो कार बेकाबू होकर 300 फ़ीट नीचे खाई में जा गिरी। हादसे में एक फायरमेन की मौत हो गई, जबकि उसके चार दोस्त घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह करीब 3.30 बजे नाहरगढ़ पहाड़ी पर स्कॉर्पियो कार खाई में गिरने की सूचना मिली थी। इस पर तुरंत पुलिस, एसडीआरएफ सहित सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। करीब 4 बजे रेस्क्यू शुरू हुआ। गहराई और अंधेरा अधिक होने के कारण टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। ऊंचाई से गिरने के कारण गाड़ी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई थी, जिसमें एक युवक फंसा हुआ था और बाकि 4 घायल अलग-अलग पड़े हुए थे। घायलों को टीम ने रस्सियों के सहारे सड़क तक पहुंचाया और फिर अस्पताल ले जाया गया। हादसे में जयपुर निवासी देशराज (28) की मौत हो गई। वहीं, कोटपुतली निवासी दिनेश जाट (25), विक्रम कुमावत (22), संजय जाट (30) और यतेन्द्र आर्य (35) का इलाज चल रहा है। मृतक देशराज घाटगेट फायर ऑफिस में फायरमैन की पोस्ट पर था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

कार के पीछे की सीट पर बैठे यतेन्द्र आर्य ने बताया कि वह महेश नगर में रहकर कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहा है। अपने दोस्त संजय जाट के साथ कार में नाहरगढ़ गया था। इस दौरान नीचे उतरते समय वह दिनेश को बोल रहा था कि कार को धीरे चला। इसी दौरान कार असंतुलित होकर नीचे गिर गई।

मृतक देशराज मीणा घाट गेट स्थित फायर स्टेशन पर फायरमैन का काम करता था। वह रेलवे एग्जाम की भी तैयारी कर रहा था। देशराज की बहन प्रथा एसएमएस अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ में है। सभी नाहरगढ़ घूमने के लिए देर रात को ही ऊपर पहुंचे थे। इसी दौरान गाड़ी बेकाबू हो गई।

राजस्थान कमांडेंट राज कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही जलमहल ग्रामीण पुलिस लाइन पर तैनात रेस्क्यू टीम को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। रेस्क्यू टीम को ऑपरेशन के दौरान पहला युवक 150 फीट, दो अन्य युवक 200 फीट पर मिले। एक युवक कार के पास और दूसरा अंदर था। इनमें से एक युवक का पैर कार के नीचे दबा हुआ था। रेस्क्यू टीम को कार चालक (दिनेश) बेहोशी की हालत में मिला था। जिसे टीम ने सीपीआर देकर एंबुलेंस में बिठाया। सुबह करीब 7:25 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हुआ। ब्रह्मपुरी थाना सीआई राजवीर ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर टीम के साथ क्राइम सीन पर पहुंचे। सड़क से कार बहुत कम दिख रही थी। सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम के साथ तत्काल जंगल में उतरे। सुबह तक ऑपरेशन जारी रहा। ज्ञात रहे कि नाहरगढ़ की पहाड़ी पर पहले भी हादसे हुए है। करीब 10 महीने पहले ही रात करीब 8 बजे कोहरे के दौरान एक फॉरच्यूनर गाड़ी अनियंत्रित होकर 100 फीट नीचे खाई में जा गिरी थी।

# व्यापारी ने रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

## मृतक बिजनेस पार्टनर द्वारा की गई करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी और बैंक कर्ज से परेशान था



- जयपुर में शास्त्री नगर निवासी मनमोहन सोनी ने सुसाइड से पहले मोबाइल पर वीडियो भी बनाया, जिसमें आत्महत्या का जिम्मेदार सत्यार्थ तिवाड़ी, लोकराज पारीक और एनी भारद्वाज को ठहराया।
- पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से मृतक के घर से साक्ष्य जुटाए, मोबाइल वीडियो के आधार पर जांच शुरू की।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के शास्त्री नगर में बिजनेस पार्टनर की धोखाधड़ी और कर्ज से परेशान एक व्यापारी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो सामने कारोबारी लहूलुहान पड़ा था। परिवार वाले तुरंत उसे कांवटिया हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के मोबाइल से एक वीडियो मिला है, जिसमें वह बिजनेस में धोखा, कर्ज के बोझ तले दबे होने की बात कह रहा है। उधर सुसाइड की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची एफएसएल की मदद से साक्ष्य जुटाए। कारोबारी ने खुद को जिस कमरे में गोली मारी है उसे पुलिस ने सीज किया है। वहीं पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता अरूण चतुर्वेदी और कांग्रेस नेता सीताराम अग्रवाल ने शास्त्री नगर थाने पहुंचकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

पुलिस के अनुसार मृतक मनमोहन सोनी (41) आरपीए के सामने स्वर्णकार कॉलोनी में रहता था और पानीपेच तिराहे के पास उसका डिपार्टमेंटल स्टोर है। मृतक ने बुधवार सुबह 11 बजे के आस-पास अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद के सीने में गोली मार आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में मनमोहन, पत्नी नीतू सोनी (40), बेटा यश (20), मां और छोटे भाई रोहित सोनी की पत्नी मौजूद थी।

बेटा यश हादसे के वक्त दुकान पर जाने की तैयारी कर रहा था। अचानक फायरिंग की आवाज सुनकर कमरे में गए तो सबके होश उड़ गए। उसके बाद तुरंत ही छोटे भाई रोहित को बुलाया कर मनमोहन को गाड़ी से कावटिया अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की जांच में सामने आया कि मृतक मनमोहन सोनी का पिछले कई साल से पुराना बिजनेस पार्टनर सत्यार्थ तिवाड़ी है। सत्यार्थ फाइनेंस का काम करता था। मनमोहन सोनी ने करोड़ों रुपये फाइनेंस में लगा दिए, फिर कोविड के समय पर सत्यार्थ ने पैसे देने से इन्कार कर दिया।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि पार्टनर के धोखा देने के कारण वह परेशान चल रहा था। उन्हें काफी समझाया गया था। सभी का कहना था कि कुछ दिनों में परेशानी ठीक हो जाएगी। पुलिस ने मनमोहन का मोबाइल जब्त कर लिया है। मृतक के रिश्तेदार समर सोनी ने बताया कि मनमोहन का 20 साल से सत्यार्थ तिवारी नाम का एक व्यक्ति बिजनेस पार्टनर रहा है। सत्यार्थ तिवारी फाइनेंस का काम करता है, जिसने मृतक के 7 करोड़ रुपए इन्वेस्ट करवाए। करोना काल में सत्यार्थ ने अपने हाथ खड़े कर दिए और साथ ही मृतक को उसकी राशि वापस लौटाने से साफ इनकार कर दिया। मृतक ने जब बार-बार अपनी राशि मांगी, तो सत्यार्थ ने घर बुलाकर मृतक को धमकाया। सोनी का आरोप है कि सत्यार्थ के पिता डीएसपी के पद से रिटायर हुए हैं, जिसके चलते उनके प्रभाव में शास्त्री नगर थाना पुलिस ने सत्यार्थ के खिलाफ रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की। जब मृतक ने कोर्ट के जरिए शास्त्री नगर थाने में सत्यार्थ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई, तो पुलिस ने उसमें एफआर लगा दी।

बिजनेस पार्टनर द्वारा धोखा देने और कहीं भी सुनवाई नहीं होने से आहत मनमोहन सोनी ने तकरीबन डेढ़ साल पहले भी घर पर आत्महत्या का प्रयास किया था। उस वक्त मनमोहन ने नींद की दवाई का पूरा पत्ता खा लिया था। हालांकि परिजनों की सूझबूझ के चलते उसे जल्द अस्पताल ले जाया गया और समय पर इलाज मिलने से उसकी जान बच गई। मृतक के रिश्तेदार समर सोनी ने बिजनेस पार्टनर सत्यार्थ तिवारी पर यह आरोप भी लगाए हैं कि जब मृतक ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में सिविल का केस किया तब भी उनकी सुनवाई नहीं हुई। फास्ट ट्रैक अदालत में केस होने के बावजूद भी सुनवाई करने की बजाए तारीख पर तारीख मिलती रही। जिसके चलते मृतक काफी अवसाद में रहने लगा और आज लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

आत्महत्या करने वाले किराना कारोबारी के दो बच्चे हैं, जिसमें बड़ा बेटा दुकान पर कारोबार संभालता है। वहीं छोटी बेटी स्कूल में पढ़ रही है। बेटी जब दोपहर तकरीबन 2 बजे स्कूल से घर लौटी, तो वह पापा-पापा कहते हुए घर के अंदर घुसी, लेकिन घर में मौजूद पुलिस व अपनी मां को रोता देखकर सन्न रह गई। कमरे के फर्श पर खून देख बच्ची घबरा गई और जब उसने अपनी मां से पूछा तो मां ने उसे रोते हुए सीने से लगाकर बताया कि पापा नहीं रहे, इसके बाद बेटी भी फूट-फूट कर रोने लगी।

### आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो

आत्महत्या से पहले मनमोहन ने अपने मोबाइल पर वीडियो बनाया है। जिसमें उसने बताया कि पिछले 10 दिन से आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा हूं, लेकिन हिम्मत नहीं हो रही। हो सकता है आज मेरे जिंदगी का आखिरी दिन हो। बैंकों से कर्जा हो गया और बैंक कर्जा वसूलने के लिए आए दिन फोन कर रहे है। कर्जा चुका नहीं पा रहा हूं। काफी दुखी हो गया हूं। हिम्मत टूट गई। मेरी आत्महत्या के जिम्मेदार सत्यार्थ तिवाड़ी, लोकराज पारीक और एनी भारद्वाज है। कानून इन्हें सजा दे। मेरे घरवालो को पैसा दिलवाए। पहले भी कोशिश की लेकिन आत्महत्या की हिम्मत नहीं जुटा पाया। वीडियो में सोनी ने यह भी कहा कि उनके नाम की एक एलआईसी है, जिसकी रकम परिजन को दिलवा दी जाए, ताकि घर वालों को सहायता मिल सके। मेरे मरने के बाद घर वाले परेशान नहीं हो।

# डिस्कॉम पर एक करोड़ का हर्जाना

**जयपुर।** शहर के अतिरिक्त जिला न्यायालय ने करंट से पिता और उसके सैनिक पुत्र की मौत के लिए जयपुर डिस्कॉम को जिम्मेदार ठहराते हुए उस पर ब्याज सहित करीब एक करोड़ रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही अदालत ने हर्जाना राशि पर छह फीसदी ब्याज भी अदा करने को कहा है। अदालत ने यह आदेश अर्चना कुमारी व अन्य के क्षतिपूर्ति परिवाद पर सुनवाई करते हुए।

परिवाद में अधिवक्ता महेश दत्तात्रेय ने बताया कि 29 अगस्त, 2019 को भीम सिंह और उसके पिता पांच्याराम एक अन्य के साथ मोटर साईकिल से गांव नगला बीजा से संतोकपुरा जा रहे थे। रास्ते में बाइक जैसे ही टूटे तार से गुजरी, करंट से गाड़ी के टायर जल गए और तीनों की करंट से मौत हो गई।


**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 758 दिनांक 24.08.1995 जारी कर आवास संख्या- 1/211 मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 44.000 वर्ग मीटर का हस्तान्तरण श्रीमती सज्जना देवी पत्नी श्री गोरधन सिंह के पक्ष में किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर-प्रथम में दिनांक 07.10.1995 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती सज्जना देवी पत्नी श्री गोरधन सिंह द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 10.11.1997 को उक्त आवास के संबंध में श्रीमती कान्ता पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार को मुख्त्यारनामा आम नियुक्त किया गया। तत्पश्चात मुख्त्यारनामा आम धारिका श्रीमती कान्ता पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्रीमती सुशीला देवी बंसल पत्नी स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद बंसल को कर,विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 05.03.2022 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती सुशीला देवी बंसल पत्नी स्व. श्री रामेश्वर प्रसाद बंसल के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरीये विक्रय पत्र के श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री लक्ष्मण दास को कर,विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 27.05.2022 को करवाया गया। श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री लक्ष्मण दास के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्रीमती कौशल्या पत्नी श्री लक्ष्मण दास** के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
**सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर**

**खोया पाया**

मेरा मकान संख्या 112/361 अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र कही खो गया है। मिलने पर सूचित करे। ओमप्रकाश वर्मा 9636477057

मकान सं. 262/389, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में ओरिजनल दस्तावेज अलाटमेन्ट लैटर, अदेय प्रमाण पत्र भौतिक कब्जा पत्र, OTL कही गुम हो गये है मिलने पर सम्पर्क करे। जगदीश चन्द शर्मा, मो. 8000520026

मेरे मकान 117/696 मानसरोवर, जयपुर का मुख्त्यारनामा कही खो गया है कृपया मिलने पर सम्पर्क करें-लोकेश सक्रवाल मो. 7850841960

मेरे मकान नम्बर 887 हिरण मगरी, स्कीम सेक्टर 12, उदयपुर के मूल दस्तावेज गुम हो गए हैं किसी को मिले तो सूचित करें प्रतान नगर सांगानेर, मो. नं. 9971399785, 9413343011

**नाम परिवर्तन**

मैं हिम्मत सिंह राजपूत पुत्र जगदीश सिंह ग्राम हीरावाला पोस्ट कुथाड़ा खुर्द बगराना तहसील-बस्सी, जिला जयपुर राजस्थान का रहने वाला हूँ मेरे पुत्र का नाम युगप्रताप सिंह राजपूत से बदलकर युगप्रताप सिंह पुत्र हिम्मत सिंह राजपूत हो गया है। अतः भविष्य में इसे इसी नाम से जाना जावें।

I, Sulochana Devi W/o Dulichand, resident of ward no. 7, VPO Pakka Saharana, 24 LLW-A, Hanumangarh have changed my name from Sulochana Dvi to Sulochana Devi for all future Purposes.

रजि. नं. 2387L | दिनांक-23.12.1966
**खुदाबादी सोनार को-आपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लि. जयपुर**
कार्यालय-प्लाट नं. 16, श्री कल्याण बिहार सांगानेर, जयपुर
**आम सूचना** समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष आम सभा दिनांक 02.12.2022 को समिति कार्यालय 16 श्री कल्याण बिहार सांगानेर, जयपुर पर प्रातः 11.00 बजे आयोजित की जावेगी। जिसमें बकाया ऑडिट कराने एवं ऑडिटर की नियुक्ति किये जाने का निर्णय लिया जाना है। अतः सभी सदस्य आवश्यक रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें। कोरम के अभाव में स्थगित आम सभा उसी दिनांक को उसी स्थान पर एक घंटे पश्चात् आयोजित की जावेगी।
(अध्यक्ष/मंत्री) 9784248795

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री रमेश चन्द हल्दूनियां पुत्र स्व. श्री कालूराम, जाति-धोबी, निवासी-वार्ड नम्बर 2, पुलिस थाने के पास, आमेर जिला जयपुर का छोटा पुत्र सुशील कुमार एवं उसकी पत्नि रीना देवी का व्यवहार मेरे अभिभाष्य के प्रति सही नहीं है व यह दोनों मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है तथा मेरे अभिभाष्य से आये दिन लड़ाई-झगड़ा, मारपीट आदि करते है इसलिए मेरे अभिभाष्य ने उक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है तथा अब मेरे अभिभाष्य का इन दोनों से किसी भी प्रकार का लेना-देना एवं रिश्ता नही है, इन दोनों पति-पत्नि से कोई भी लेन-देन एवं संव्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।
जयपुर | (सीताराम हल्दूनियां) एडवोकेट
दिनांक-16-11-2022 | मो.नं. 9772232511

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या- **2/404** जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल **50.24** वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं उदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 161 दिनांक 26.05.2004 श्रीमती निर्मला जैन पत्नी स्व. श्री एम.के. जैन के पक्ष में जारी किया गया। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 06.08.2004 को करवाया गया। श्रीमती निर्मला जैन की मृत्यु दिनांक 08.09.2020 को हो जाने के कारण श्री अनिल कुमार जैन पुत्र स्व. श्री महेन्द्र कुमार जैन के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र (रजिस्टर्ड) एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करदेवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- **श्री अनिल कुमार जैन पुत्र स्व. श्री महेन्द्र कुमार जैन** के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
**सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर**

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-द्वितीय**
**राजस्थान आवासन मण्डल**
अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर, दूरभाष संख्या-0141-2782772
**जाहिर आम सूचना** क्रमांक:DHC-II/2087 दिनांक:15.11.2022
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या 25/एस-12, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 20.25 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्रीमती सीमा नागपाल पत्नी श्री मुकेश नागपाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1207 दिनांक 06.02.2012 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 27.07.2012 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3373 दिनांक 31.10.2017 को श्रीमती सीमा नागपाल पत्नी श्री मुकेश नागपाल के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 10.01.2018 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती सीमा नागपाल ने यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया से ऋण राशि रू. 37.50 लाख नहीं चुकाने की अवस्था में यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया ने दिनांक 19.12.2021 को इण्डियन एक्सप्रेस समाचार पत्र में विज्ञप्ति निकालकर दिनांक 02.02.2022 को उक्त वाणिज्यिक भूखण्ड को नीलाम किया गया। जिसको श्रीमती चंचल कुमारी अग्रवाल पत्नी श्री आलोक गुप्ता द्वारा क्रय कर दिनांक 20.04.2022 को पंजीयन यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया गया। श्रीमती चंचल कुमारी अग्रवाल पत्नी श्री आलोक गुप्ता के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्रीमती चंचल कुमारी अग्रवाल पत्नी श्री आलोक गुप्ता के पक्ष में उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
**सम्पदा प्रबंधक वृत द्वितीय, जयपुर**

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत द्वितीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id : dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक : DHC-II/2100 **जाहिर आम सूचना** दिनांक : 16-11-2022
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा 15 प्रतिशत विकसित भूखण्ड संख्या- **52/190**, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री महेन्द सिंह पुत्र श्री पृथ्वी राज को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1060 दिनांक 05.04.2000 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 07.04.2000 को प्राप्त कर लिया गया था। श्री महेन्द सिंह द्वारा श्री चन्द प्रकाश सौंथलिया पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण सौंथलिया को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त कर दिया गया। मुख्त्यारनामा आम धारक श्री चन्द प्रकाश सौंथलिया के द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्रीमती कृष्णा सिंघल पत्नी श्री राजेन्द कुमार सिंघल को कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के विक्रय प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 20.09.2000 को करवाया गया। तत्पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 307 दिनांक 02.06.2014 के द्वारा श्रीमती कृष्णा सिंघल पत्नि श्री राजेन्द कुमार सिंघल के नाम हस्तांतरण कर दिया गया। श्रीमती कृष्णा सिंघल की मृत्यु दिनांक 17.07.2017 को हो जाने के कारण इनके पति श्री राजेन्द कुमार सिंघल पुत्र श्री श्याम स्वरूप अग्रवाल ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग पत्र प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक **श्री राजेन्द्र कुमार सिंघल पुत्र श्री श्याम स्वरूप अग्रवाल** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। **सम्पदा प्रबंधक- वृत द्वितीय, जयपुर**

**सम्पत्ति-क्रय-विक्रय**

इंद्रागांधीनगर/मालवीयनगर/सिद्धार्थ नगर/प्रतापनगर, (JLN-रोड/ रिंगरोड़), जगतपुरा/मॉडलटाउन आसपास सभी हाउसिंगबोर्ड कॉलोनी, सेक्टर-रेजिडेंशियल/कमर्शियल/एग्रीकल्चर/इण्डस्ट्रियल/ हॉस्पिटल/इन्स्टीट्यूशन्स/ फार्महाउसेस/रिसोर्ट, लेण्डस -(बेचने-खरीदने) हेतुः-भावना एंटरप्राइजेज, रियलिटी चेम्बरः-7599912345

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**



# न्याय के लिए पैदल ही परिवार सहित जयपुर रवाना हुई दुष्कर्म पीड़िता

## आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर महिला तीन महीने से पुलिस के चक्कर लगा रही थी

**बीकानेर,** (कासं)। महिला अत्याचार के मामलों में पुलिस का बड़ा कारनामा सामने आया है। दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर महिला तीन महीने से पुलिस के चक्कर लगाती रही। अंत में न्याय के लिए वह पैदल ही परिवार सहित जयपुर रवाना हो गई। मामला मुख्यालय तक पहुंचा तो पुलिस ने आरोपी को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

दरअसल मामला लूणकरणसर थाने का है। किस्तूरिया गांव की एक विधवा महिला के साथ उसी के भतीजे ने दुष्कर्म कर डाला। पीड़िता ने 27 अगस्त को थाने में भतीजे के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी पक्ष पीड़िता को धमकाने लगे । महिला ने थाने में शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर 27 सितंबर को वह परिवार सहित कलेक्ट्रेट पर धरने पर बैठ गई और भूख हड़ताल शुरू कर दी। दस दिन बाद आरोपी को पकड़ने का आश्वासन मिलने पर उसने अनशन तोड़ दिया।

फिर भी आरोपी नहीं पकड़ा गया तो महिला ने एसपी और आईजी से गुहार लगाई। यहां न्याय ना मिलते देख सामाजिक कार्यकर्ता शारदा राव के नेतृत्व में उसने परिवार सहित जयपुर कूच कर दिया। महिला 11 नवंबर को रवाना हुई थी। सीकर पहुंचने पर उसे आरोपी पोकरराम की गिरफ्तारी का मैसेज मिला। शारदा राव ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को शांति भंग करने के आरोप में पकड़ कर खानापूर्ति की है। राव का कहना है कि आरोपी रसूख वाले होने के कारण पुलिस दबाव में है। दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने का मामला मानवाधिकार आयोग तक जा पहुंचा है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से लेकर आयोग तक गुहार लगाई थी। उसके बाद आयोग ने फाइल तलब कर ली। एसएचओ चंद्र सिंह ने बताया कि फाइल आने पर आगे की कार्रवाई होगी। आरोपी को 151 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- **जांच में दो एस.एच.ओ ने जुर्म प्रमाणित किया, पैदल जयपुर रवाना होने पर पुलिस ने शांति भंग में पकड़ा**
- **आरोपी रसूख वाले होने के कारण पुलिस दबाव में है : शारदा राव**

दुष्कर्म के मामले की जांच में एसएचओ लूणकरणसर चंद्रसिंह भाटी और कालू एसएचओ सुरेश कुमार मील ने जांच में दुष्कर्म प्रमाणित तो माना लेकिन आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। वह फरार हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता शारदा राव ने बताया कि आरोपी और उसके साथियों की गिरफ्तारी को लेकर जब आईजी से मिलने गए तो आरोपी पक्ष के लोग पहले से ही उनके पास बैठे थे। रसूख वाले होने के कारण पुलिस दबाव में रही। उधर गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी हाई कोर्ट गए बताए।

दुष्कर्म के मामलों को लेकर लूणकरणसर पुलिस की ढिलाई का एक ओर मामला सामने आया है। दलित नाबालिग लड़की से गैंग रेप के आरोपी एक महीने बाद भी नहीं पकड़े गए हैं। इसे लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पुलिस महानिदेशक और एसपी को नोटिस जारी कर रिपोर्ट तलब की है।

घटना आठ अक्टूबर की है। छोटा मलकीसर में रात करीब 12 बजे तीन लोग एक नाबालिग लड़की को घर से अगवा कर ले गए और उसके साथ गैंग रेप किया। घटना का मुकदमा नौ अक्टूबर को पुलिस थाने में दर्ज हुआ। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़ित पक्ष ने एसपी के समक्ष गुहार लगाई। फिर भी कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को परिवाद भेजा। याचिकाकर्ता अमन खान के अनुसार आयोग ने उचित कार्रवाई के लिए डीजीपी को नोटिस भेजा है। राज्य के शीर्ष अधिकारियों व पुलिस अधीक्षक से चार सप्ताह में रिपोर्ट तलब की है। इस मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग को भी कार्रवाई के लिए लिखा है।

योगेश यादव, एसपी का कहना है कि दुष्कर्म के मामले की जांच दो बार कराई है। फाइल आयोग में भेजी हुई है। उसके आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी पकड़ा जा चुका है।

# गेहूं गबन के मामले में जयपुर से पहुंची जांच टीम

## दस्तावेज खंगाले, एसडीएम कार्यालय में राशन डिपो संचालकों से की पूछताछ

**सूरतगढ़,** (निसं)। क्षेत्र में गेहूं गबन के मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग की जयपुर से पहुंची टीम ने उपखंड कार्यालय में निलंबित चल रहे राशन वितरण डीलरों को बुलवाकर उनके दस्तावेजों की जांच की। टीम में शामिल अधिकारियों ने उचित मूल्य दुकानदारों से उपभोक्ताओं के बकाया गेहूं का वितरण किया या नहीं इस बारे में भी पूछताछ की।

जिसमें अधिकांश दुकानदारों द्वारा गेहूं का वितरण नहीं किए जाने की बात सामने आई। वहीं टीम ने अतिरिक्त चार्ज वाले दुकानदारों से भी राशन सामग्री के वितरण को लेकर उनसे फीडबैक लिया। इसकी जांच रिपोर्ट टीम खाद्य सुरक्षा अधिकारी को आगामी कार्रवाई के लिए सौंपेगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्र के 31 उचित मूल्य दुकानदारों द्वारा करीब 1800 क्विंटल गेहूं का उपभोक्ताओं को वितरण ना करके गबन कर लिया था। इसके बाद रसद विभाग की टीम ने जांच में दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित कर उनके नजदीकी उचित मूल्य दुकानदारों को इनकी राशन सामग्री को बांटने के लिए अधिकृत किया था। जांच टीम में सुरक्षा खाद्य सुरक्षा विभाग की उपायुक्त अलका मीणा, सतर्कता विभाग के शशि शेखर, ईआई हेमंत कुमार, सहायक उपायुक्त रामचरण मीणा और राजेंद्र कुमार शामिल रहे। जिन्होंने निलंबित उचित मूल्य दुकानदारों को एसडीएम कार्यालय में बुलाकर उनके दस्तावेजों को खंगालते हुए जांच की।

- **टीम ने उपभोक्ताओं को गेहूं का वितरण किया या नहीं इस बारे में भी पूछताछ की**
- **रसद विभाग की टीम ने जांच में दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित किए**

# मालपुरा में सरकारी जमीन व भूखण्डों पर हो रहे कब्जे



शहर की इन्द्रा कॉलोनी में कब्जे की शिकायत पर तहसीलदार ने मौका निरीक्षण किया।

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा नगरपालिका में बीते छह माह से चल रहे अध्यक्ष व ईओ बदलने के खेल का फायदा उठाते हुए बीते दिनों भाजपा पार्षद द्वारा पांच दिन पहले इन्द्रा कॉलोनी वार्ड नम्बर 31 में रात के अंधेरे में दो भूखण्डों पर कब्जे का प्रयास कॉलोनीवासियों की सजगता से विफल होने तथा तहसीलदार द्वारा जांच रिपोर्ट एसडीएम को सौंपे जाने का मामला सामने आया है।

मामले के अनुसार नगरपालिका पार्षद बाबूलाल नावरिया द्वारा बीते दिनों इन्द्रा कॉलोनी वार्ड नम्बर 31 में रिक्त पड़े भूखण्ड संख्या 219 व 220 पर कब्जे की नीयत से रात के अंधेरे में बालू मिट्टी के डम्पर डाले जाने के दौरान कॉलोनी वासियों व वार्ड पार्षद लोकेश बाडोलिया द्वारा विरोध कर मामले की शिकायत एसडीएम रामकुमार वर्मा को की। जिसपर एसडीएम ने तत्काल तहसीलदार सहदेव मंडा, नायब तहसीलदार व राजस्व मंडल एवं नगरपालिका टीम को मौके पर भेज मौका रिपोर्ट देने के निर्देशो के बाद तहसीलदार मंडा की अगुवाही में पुलिस जाप्ते के साथ पहुंची टीम ने बाबूलाल नावरिया को मौके पर दस्तावेज लेकर बुलाया लेकिन नावरिया ने मोबाईल बंद कर लिया।

- **भाजपा पार्षद ने रात के अंधेरे में दो भूखंडों पर कब्जा करने का प्रयास किया**
- **तहसीलदार ने एस.डी.एम. को सौंपी रिपोर्ट**

राजस्व विभाग के पास मौजूद सिटी सर्वे सीट व अन्य दस्तावेजों के आधार पर पड़ताल की तो दोनों भूखण्ड पालिका के होना सामने आने की जानकारी मिली है। तहसीलदार ने मामले की मौका रिपोर्ट बना एसडीएम रामकुमार वर्मा को सौंपी।

नगरपालिका में बार-बार अध्यक्ष व ईओ बदलने तथा कर्मचारियों के तबादलों के चलते भूमाफिया पालिका की रिक्त पड़ी करोड़ों रूपयों की बेसकिमती जमीन व भूखण्डों पर कच्चे-पक्के निर्माण करने अथवा निर्माण सामग्री डाल कब्जा करने का खेल युद्ध स्तर पर चल रहा है।

## सरदारशहर उप चुनाव में भाजपा के 40 नेता उतरेंगे

**जयपुर,** (कासं)। सरदारशहर के उप चुनाव की बिसात बिछ चुकी है। अब दोनों ही पार्टियां प्रचार में जुटेगी। भाजपा ने उप चुनाव के लिए उन 40 नेताओं की सूची जारी की है। ये नेता भाजपा प्रत्याशी अशोक पिंचा के पक्ष में प्रचार करेंगे।

पार्टी की ओर जारी सूची में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां के साथ नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया और उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के नाम भी शामिल हैं। इनके अलावा प्रदेश प्रभार अरुण सिंह, सह प्रभारी विजया राहटकर, वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश माथुर,

- **पूर्व सीएम वसुंधरा, प्रदेशाध्यक्ष पूनिया, नेता प्रतिपक्ष कटारिया और उपनेता प्रतिपक्ष राठौड़ के नाम शामिल**

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, किरोड़ी लाल मीणा, राजेंद्र गहलोत, सांसद कनकमल कटारा, सीपी जोशी, नरेंद्र खींचड़, राहुल कस्वां, दीया कुमारी, राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, विधायक कैलाश मेघवाल, मदन दिलावर, भजन लाल शर्मा, मुकेश दाधीच, माधोराम चौधरी, पंकज गुप्ता, हिमांशु शर्मा, अलका मूंदड़ा, पूर्व विधायक प्रभुलाल सैनी, धर्मवीर पुजारी, रामगोपाल सुथार, रामसिंह कस्वां, अभिनेष महर्षि, बिहारीलाल विश्नोई, बलवीर लूथरा, निर्मल कुमावत, हरलाल सारण और मोहन मोरवाल को भी प्रचार सूची में शामिल किया गया है।

# 28.80 लाख की अवैध शराब बरामद, वाहन जप्त

## जोधपुर आबकारी विभाग की कार्यवाही

**जोधपुर,** (कासं)। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, जोन जोधपुर व जिला आबकारी अधिकारी, जोधपुर के निर्देशानुसार आबकारी निरोधक दल के आबकारी अधिकारी पोमाराम रोहिण एवं सहायक आबकारी अधिकारी हुकमसिंह सोढ़ा के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में काफी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई।

यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त आयुक्त आबकारी, जोधपुर जोन रामचन्द्र गरवा ने बताया कि मुखबीर खास की सूचना पर देवाराम चौधरी प्रभारी आबकारी थाना जोधपुर शहर मय जाप्ता की टीम द्वारा करवड़ पुलिया के पास नागौर-जोधपुर हाईवे रोड़ पर नाकाबन्दी की गई। इसी दौरान अवैध शराब से भरे एक भारी वाहन 12 चक्का ट्रक वहां से गुजरा ।उसे रोक कर तलाशी ली गई।

ट्रक के के बॉडी पार्टीशन में भरे कुल 400 कागज कार्टूनों में 4200 बोतल व 2400 पव्वे मेकडॉवल्स, नं. 1 व्हिस्की अवैध अंठोजी फोर सेल इन पंजाब राज्य की भरी बरामद हुई। इस पर अवैध शराब के परिवहन में प्रयुक्त एक वाहन को जप्त किया गया। इस जब्त ट्रक का ड्राईवर ट्रक को खड़ा छोड़ अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया जिसकी तलाश जारी है। पकड़ी गई अवैध शराब की अनुमानित कीमत 28 लाख 80 हजार रुपये है।

- **ट्रक के बॉडी पार्टीशन से पुलिस ने पंजाब निर्मित शराब बरामद की**

## खारी गांव उपद्रव : ग्रामीण डांगियावास थाने के सामने धरने पर बैठे

**जोधपुर,** (कासं)। डांगियावास के खारी गांव में मंगलवार की सुबह हुए बजरी लीज होल्डर एवं ग्रामीणों के तनाव के बीच पुलिस बल तैनात है। इधर आज सुबह ग्रामीणों ने डांगियावास थाने के सामने धरना दिया। दोपहर तक कोई माइनिंग अफसर या अन्य अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा। यह लोग ज्ञापन और अन्य मांगों को लेकर धरना देकर बैठे हैं। पुलिस ने मंगलवार को हुए घटनाक्रम

- **पुलिस बल तैनात, अब तक 18 लोग शांति भंग में गिरफ्तार**

में 18 लोगों को अब तक शांति भंग में पकड़ा है। मगर उनकी गिरफ्तारी नहीं बताई है। दोपहर बाद में उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। इधर पुलिस ने सजगता के तौर पर पहरा दे रखा है। हालांकि आज कोई अनहोनी सामने नहीं आई है। रात को भी पुलिस बल तैनात रहा।

डांगियावास थानाधिकारी कन्हैयालाल ने बताया कि खारी गांव में मंगलवार की सुबह बजरी लीज होल्डर एवं ग्रामीणों में तनातनी के बाद बवाल हुआ था। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने पुलिस थाने के सामने 500 मीटर की दूरी बने पर वीर तेजाजी मंदिर की चबूतरी पर धरना दिया है। एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात है। माइनिंग अफसरों के आने पर उन्हें ज्ञापन दिए जाने के साथ ग्रामीण कुछ मांगे पर रखे हुए हैं ताकि फिर से गांव में बवाल ना हो।

# पी.डब्ल्यु.डी. लेखाधिकारी के तीन ठिकानों पर एसीबी की कार्रवाई

**कोटपूतली,** (निसं)। एसीबी की इंटेलिजेंस इकाई द्वारा विकसित सूचना पर बुधवार को विभिन्न टीमों ने कोटपूतली के पीडब्ल्यूडी कार्यलय में कार्यरत लेखाधिकारी महिपाल सिंह के जयपुर व कोटपूतली सहित तीन ठिकानों पर छापेमार कार्यवाही की गई है।

जिसमें आरोपी लेखाधिकारी के मकान से वैध आय से लगभग 200 प्रतिशत अधिक परिसंपत्तियों का खुलासा हुआ है। भ्रष्टाचार निरोद्धक ब्यूरो के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय द्वारा खण्डिए लेखाधिकारी सार्वजनिक निर्माण विभाग कोटपूतली महिपाल सिंह के खिलाफ सत्यपान किया जाकर आय से अधिक परिसंपत्तियां अर्जित करने का मामला पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी जयपुर ग्रामीण आहद खान के नेतृत्व में ब्यूरो कि जयपुर ग्रामीण नगर तृतीय एवं इंटेलिजेंस यूनिट के सहयोग से टीमों का गठन किया गया।



आरोपी लेखाधिकारी महिपाल के ठिकानों पर एसीबी ने कार्रवाई की।

उक्त टीमों ने अल सुबह आरोपी के तीन अलग-अलग ठिकानों पर तलाशी कि कार्यवाही की। अब तक मिले दस्तावेजों के मुताबिक आरोपी महिपाल सिंह द्वारा करीब 2.63 करोड़ कि परिसंपत्तियां अर्जित करने का अनुमान है। जो उसकी वैध आय से करीब 200 प्रतिशत अधिक है। आरोपी द्वारा अपनी अवैध आय को जयपुर, कोटपूतली में आवासीय, व्यावसायिक भू-खण्डों, फ्लैटों एवं म्यूचवल खण्ड, इंश्योरेंस आदि में निवेश करना मालूम चला है। आरोपी के जयपुर स्थित मकान से 10 लाख 23 हजार 40 रुपए की नकदी, एक किलो सोने के बिस्किट, 372 ग्राम सोने के आभूषण, 2 लग्जरी वाहन सहित भारी मात्रा में चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज मिले हैं।

- **वैध आय से करीब 200 प्रतिशत अधिक संपत्तियों का खुलासा**
- **आरोपी के आवास व अन्य ठिकानों पर तलाश जारी**

आरोपी के कोटपूतली स्थित कार्यालय एवं आवास कि तलाशी में 2 स्टोन क्रेशर, खनन लीज के दस्तावेज एवं एक बैंक में लोकर होने का भी पता चला है। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन के निर्देशन में एसीबी की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। जिसमें और अधिक परिसंपत्तियों का पता चलने कि संभावना है। आरोपी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का पीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# कांग्रेस, बीजेपी किसानों की दुश्मन: अमराराम

**सरदारशहर,** (निसं)। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी ने सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र के उप चुनाव में उम्मीदवार खडा किया है। सीपीआईएम से सांवरमल मेघवाल ने पर्चा दाखिल किया। किसान मजदूर भवन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव पूर्व विधायक कॉमरेड अमराराम ने कहा कि कांग्रेस व बीजेपी किसानों और नोजवानों की दुश्मन है। सीपीआईएम ने कर्जा माफी, बिजली, बीमा क्लेम की सफल लडाई लड के किसानों को राहत दी। इस चुनाव में माकपा के पक्ष में वोट करके कांग्रेस और बीजेपी से बदला लेना है।

सीपीआईएम के राज्य सचिव छगनलाल चौधरी ने बताया कि किसान और मजदूरों की लडाई को ओर मजबूत करने के लिये माकपा को वोट देने की अपील की। जिला सचिव निर्मल प्रजापत ने बताया कि इस मंहगाई के दौर में जिस कदर शिक्षा को बेचा जा रहा है वो बर्दास्त नही किया जाएगा। माकपा के राज्य कमेटी सदस्य आबिद हुसैन ने कहा कि पूंजीपतियों की पार्टियों को हराना है। माकपा के प्रत्याशी सांवरमल मेघवाल ने बताया कि पार्टी ने मुझे विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया पूर्ण विश्वास के साथ पार्टी के निर्णय पर खरा उतरते हुए आंदोलन को ओर मजबूत करेंगे। किसान मजदूर भवन से दोपहर 1 बजे रैली के रूप में मुख्य बाजार होते हुए उपखण्ड कार्यालय पहुंचे।

- **माकपा ने किया नामांकन दाखिल**

# मेवात के साइबर ठगों पर भरतपुर पुलिस ने डाली नकेल

## पुलिस ने 58 हजार से अधिक सिम कार्ड एवं करीब 69 हजार मोबाइल फोन बंद कराए

**भरतपुर,** (निसं)। जिले में एसपी श्याम सिंह के निर्देशन में साइबर सैल द्वारा कार्रवाई की गई । जिले के मेवात क्षेत्र में साइबर अपराधियों द्वारा साइबर अपराध में प्रयुक्त दूसरे प्रदेश विशेषकर असम, उडीसा एवं पश्चिम बंगाल राज्य से फर्जी दस्तावेजों पर एक्टिवेट 58991 मोबाईल फोन सिम कार्ड एवं इनमें प्रयुक्त 69599 मोबाईल फोन आईएमईआई नम्बरों को गत अक्टूबर माह तक बंद कराया गया है।

जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करते हुये अब तक 31 प्रकरण दर्ज कर 43 मुलजिमों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया। साइबर अपराधियों के विरूद्ध इन प्रकरणों में 63 मोबाइल फोन मय फर्जी सिम कार्ड के अतिरिक्त साइबर अपराधों में प्रयुक्त अन्य प्रदेशों की 195 फर्जी सिम कार्ड, 22 फर्जी एटीएम/क्रेडिट कार्ड, बैंक चैक बुक, पैन कार्ड, दो बोलेरो गाडी, 5 बाईक एवं साईबर ठगों द्वारा विभिन्न शिकायत कर्ताओं के ठगे गये 203400 रूपये जप्त किये गये है।

जिला भरतपुर में वर्ष 2022 में अब तक साईबर अपराधों के सम्बंध में अनुसंधान हेतु करीब 150 से अधिक बार विभिन्न राज्यों एवं जिलों की पुलिस टीमें जिला भरतपुर में साईबर अपराध अनुसंधान के सम्बन्ध में आई जिनको जिला पुलिस द्वारा एवं स्थानीय थाना पुलिस द्वारा अनुसंधान में अपेक्षित सहयोग प्रदान कर 58 प्रकरणों में मुलजिमों को गिरफ्तार कर अन्य राज्यों एवं जिलों की पुलिस को सुपुर्द किया गया। अन्य राज्यों एवं जिलों से आने वाली पुलिस टीमों द्वारा 12 बार स्थानीय पुलिस को सूचित किये बिना सीधे कार्रवाई की गई। स्थानीय पुलिस को सूचित किये बिना सीधे अन्य राज्यों/जिलों की पुलिस टीम द्वारा की गई कार्रवाई में ठाामीणों द्वारा अभियुक्तों को छुडाने एवं पुलिस टीम के साथ पथराव करने जैसी 02 घटनायें इस वर्ष हुई है। जिनमें स्थानीय पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर 8 मुलजिमों को गिरफ्तार किया गया है।

इसके अतिरिक्त जिला पुलिस द्वारा साईबर अपराधों की त्वरित रोकथाम व आमजन की सहायतार्थ पर प्राप्त साईबर अपराध संबंधी शिकायतों में त्वरित कार्यवाही करते हुये अब तक कुल 30 लाख 4 हजार 794 रूपये विभिन्न शिकायत कर्ताओं के बचाये गये है। जिनमें से 14 लाख 43 हजार 63 रुपये विभिन्न शिकायतकर्ताओं को वापस प्राप्त हो चुके है। शेष होल्ड रकम को वापस सॉर्स अकाउण्ट में रिवर्ट कराने की प्रक्रिया अनवरत जारी है।

## अग्निवीर सेना भर्ती में 40 हजार युवा पहुंचे

**कोटा,** (निसं)। जिला मुख्यालय के महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में आयोजित अग्निवीर सेना भर्ती रैली में प्रदेशभर के 73 हजार 855 युवाओं ने पंजीयन कराया था। 15 दिवसीय रैली में भाग लेने के लिए लगभग 40 हजार युवा विभिन्न दिवसों में कोटा पहुंचे।

निदेशक सेना भर्ती कोटा कर्नल जायफ के जोसफ ने बताया कि पहली बार आयोजित सेना अग्निवीर भर्ती रैली में युवाओं ने उत्साह से भाग लिया। 29 हजार युवाओं ने विभिन्न दिवसों पर दौड़ में भाग लिया गया। रैली के सभी आयोजन सेना, जिला प्रशासन, पुलिस एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से सफल रहे। बुधवार को रैली में 775 उम्मीदवार दौड़े-सेना भर्ती कार्यालय कोटा के द्वारा महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में चल रही सेना भर्ती में बुधवार को दो जिलों के 16 तहसीलों के 775 उम्मीदवार दौड़े। निदेशक सेना भर्ती कार्यालय ने बताया कि बांसवाड़ा जिले की घाटोल, गढ़ी, बांसवाड़ा, बागीदौरा, कुशलगढ़, आनंदपुर, गांगड़तलाई, छोटी सरवन, आबापुरा, गनोड़ा एवं सज्जनगढ़ तहसीलों के उम्मीदवार दौड़े। इसी प्रकार प्रतापगढ़ जिले की धरियावद, पीपलखूंट, छोटीसादड़ी, प्रतापगढ़ एवं अरनोद तहसीलों के उम्मीदवार दौड़े।

# 'राजस्थान में बेरोजगार युवकों के साथ बार-बार हो रहा छलावा'

## गेस्ट फैकल्टी के लिए हजारों बेरोजगारों ने बड़ी दौड़-भाग के साथ आवेदन किए लेकिन राज्य सरकार ने रोक लगा दी

**चाकसू,** (निसं)। कांग्रेस पार्टी द्वारा गुजरात में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में बेरोज़गारी का मुद्दा एवं संविदा पर हो रही नियुक्तियां बंद करने का मामला जोर शोर से उठाया जा रहा है। राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं भारत जोडो यात्रा पर निकले राहुल गांधी इस विषय को प्रमुखता से ले रहे हैं। लेकिन उनके द्वारा संचालित राजस्थान की सरकार में बेरोज़गारी के मामले में युवाओं के भविष्य के साथ किस तरह खिलवाड़ करती आ रही है इसका ज्वलंत उदाहरण शिक्षा विभाग द्वारा विद्या संबल योजना में एन वक्त पर शिक्षा निदेशक द्वारा अपरिहार्य कारण बताते हुए गेस्ट फैकल्टी योजना पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा देना है ।

उल्लेखनीय है कि विद्या संबल योजना में राज्य के स्कूलों में चल रहे रिक्त पदों पर अस्थाई भर्ती के लिए गेस्ट फैकल्टी पर भर्ती के लिए हजारों की संख्या में शिक्षित बेरोजगारों ने बड़ी दौड-भाग के साथ आवेदन किए। एक एक पद के लिए बड़ी संख्या में आवेदन किए, मूल दस्तावेज जांच एवं 19 नवम्बर को ज्वाइन करने की तिथि के पहले ही शिक्षा विभाग ने बेरोजगारों की आशाओं पर पानी फेर दिया।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिलाध्यक्ष रामावतार शर्मा, महावीर प्रसाद गुप्ता एवं शिक्षक नेता रामस्वरूप गुर्जर ने बताया कि राजस्थान के युवाओं के साथ यह छलावा पहली बार नहीं हो रहा है ।

इसी प्रकार कोरोना महामारी के दौरान लोगों के जीवन की रक्षा के लिए निविदा पर सभी जिलों में हजारों की संख्या में कोविड स्वास्थ्य सहायकों की भर्ती की गई। लोगों को घर घर जाकर कोरोना की डोज लगाने में राजस्थान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया लेकिन दुर्भाग्य उन कोविड चिकित्सा सहायकों को छह महीनों तक जम कर काम लेने के बाद एक आदेश से बाहर कर दिया गया। 28 से 30 हजार चिकित्सा सहायक अपनी नियुक्ति के लिए राजधानी में लम्बा संघर्ष कर के निराश हो गए है। आश्वासनों के अलावा कुछ नहीं मिल रहा।

- **इसी प्रकार कोरोना महामारी के दौरान लगाये गये कोविड स्वास्थ्य सहायकों को एक आदेश से बाहर कर दिया**

चुनाव के समय कांग्रेस सरकार ने संविदाकर्मियों को नियमितीकरण का भरपूर आश्वासन दे कर समर्थन प्राप्त कर लिया, लेकिन सरकार अपना कार्यकाल पूरा करने जा रही है, संविदाकर्मियों को उनका हक नहीं मिला। एक लाख से अधिक संविदाकर्मियों को उनके साथ न्याय होने का इंतजार है। सरकार का कहना है कि संविदाकर्मियों को राजस्थान कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स,2022 के दायरे में लिया जाएगा।

इसके अनुसार संविदा कर्मी पांच साल तक काम करने पर भी स्क्रीनिंग के बाद ही नियमित हो पाएंगे। प्रश्न यह उठ रहा है कि जिसने दस साल तक संविदा पर सेवाएं दे दी है, उसके लिए भी दरवाजे बंद है क्या?

# ऋषि कॉलोनी में व्यावसायिक पट्टे नहीं देगा जेडीए प्रशासन, नक्शा जारी किया

## जेडीसी रवि जैन ने नियमन कैंप को लेकर जोन-1 की उपायुक्त अंजू वर्मा से रिपोर्ट मांगी

**जयपुर** (कासं)। टोंक रोड पर गांधीनगर स्टेशन के पास स्थित ऋषि कॉलोनी के नियमन पर उपजे विवाद के बाद जेडीए ने यहां व्यावसायिक पट्टे रोक दिये हैं। नियमन कैंप में फिलहाल यहां आवासीय पट्टे ही जारी किये जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक 24 प्लॉट्स वाली इस कॉलोनी में करीब 70 फीसदी क्षेत्र में होटल, शोरूम, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, कोचिंग सेंटर और दुकानें खुली हुई है। ऐसे में अगर व्यावसायिक उपयोग वाले प्लॉट्स का आवासीय नियमन होता है तो राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान होगा। जैसे ही यह खबर अखबार में छपी तो बुधवार सुबह जेडीए में हड़कंप मच गया।

जेडीए कमिश्नर रवि जैन ने जोन-1 की उपायुक्त अंजू वर्मा से रिपोर्ट मांग ली। इसके बाद उपायुक्त ने 24 प्लॉट्स वाली इस कॉलोनी में 12 व्यावसायिक पट्टे रोक दिये हैं। जोन उपायुक्त अंजू वर्मा ने कहा कि जेडीए इस कॉलोनी में सिर्फ आवासीय पट्टे ही जारी करेगा।

- **इसके बाद बैकफुट पर आई उपायुक्त अंजू वर्मा ने 24 प्लॉट्स वाली इस कॉलोनी में 12 व्यावसायिक पट्टे देने से साफ मना कर दिया है।**
- **सूत्रों की मानें तो जेडीए ने ऋषि कॉलोनी का नक्शा तो मंगलवार शाम को स्वीकृत कर दिया, लेकिन कई खामियां छोड़ दी। स्वीकृत नक्शे में व्यावसायिक भूखंडों को गैर अनुमोदित नहीं दर्शाया गया है, ऐसे में भविष्य में इन भूखंड़ मालिकों के द्वारा आवासीय पट्टा लेने की संभावना बनी हुई है।**
- **बताया जा रहा है कि इस कॉलोनी में जाने के लिए टोंक रोड और गांधीनगर स्टेशन की तरफ से दो रास्ते है। इनमें टोंक रोड वाला रास्ता 10 फीट का ही है, जबकि नियमानुसार मौके पर 30 फीट से कम रास्ते में आ रहे भूखंडों को नियमित नहीं किया जा सकता।**

उधर जेडीए के अधिकारियों ने ऋषि कॉलोनी का नक्शा मंगलवार देर शाम जारी तो कर दिया, लेकिन उसमें कई खामियां छोड़ी थी। नक्शे में कॉलोनी की वास्तविक स्थिति नहीं दर्शायी गई है। जेडीए आयुक्त रवि जैन ने मामले की जानकारी लगते ही बुधवा सुबह जोन उपायुक्त से इस मामले की रिपोर्ट मांगी है।

सूत्रों की मानें तो जेडीए द्वारा स्वीकृत नक्शे में ऋषि कॉलोनी में चल रहे व्यावसायिक भूखंड़ों को गैर अनुमोदित नहीं दर्शाया गया है, जिससे भविष्य में इन भूखंड़ मालिकों के द्वारा आवासीय पट्टा लेने की संभावना बनी हुई है। इस कॉलोनी में जाने के लिए टोंक रोड और गांधीनगर स्टेशन की तरफ से दो रास्ते है। इनमें टोंक रोड वाला रास्ता 10 फीट का ही है, जबकि नियमानुसार मौके पर 30 फीट से कम रास्ते में आ रहे भूखंडों को नियमित नहीं किया जा सकता।

उधर इस पूरे प्रकरण में जोन-1 की उपायुक्त अंजू वर्मा ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान में पट्टे ने, नियमन शिविर लगाने के सरकार के निर्देश है। ऋषि कॉलोनी के मामले में व्यावसायिक पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं। टोंक रोड और गांधीनगर स्टेशन की तरफ किसी भी व्यावसायिक गतिविधि चलाने वाले भूखंडधारियों को पट्टे नहीं दिए जाएंगे। इस कॉलोनी की विकास समिति की ओर से दी गई सूची बाकायदा समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई है, उसके बाद किसी ने भी कोई आपत्ति नहीं जताई थी। अब सिर्फ आवासीय भूखंड मालिकों को ही पट्टे जारी किए जाएंगे।

## 'शपथ पत्र झूठे तो चुनाव अधिकारी पर भी कार्रवाई'

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में चुनावों के दौरान झूठे शपथ पत्रों की शिकायतों के मद्दॄदेनजर राज्य चुनाव आयोग ने बडा फैसला किया है। आयोग ने तय किया है कि यदि पंचायत-नगर पालिका चुनावों में चुनाव लडने वाला प्रत्याशी गलत शपथ पत्र देता है और उसे स्वीकार कर लिया जाता है तो चुनाव अधिकारी पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा कि आयोग ऐसे निर्वाचन अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई करेगा, जो उम्मीदवारों के झूठे शपथ पत्र की जांच करने में विफल रहते है। गुप्ता ने कहा कि आयोग पंचायत व नगरपालिका चुनावों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पादित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग निर्वाचन नियमों की सख्त पालना सुनिश्चित कर चुनावों में ऐसे उम्मीदवारो का निर्वाचन रोकेगा, जो झूठे शपथ देते है। आयुक्त ने बताया कि आयोग उम्मीदवारों द्वारा संतान संबंधी, आपराधिक पृष्ठभूमि व संपत्ति के संबंध में दिए गए झूठे शपथ पत्रों पर कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अधिकारी की प्रमुख जिम्मेदारी है कि वे शपथ पत्रों की गहन जांच करें।

## विधि विश्वविद्यालय का शिलान्यास

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को बगरू के दहमींकला में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय परिसर का शिलान्यास किया। गहलोत ने कहा कि 387 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले इस विधि विश्वविद्यालय की नींव रखा जाना प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। वर्षों पहले देखा गया सपना आज साकार हो रहा है। समारोह में उन्होंने कहा कि कानून की नजर में सभी समान हैं तथा सबको न्याय पाने का समान अधिकार है। समानता का यह बुनियादी अधिकार भारतीय संविधान ने हम सबको दिया है, जिससे लोकतंत्र की जड़े मजबूत हुई है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना से राज्य सरकार का प्रदेश में सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था तथा सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने का उद्देश्य पूरा हो सकेगा।

## सौम्या गुर्जर ने जवाब देने के लिए 30 दिन का समय मांगा

### ग्रेटर मेयर ने डीएलबी मुख्यालय पहुंचकर स्वायत्त शासन निदेशक को ज्ञापन सौंपा

**जयपुर** (कासं)। महापौर सौम्या गुर्जर ने राज्य सरकार की ओर से दिए गए बर्खास्तगी आदेश का जवाब देने के लिए एक महीने का समय मांगा है। इस मांग को लेकर सौम्या गुर्जर बुधवार शाम स्वायत्त शासन विभाग (डीएलबी) दफ्तर पहुंची और निदेशक ह्रदेश कुमार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञात रहे कि पूर्व नगर निगम आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव के सज्ञथ हुए विवाद की न्यायिक जांच में दोषी मानते हुए राज्य सरकार ने सौम्या गुर्जर को जवाब देने के लिए 18 नवंबर तक का समय दिया है। बुधवार को सौम्या गुर्जर ने ज्ञापन सौंपकर कहा कि हाईकोर्ट ने मेरी रिट पिटिशन का निस्तारण करते हुए 10 नवंबर को आदेश दिया था। कोर्ट ने विमला व्यास के निर्णय में नोटिस प्राप्ति से 30 दिन का समय दिए जाने का आदेश दिया गया है। सरकार ने खुद इस निर्णय के अनुसरण में ही मुझे पद से हटाने व अयोग्य घोषित करने का पुराने आदेश को विड्रॉ करने का कथन किया है। इसलिए जवाब देने के लिए 30 दिन का समय दिया जाए।

## पेयजल सप्लाई के लिए राशि मंजूर

**जयपुर** । जयपुर शहर के पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्रों विशेषकर कच्ची बस्तियों, घनी आबादी वाले एवं टेल एण्ड के क्षेत्रों में टैंकरों से पेयजल परिवहन के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने 3 करोड़ 21 लाख रूपए मंजूर किए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड) की वित्त समिति की बैठक में इसकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। जयपुर शहर के चित्रकूट, विद्याधर नगर, मुरलीपुरा, झोटवाड़ा में पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों, शास्त्री नगर, सांगानेर, हसनपुरा, जवाहर नगर, बास बदनपुरा, तोपखाना हजूरी, मंडी खटीकान एवं इदगाह क्षेत्र की कच्ची बस्तियों एवं खो-नागोरियान क्षेत्र में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

## स्ट्रीट डॉग्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत

**जयपुर** (कासं)। स्ट्रीट डॉग्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का एक्टिविस्ट मरियम अबू हेदेरी ने स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बैंच ने फैसले सुनाया था कि "अगर पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को खाना खिलाना चाहते है तो पहले उन्हे अडॉप्ट करे और उनका नगर निगम में रजिस्ट्रेशन करवाए। साथ ही यह भी कहा था कि अगर कोई स्ट्रीट डॉग्स को खाना देते हुए पकड़ा गया तो उससे 200 रुपये जुर्माना वसूला जायेगा।"

अबू हेदेरी ने बताया कि एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ़ इंडिया ने इस अदालती फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने पशु प्रेमियों के पक्ष में फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत के जस्टिस संजीव खन्ना ने नागपुर हाईकोर्ट के फैसले को नकारते हुए कहा कि " न तो कोई पशु को खाना खिलाने पर रोक लगवा सकता है, और न ही फीडर्स को एडॉप्शन के लिए मजबूर किया जा सकता है। स्ट्रीट डॉग्स को कोई शेल्टर में भी बंद नहीं कर सकते।" सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर खुशी जताते हुए एनिमल एक्टिविस्ट मरियम ने कहा कि "सहअस्तित्व ही आवारा पशुओं के साथ जीने का एकमात्र तरीका है। भारत का सर्वोच्च न्यायालय सभी जानवरों और उनकी देखभाल करने वालों के लिए आशा की किरण है। हमें उम्मीद है कि अन्य राज्य भी इससे कुछ सीखेंगे और समझेंगे कि सभी जीवों के अधिकारों को बनाए रखने की नीति होनी चाहिए।"

## महापौर सौम्या ने किया सफाई का निरीक्षण



**जयपुर** (कासं)। जयपुर शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए ग्रेटर नगर निगम महापौर सौम्या गुर्जर लगातार सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रही हैं। महापौर ने बुधवार को वार्ड 104, 105 व 111 का दौरा किया। इस दौरान वार्ड 105 के 26 सफाई कर्मचारियों में से केवल 3 मौके पर उपस्थित मिले। कार्य में कोताही बरतने पर इन वार्डों के स्वास्थ्य निरीक्षक को ताराचंद को महापौर ने निलंबित भी कर दिया। साथ ही अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## राजाधोक टोल प्लाजा पर एक किलो से ज्यादा अफीम सहित 3 तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर**। ड्रग-विरोधी अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने जयपुर में राजाधोक टोल प्लाजा पर एक ट्रेलर को पकड़कर उसकी तलाशी में करीब एक किलो तीन सौ ग्राम अफीम के 95 पैकेट बरामद किए हैं। मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। हाल के दिनों सीबीएन की ओर से की गई यह कार्रवाई सबसे बड़ी है।

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिली थी कि राजस्थान नम्बर से पंजीकृत अशोक लीलैंड कंपनी का ट्रेलर भारी मात्रा में अवैध अफीम को नोर्थ-ईस्ट से ले जा रहा है। इस पर सूचना पर सीबीएन नीमच से अधिकारियों की टीमों का गठन किया गया। ब्यूरो की अीम ने संदिग्ध मार्ग पर निगरानी की गई। इस दौरान मंगलवार को जयपुर-आगरा राजमार्ग स्थित राजधोक टोल प्लाजा पर ट्रेलर को रुकवाकर उसी तलाशी ली गई।

चालक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि ट्रेलर के अंदर अफीम छुपा कर रखी गई है। सुरक्षा कारण ब्यूरो की टीम ने ट्रेलर को अपने कार्यालय ले जाने लगी। इस दौरान ट्रेलर में सवार तस्करों ने सरकारी वाहन से टक्कर मार कर भागने की कोशिश की। टक्कर से सरकारी वाहन और ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बहादुरी और सूझबूझ से आरोपियों के भागने के प्रयास को नाकाम कर दिया। इसके बाद ट्रेलर को ब्यूरो के कार्यालय पर लाकर उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान उसमें 102.910 किलोग्राम अफीम के कुल 95 पैकेट बरामद हुए। ब्यूरों के अधिकारियों ने अफीम व ट्रेलर को जब्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

- **केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के अधिकारियों ने जयपुर में ट्रेलर को रुकवाकर उसकी तलाशी ली**
- **तस्करों ने सरकारी वाहनों को टक्कर मारकर भागने की कोशिश की**

## तीरंदाजी खेल मैदान का लोकार्पण

**जयपुर**। मुख्यमंत्री ने राजस्थान विवि. में बुधवार को लगभग 12 करोड़ रूपये की लागत से तैयार नवनिर्मित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तकालय भवन व 23.32 लाख रु. की लागत से बने तीरंदाजी खेल मैदान का लोकार्पण किया। परिसर में 13.22 लाख की लागत से स्थापित अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी किया।

## प्रदेश में 42 नए करोना संक्रमित मिले बुधवार को

**जयपुर**। प्रदेश में बुधवार को 42 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं 45 मरीज ठीक भी हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 226 रह गए हैं। राहत की बात यह है कि राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में बुधवार को 12 जिलों में 42 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को 14 रोगी पाए गए थे। आज राज्य में सर्वाधिक 19 नए मरीज जयपुर में मिले। इसके अलावा बीकानेर में 4, अजमेर, सीकर व सिरोही में 3-3, डूंगरपुर, अलवर व जोधपुर में 2-2 तथा हनुमानगढ़, कोटा, प्रतापगढ़ और पाली में एक-एक नया संक्रमित मिला। इस बीच राज्य में 5374 जांचे की गई है।

प्रदेश में बुधवार को 45 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 226 हो गए हैं। इस बीच राजधानी जयपुर में केवल 12 मरीज रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 74 हो गए हैं। प्रदेश में बुधवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक इस बीमारी से 9649 लोगों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 16 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें बस्सी में 2 तथा आदर्श नगर, आमेर, चांदपोल, गोविंद नगर, जगतपुरा, जवाहर नगर, जमवारामगढ़, कालवाड़, खातीपुरा, पुरानी बस्ती, रामगंज, सांगानेर, सिरसी और सोड़ाला में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 3 संक्रमितों का पता गलत मिला है।

## छात्रा से दुष्कर्म

**जयपुर**। जवाहर सर्किल इलाके में एक टीचर द्वारा होटल में छात्रा की अस्मत लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार रामनगरिया इलाके निवासी 17 वर्षीया पीड़िता फर्स्ट ईयर की छात्रा है, जिसे पूर्व में राहुल ने स्कूल में पढ़ाया हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि पढ़ाई में मदद का झांसा देकर राहुल पूर्व में उसके साथ दुष्कर्म कर चुका है। वह होटल में ठहरा हुआ था। 15 नवंबर को भी छात्रा को बुला कर दुष्कर्म किया।

# 'बीकानेर में 200 करोड़ की सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा'

- **'बच्छासर रोड पर 92 बीघा भूमि पर भूमाफियाओं ने धर्मकांटा व कोठियां बनाई : महेन्द्र भाकर**
- **भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष महेन्द्र भाकर ने आरोप लगाया कि "सीएमओ में शिकायत के बाद नाल थाने में मामला भी दर्ज हुआ; लेकिन पुलिस-प्रशासन जांच के नाम पर चुप्पी साधे बैठे"**

**जयपुर** (कासं)। बीकानेर में बच्छासर रोड पर करमीसर गांव में 200 करोड़ रुपये की 92 बीघा सरकारी जमीन से भूमाफियाओं का कब्जा हटवाने के लिए ग्रामीणों ने संभागीय आयुक्त और आईजीपी तक गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। थक-हारकर लोगों ने मुख्यमंत्री के विजिलेंस सेल में शिकायत भेजी तो इस प्रकरण में मुकदमा तो दर्ज हो गया, लेकिन अब तक पुलिस जांच के नाम पर नतीजा शून्य है। यह आरोप राजस्थान जाट महासभा के प्रदेश महासचिव व भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बीकानेर संभाग अध्यक्ष महेंद्र भाकर ने लगाये हैं। उन्होंने बीकानेर संभागीय आयुक्त के जरिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। भाकर ने बताया कि बच्छासर रोड, करमीसर में उपनिवेशन खसरा-169 जिसका राजस्व खसरा 88/60 बनता है। इस पर 23 अक्टूबर-2022 की रिपोर्ट पटवारी के अनुसार यह साढे 92 बीघा भूमि अराजीराज (सरकारी जमीन) है। करीब 200 करोड़ रुपए की इस भूमि पर राजनैतिक संरक्षण में लगातार बड़े-बड़े कब्जे हो रहे हैं। भूमाफिया अपने-अपने हिसाब से फर्जी एग्रीमेंट बनाकर जमीन पर कब्जा करने में जुटे है। पिछले एक महीने में अनेकों शिकायतें करने पर भी प्रशासन मौन है। पुलिस आती है, पटवारी निरीक्षण करते हैं, लेकिन एसडीएम, भूमिधारक तहसीलदार और कलेक्टर चुप्पी साधे बैठे है।

महेन्द्र भाकर ने बताया कि मुख्यमंत्री के विजिलेंस सैल को ई-मेल से शिकायत भेजने पर नाल थाना पुलिस ने गत 4 नवंबर को मुकदमा नं.-0178/22 तो दर्ज कर लिया, लेकिन पुलिस अधिकारी जांच करने के बजाय चुप्पी साधे बैठे है। उधर संभागीय आयुक्त के निर्देश पर नाल पुलिस ने धारा-145 के तहत एसडीएम कोर्ट में इस्तगासा दायर किया, जिस पर केवल कुर्की के नोटिस जारी करके खानापूर्ति कर दी गई है। इतना सब होने के बावजूद माफिया लगातार कब्जे कर रहा है। यहां तक कि इस भूमि पर धर्मकांटा तक लगाया जा रहा है। पटवारी रिपोर्ट में सरकारी जमीन स्पष्ट होने के बावजूद भी भूमाफियाओं का कब्जा नहीं हटाया जाना ताज्जुब का विषय है। राजस्थान जाट महासभा इस मामले को उच्च स्तर पर उठायेगी। इसके लिए संगठन का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री व स्वायत शासन मंत्री से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपेगा।

## राहुल गांधी की यात्रा हर प्रदेश में सफल रहेगी : डॉ. दामोदर गुर्जर



**हरभाँवता आश्रम के पीठीधीश बालकानंद महाराज और देवनारायण बोर्ड के सदस्य दामोदर गुर्जर ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया।**

**जयपुर** । देवनारायण बोर्ड के सदस्य डॉ. दामोदर गुर्जर ने कहा कि संघर्ष से हीं जीवन में बदलाव आया है अपने अंदर की प्रतिभा को जगाएं और आगे बढ़े। वे मुख्य अतिथि बतौर प्रतिभावन सम्मान समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में हरभाँवता आश्रम के पीठीधीश बालकानंद महाराज ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में बालिकाएं अपनी प्रतिभा के दम पर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है। डॉ. गुर्जर ने कहा कि एमबीसी वर्ग की शेष रही मांगो को पूरा करवाने के लिए वे सीएम से वार्ता करेंगे। गुर्जर नेता विजय बैंसला द्वारा राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के विरोध करने की बात पर कहा कि ऐसा कुछ नहीं है, राहुल गांधी की यात्रा हर प्रदेश में सफल रहेगी, गुर्जर समाज से अपील है कि यात्रा को सफल बनाएं।

## सार-समाचार

### गीतकार कल्याण सिंह राजावत नहीं रहे



**जयपुर** । राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ गीतकार कल्याण सिंह राजावत का आज बुधवार को निधन हो गया। 83 वर्षीय कल्याण सिंह राजावत लम्बे समय से बीमार थे। राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के सर्वोच्च "सूर्यमल्ल मीसण पुरस्कार" से सम्मानित राजावत की अब तक परभाती, मिमझर, कुण-कुण नै बिलमासी, रामतिया मत तोड व ल्यो सारो आकाश सम्हाळो सहित अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं । वे साहित्यिक संस्था मित्र परिषद के संस्थापक-अध्यक्ष सहित प्रदेश की अनेक साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थाओं से भी जुडे रहे। देशभर में कवि सम्मेलनों के प्रमुख स्वर रहे कल्याण सिंह राजावत की राजस्थानी कविता बागां बिच बेलडी की काव्य मंचों पर बहुत धूम रही।

### स्वर संवाद करेंगे पंडित सलिल भट्ट



**जयपुर**। शहर की शुभ विचार संस्था की ओर से 19 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम में तंत्री सम्राट पं. सलिल भट्ट सनातन सात्विक स्वर संवाद का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। ये कार्यक्रम मालवीय नगर स्थित आर्च अकादमी के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। संस्थापक जीतेन्द्र शर्मा के अनुसार सात्विक वीणा के रचयिता कनाडियन ग्रौमी नॉमिनी पं. सलिल भट्ट का यह अनूठा संवाद आज के श्रोताओं और विद्यार्थियों तथा आज की वर्तमान पीढी के लिए, देश के युवाओं को प्राचीन भारत की सनातन संस्कृति से परिचित कराएगा। सलिल का यह कार्यक्रम श्री राम के जन्म, जीवन, परिवार, पूर्वजों और श्रीराम के वंशजों के बारे में रोचक और ज्ञानवर्धक तथ्य श्रोताओं तक पहुंचने में सहायक होगा। उल्लेखनीय है कि पंडित सलिल भट्ट ने सनातन संस्कृति को देशवासियों में पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है। इस मौके पर सलिल संवाद के अलावा अपना सात्विक वीणा वादन का कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। शास्त्रीय गायक पंडित गौतम काले उनके साथ गायन तथा पंडित हिमांशु महंत तबले पर संगत करेंगे।

### जेजेएस एग्जीबिटर्स की बैठक

**जयपुर** । जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के लिए होटल मैरियट में एक्जिबिटर्स मीट का आयोजन किया गया। ज्वैलर्स में जबरदस्त का उत्साह दिखा, जिसका अंदाजा एग्जीबिटर्स मीट में उनकी उपस्थिति से लगाया जा सकता था। इस वर्ष की थीम एमरल्ड... टाइमलेस एलिगेंस है। यह मेगा ज्वैलरी इवेंट इस वर्ष 23 से 26 दिसंबर तक जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा में आयोजित होने वाला है। मीट में 300 से अधिक एग्जीबिटर्स ने भाग लिया। इस मौके पर जेजेएस के चेयरमैन, विमल चंद सुराणा ने कहा कि जेजेएस अपनी पूरी भव्यता के साथ दिसंबर में आयोजित किया जाएगा। दिसंबर शो में भाग लेने के लिए एग्जीबिटर्स से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। जेजेएस ने 20 साल की अपनी यात्रा में उल्लेखनीय ऊंचाईयां हासिल की है और इस वर्ष जेजेएस 2022 में 900बूथ होंगे। उन्होंने कहा यह एग्जीबिटर्स, विजिटर्स, विक्रेताओं और जेजेएस आयोजन समिति के सहयोग और प्रयासों से संभव हो पाया है। जेजेएस के सेक्रेटरी, राजीव जैन ने एक विस्तृत पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कार्यक्रम का लेआउट और साथ ही एग्जीबिटर्स को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ट्रान्सपोर्टेशन, ज्वैलरी का ट्रांसिट, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जेजेएस में विशेष पिंक क्लब रहेगा, जो कि एक नई बी2बी पहल है। जेजेएस के प्रवक्ता, अजय काला ने एग्जीबिटर्स का स्वागत किया और कहा कि जेजेएस ब्रांड की लोकप्रियता के कारण, रिपीट एग्जीबिटर्स बड़ी संख्या में आ रहे हैं।

### डीबीएल ट्रॉफी व टी-शर्ट लॉंच

**जयपुर** (कासं)। पेटीएम डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग (डी.बी.एल.) का चतुर्थ संस्करण 18 नंवबर से 27 नवंबर तक स्पोफिट अकादमी में होगा। लीग के चेयरमैन डॉ. अनिल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता की ट्रॉफी एवं टी शर्ट अनवारण महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एन्ड टेक्नोलॉजी के चेयरपर्सन डॉ. विकास स्वर्णकार ने किया। इस मौके पर लीग चेयरमैन डॉ. अनिल यादव, लीग को-चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज डॉ. रजत, डॉ. मनीष, डॉ. बुद्धिप्रकाश, डॉ. सत्यपाल, डॉ. दिलीप गुप्ता, डॉ. सुधांशु, डॉ. विकास और डॉ. निखिल मारवाह मौजूद रहे। डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि इस बार लीग में दबंग और मलंग जोड़ी प्रतियोगिता भी होगी। लीग के सचिव डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि प्रथम बार डीबीएल ट्रायो चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। वर्ग में सोलह टीमें भाग लेंगी। जयपुर व जयपुर के बाहर के लगभग 400 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगे।

### रीको व आईआईएम उदयपुर में एमओयू

**जयपुर** । शिक्षा, पर्यटन और स्वास्थ्य के बाद जयपुर अब फिनटेक के क्षेत्र में भी बडे शहरों को टक्कर देगा। टोंक रोड स्थित फिनटेक पार्क में बडी कंपनियां ज्यादा से ज्यादा रूचि दिखाएं और उन्हें यहां प्रशिक्षित कर्मचारियों की कमी ना हों, इसके लिए रीको ने हाल ही आईआईएम उदयपुर से एमओयू किया है। रीको ने आईआईएम उदयपुर को 'डवलपमेंट ऑफ स्किल्स फॉर फिनटेक पार्क' के लिए नॉलेज पार्टनर बनाया है। एमआइयू पर रीको लिमिटेड के प्रबंध निदशक शिव प्रसाद नकाते और आईआईएम उदयपुर के निदेशक प्रो. अषोक बनर्जी ने हस्ताक्षर किए, जिसके अन्तर्गत फिनटेक कंपनियों के कर्मचारियों को इस क्षेत्र से संबंधित व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर रीको के प्रबंध निदेशक शिव प्रसाद नकाते ने बताया कि फिनटेक पार्क में आने वाली कंपनियों को प्रशिक्षित युवाओं की कमी ना हो, ऐसा रीको का प्रयास है। आईआईएम उदयपुर फिनटेक संबंधी ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम तैयार करेगा, जिससे कंपनियां अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षित करवा पाएगी और राज्य में एक टैलेंट पूल तैयार होगा। इससे बडी कंपनियां जयपुर की ओर आकर्षित होंगी और यहां रोजगार बढेंगे। इसके अतिरिक्त रीको के अधिकारियों को भी आईआईएम उदयपुर से कैपेसिटी बिल्डिंग पर प्रशिक्षण देने की तैयारी है।

### रोडवेज श्रमिकों की रैली आज

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे की ओर से गुरूवार को जयपुर में प्रदेश स्तरीय हल्ला बोल रैली निकाली जायेगी। प्रदेश संयोजक एम.एल.यादव ने बताया कि "रोडवेज बचाओ-रोजगार बचाओ" आंदोलन के छठवें चरण में 21 सूत्रीय मांगों को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। जयपुर पुलिस आयुक्तालय से रैली की अनुमति प्राप्त हो चुकी है। रैली गुरूवार सुबह 11.30 बजे सिंधी कैम्प बस स्टैंड से रवाना होकर वनस्थली मार्ग, शहीद स्मारक, गवर्नमेंट प्रेस, चौमू हाउस सर्किल से हीरा पथ होते हुए रोडवेज मुख्यालय के पास पुरानी केंद्रीय कार्यशाला के सामने पुराने डिपो तक पहुंचेगी। जहां दोपहर 2:30 बजे तक आमसभा में रोडवेज यूनियन से जुड़े नेता अपनी बात रखेंगे।

### डॉ.अनन्त शर्मा सदस्य नियुक्त

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्य सरकार ने आदेश जारी कर देश के प्रमुख उपभोक्ता आंदोलनकारी एवं केन्स के अध्यक्ष डॉ.अनन्त शर्मा को राजस्थान खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया है। प्राधिकरण का गठन राजस्थान सरकार की मुख्य सचिव की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधान के अंतर्गत किया गया है। उन्होंने उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि के तौर पर प्राधिकरण में सम्मिलित किया गया है।

### कृष्ण नगर से बुजुर्ग लापता

**जयपुर** (कासं)। गोपालपुरा बाइपास क्षेत्र में त्रिवेणी नगर के नजदीक कृष्ण नगर से मंगलवार सुबह 60 वर्षीय सुआलाल सैनी बुजुर्ग लापता हो गए। परिजनों ने उन्हें पहले तो अपने स्तर पर तलाश किया, जब कोई सुराग नहीं लगा तो पुलिस थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज करवाई। बुजुर्ग के लापता होने के बाद से परिवार में सभी लोग दु:खी है, उन्होंने सूचना देने वाले व्यक्ति को इनाम देने तक की घोषणा कर दी है।



## World Prematurity Day

World Prematurity Day calls attention to the special issues facing infants born prematurely, celebrates the development and growth of older babies and children who were born prematurely, and is a great day to support members of your community who work with new-borns or premature infants, or are parents adjusting with a prematurely born infant.A full-term pregnancy lasts between 37 and 42 weeks, and "prematurity" describes when a baby is born earlier than 37 weeks (gestational time). Prematurely born infants face many health issues.



#TRADITION

# 'TIS the Season of Cake Mixings

Come November and there are a host of cake mixing ceremonies taking place in the city's hotels and cafes. This year, a new trend of non-alcoholic cake mixings also surfaced to include children in the process.


Cake Mixing Ceremony at Crowne Plaza.


Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

With the dazzling lights and sparkling decorations all over, Jaipur's Diwali has always been much talked about. However, the Pink City has been witnessing a new celebratory trend in the last few years. Even before the Diwali festivities come to an end, it is time to ring in the Christmas season. And nothing says Christmas better than a slice of the rich and delicious Christmas cake. Come November and there are a host of cake mixing ceremonies taking place in the city's hotels and cafes.

### What's it all about?

Cake mixing is an age-old tradition where large quantities of dry fruits, nuts, grains and spices are combined together to form a mixture. This mixture is then soaked in alcoholic blends for some days to let them soak all the flavours and aroma. Lastly, it is divided into smaller batches which go into the cake batter, from which the Christmas plum cakes are finally baked.

### A 15 feet long table for mixing

This year, the cake mixing kicked off with Hotel Holiday Inn's cake mixing ceremony. Adorned in red and white décor themed Christmas, the ambience was set at the hotel lobby for the annual Cake Mixing Ceremony.

The guests donned aprons, gloves, and Santa caps, and gathered around the 15 feet long table to prepare the fruit mixture for the Christmas cake. A wide array of fruits, like raisins, glazed red cherries, orange peel, tutti frutti, black currants, dates, figs, dried apricots, and prunes, were added in with nuts and flavourful spices. The mixing reached a spirited level as the guests poured the choicest of spirits into the fruit mixture. The kitchen staff of the Hotel then topped it up with golden syrup, molasses, honey, and vanilla essence.

The Executive Chef of the hotel, Raj Kumar said that Cake Mixing Ceremony is a ritual which hails from Europe, wherein the mixture is emptied into large containers and stored for days before Christmas with occasional stirring in between.

### Non-alcoholic cake mixings

A new trend that was observed in cake mixings this year was that of non-alcoholic cake mixings. Due to the use of alcohol in cake mixings, children are unable to partake in this festive activity. City's popular food consultants, Cauldron Sisters, organized a non-alcoholic cake-mixing ceremony for the children in the Bagadia Bhavan situated cafe Quyu's Taproom. "I do a non-alcoholic cake mixing for my 9 year old son every year but this time I thought of involving other children also in this activity. The children came with their mothers and loved mixing dried fruits and berries with juices", says Ratika Bhargava of Cauldron Sisters.

Hotel Clarks Amer's popular 24x7 cafe, Zolocrust also organized a non-alcoholic cake mixing this year keeping in mind the hotel's ethos of sustainability and healthy living.

### Larger than life culinary spread

Adding a gastronomic edge to their cake mixing, Hotel Crowne Plaza blew away the attendees with their larger than life culinary spread. From a host of salads to high tea snacks like rolls, puffas and tartines, the hotel also served delights like chicken satay and paneer tikka. Wholesome meals like kadhi pakoda, dal makhani and chulhe ka shikaar with steamed rice were served in kulhads. Not to forget, desserts like Black forest roulade, Coconut lamingtons, Rose and almond choux buns, Classic chocolate mini éclairs, you name it and they had it!


Team of Jaipur Marriott at the Cake Mixing Ceremony at the poolside of the hotel.

### Cocktails and Canapés

The string of cake mixings concluded with a lively poolside ceremony replete with cocktails, canapés and live music at Hotel Jaipur Marriott. On the occasion, General Manager of the hotel, Rahul Maini said that over the years, cake mixing has become something of a ritual and is an occasion one looks forward to. The ceremony also had a unique set-up with juices and cherries for children.


Guests participate in the Cake Mixing Ceremony at Holiday Inn.

There is an urgent need for parents to spend more time with children, to understand their world, to upgrade their own knowledge and understanding of the new world is critical if they want to retain connection with their children. Simply paying bills is not sufficient. Remember that once kids get disconnected from you, to get them back is progressively more difficult. If they don't see you as role models, they will find others that you will not even know about, and those others will teach them things that would make your hair go white overnight if you knew what that was. Don't let it come to that.


Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*



# The End Of The World Is Not Here... (...2)

#LIFE

We live in a world where we seem to be surrounded by bad news. That leads to us feeling stressed, depressed, threatened, and hopeless about the future. Many people seem to feel that we are living at the end of times, and in a world and society that is terrible to live in. If you feel this way, believe me, you are not alone. However, the problem with this feeling is that firstly it is not true. Secondly, if you feel this way, then it debilitates you and takes away your initiative to do anything. It drains your energy, sabotages your ambition, and increases your anxiety to potentially dangerous levels.

What should we do? Be grateful. Gratitude is energizing, joyful, encouraging, and very powerful. Ingratitude is the opposite on all these counts. The question is, what should we be grateful for? Let me help you with facts.

When I was growing up from 1950's to 1980's, we didn't have a refrigerator, gas, or electric stove. Food was cooked on firewood or coal in a smoky kitchen or outdoors. We routinely had no electricity for many hours a day and so no lights or fans. We had no central heating or air conditioning, and one car. Nobody had more because even one was a rarity. No TV. What was on your lap was not a computer. Phones were not smart, people were.

We wrote letters by hand, licked the stamp, stuck it on the envelope, posted it and counted the days until the postman brought us a reply. We had malaria, cholera and typhoid, polio, and tuberculosis. Later we got chikungunya, and dengue. We always had the flu and when the doctors didn't know what we had, they called it, 'viral fever'. Today, malaria and poliomyelitis have been eradicated. The others remain. I can add to this list, but instead let us be grateful that we can talk about those days and smile.

Today with air-conditioning, antibiotics, painkillers, glasses and LASIX surgery for sight correction, cataract and bypass surgery, medical diagnostic equipment and advanced pathology, sneakers, thermal underwear, and jackets, eating out, non-seasonal fruits, treadmills, central heating, indoor flushing toilets, hot and cold water on tap, we, ordinary people, are better off and more comfortable than the wealthiest kings and queens of the past. Add to this that today our children routinely go to school, are literate and many go on to higher education.

### An Attitude of Gratitude

In Medieval Europe the majority of people couldn't write their names and that included most kings and queens. We live in countries where the only thing limiting your material growth, learning and career advancement is yourself. Anyone willing to make the effort can get to the top. See who are the people heading major corporations whose turnover is more than the GDP of many countries. Not a single one is a hereditary monarch or noble. There was a time, not too long ago where if you were not born into the right family, your fate was sealed. Today, your present situation doesn't decide if you will succeed or fail. It only defines where you need to start. If you have ambition, determination, seek feedback, are willing to learn, sleep less and work hard, nothing but death can stop you.

Despite all this, we enjoyed life enormously and have wonderful memories, not because we had stuff, but because we had attitude. An attitude of gratitude. That was inculcated into us from the earliest and that is what is most necessary in the way we raise children today.


An attitude of gratitude.

Teach them to value people and use stuff. Not the other way around. Thankfulness is the open secret of happiness. So, while we look at all that is 'wrong' with society, let's reflect on what is right. There is far more that's right than what's wrong.

### The 'Global Village'

Let me continue. Today our major preoccupation is Covid, right? Let us put that also in perspective. The Justinian Plague which started in 541 CE is estimated to have killed 50 million people-about half the world's population at that time-as it spread across Asia, North Africa, Arabia, and Europe. While the exact origins of the plague remain unclear, it is estimated that up to 300,000 people died in Constantinople in the first year of the outbreak. There were approximately 5,000 deaths in the city every day at the height of the pandemic, even reaching highs of 10,000 on some days. The Justinian plague had a mortality rate of between 68-78%. Death would come between 2 - 5 days after infection. The plague resurfaced roughly every 10 years from 1348 to 1665-40 outbreaks in just over 300 years. Plague doesn't exist today. Another major killer was Smallpox with a mortality rate of 30%. Those who survived lived with permanent scars on the face. DePaul Professor Thomas Mockaitis writes, "There hasn't been a kill off in human history to match what happened in the Americas where 90 to 95% of the indigenous population was wiped out over a century. Mexico went from 11 million people pre-conquest to one million."


The Justinian Plague.

One of those alleged to have used Smallpox as a germ or biological warfare weapon against the Native Americans, right here in the Commonwealth of Massachusetts, is Field Marshal Lord Jeffery Amherst, 1st Baron Amherst, who allegedly ordered that blankets infected with the discharge of Smallpox sores should be sold to Native Americans. This was done and the result in a population which had no resistance to the disease was predictable. It wiped them out. Smallpox was eradicated in 1981. Now, compare the fatality rate of the plague and Smallpox to Covid 19 which never exceeded 1.5% at its peak. What do you want to say about Covid now? The fact is that if we look at change over time, the world today is healthier, richer, and better educated than in the past.

This doesn't mean that there are no problems. There are problems, many of them new ones. To solve them we must collaborate and work together across boundaries of culture, race, religion, and nationality. We must collaborate and share our blessings for the greater good of everyone. We like to talk about the 'Global Village', but don't usually remember that one of the results of being a village is that what happens to one, will affect another. We are in this together, in the same boat, to sink or swim as we wish.

Remember that everything comes at a price. Be it automation, augmented reality, or Metaverse, it is creating a world that is increasingly further away from reality, human contact, and relationships. Social media is the tool to enhance the illusion of action, popularity, and influence and take away the real power from action, so that the manipulators can have a free hand once the forwarder and tweeter have forwarded and tweeted and gone back to sleep.


Child with Smallpox.


Augmented Reality.

The illusion of action takes away edge from the need to act and no result ensues. After all, which tweet put bread on the table or relieved anyone from oppression? People believe in conspiracy theories today, more than in scientific research and trust is the most devastating casualty. The result of spreading distrust is not that people distrust one source, they distrust everyone. That is what we are seeing today. Nobody is trusted. Neither government, nor clergy, nor scientists, nor academics. Not even parents and community elders. That makes people even more vulnerable to manipulation and is the reason why we see a new theory of world control every week, each more outlandish than its predecessor but hard facts about climate change and global warming are scoffed at and denied, even by our so-called global leaders.

We are social beings with a strong affiliation drive and need company, affirmation, and friendship. No matter how convenient the gadget or technology, if there is no human contact, it leads to loneliness, depression, and increasingly serious mental illnesses. In addition, not having to deal with people daily will take away our skills to do so. This will have a seriously negative impact on team working, marriage, raising children, influencing, politics, and just plain human relations. We started seeing signs of this from the 80's with computer programmers which gave a programmer the ability to write code and earn a very good living without meeting people face to face daily, like say for example, someone in a machine shop would be forced to do. The poorly developed social skills of the programmer didn't matter, until he got promoted to lead a team, in which he failed miserably.

### Living in a Revolution

Worse happened to him in his personal life, marriage, raising children and so on. Paradoxically someone from the hotel industry did very well as a team leader of a software development team, though he had only sketchy knowledge about software development and couldn't write a single line of code. We are human and we need humans. That's why John D. Rockefeller is reported to have said, "I will pay more for the ability to get along with people than I will pay for any other ability." I want to say to you that AI will never replace the human except in a mechanical, transactional way, nor take away our psychological need for human contact.

> **We are living in a revolution. What we choose to do or not to do will leave a legacy that will be uniquely ours. Let us choose for the future of generations**

Let me pause and remind you that I am not anti-AI. That would be like being anti-cholesterol. It is there. It is nice. It is what makes Biryani worth dying for. What we need to do is to learn how to deal with it so that we can mitigate and minimize its negative effects. AI is hugely beneficial as it will automate all kinds of routine work and enable massive intuitive data mining and manipulation. But it will also influence how we think and what we value in ourselves and others. And that will affect how we deal with one another. We can neither reject nor run away from AI. We don't need to, and we mustn't. We must however prepare for the changes it will create which will have little to do with the technology but everything to do with our humanness.


Advanced Medical Care.

I remind myself and you that the world ahead is more and more complex and complicated, and our life experience is of little value to our children unless we can conceptualize it into lessons that they can apply. Many children have said to me, 'Our parents tell us stories about how they had no electricity in their homes and studied under a streetlamp and many such things. What am I supposed to do with these stories? They don't apply to me. But if I say that, it will hurt them.' What's the answer to that? I know the answer. But do you know it? There is an urgent need for parents to spend more time with children, to understand their world, to upgrade their own knowledge and understanding of the new world is critical if they want to retain connection with their children. Simply paying bills is not sufficient. Remember that once kids get disconnected from you, to get them back is progressively more difficult. If they don't see you as role models, they will find others that you will not even know about, and those others will teach them things that would make your hair go white overnight if you knew what that was. Don't let it come to that.

We are living in a revolution. What we choose to do or not to do will leave a legacy that will be uniquely ours. Let us choose for the future of generations, not our own present, so that it will be a legacy of honour.

writetoarbit@rashtradoot.com


Parents need to spend more time with children.

#WILDLIFE

# Asian Animals

"Trophic downgrading is usually worst near humans because hunters target larger species. But in the case of tigers, elephants, wild boars, and clouded leopards, their Asian populations are higher nearby humans," says Amir.



Some of Asia's largest animals are defying 12,000 years of extinction trends by thriving alongside humans, a study finds. Others are less fortunate.

Researchers scoured paleontological records to compare the historic distribution of Asia's 14 largest species with their populations in present-day tropical forests.

Four species-tigers, Asian elephants, wild boars, and clouded leopards-showed increased populations in areas with human infrastructure, says PhD candidate Zachary Amir, from the University of Queensland's School of Biological Sciences and the Ecological Cascades Lab.

"These results show that, under the right conditions, some large animals can live nearby humans and avoid extinction," Amir says.

"These results challenge the narrative within some conservation circles that humans and megafauna are incompatible. Globally there is a trend towards 'trophic downgrading,' a term referring to the disproportionate loss of the world's largest animals.

"Trophic downgrading is usually worst near humans because hunters target larger species. But in the case of tigers, elephants, wild boars, and clouded leopards, their Asian populations are higher nearby humans," says Amir.

"This may be the outcome of tougher anti-poaching efforts in the national parks that are closer to human settlements and are more frequently visited by tourists."

The study in Science Advances also finds that deforestation still affects species, and clouded leopard numbers in particular have experienced a strong decline in those areas.

But, Amir says the research shows that if the large animal species were not hunted, they could live in relatively small habitats and near humans.

"Previously, there have only been a few examples of large Asian species thriving in small habitats near humans, notably in Mumbai, India where leopards in an urban park prey on stray dogs," Amir says. "Thankfully, we found that a wider range of animals can coexist with humans."

At one of their study sites in Singapore, where poaching has been eliminated and there are considerable forest restoration efforts, two large animal species are thriving again.

"Singapore has actually experienced the natural re-wilding of sambar deer and wild boars, which are now frequently observed in an urban forest, the Bukit Timah Nature Reserve," says Amir.

"If we replicate those protection efforts in larger forests and other counties, we may see positive impacts right around the world. But before this can happen, humans need to get our act together and limit poaching."

While there are some positive results, research fellow and study co-author Matthew Luskin says the study also notes strong declines in tapirs, Sumatran rhinoceros, sun bears, guar, and other large animals.

"The key innovation of this work was to systematically investigate the population trends of many different wildlife species across the region," says Luskin. "Then we tested if all species showed consistent trends and if similar parks retained similar species.

"Remarkably, we found no two forests currently possess the same group of wildlife compared to thousands of years ago."

Luskin says the research offered an opportunity to shape the future of nature.

"These results provide hope for wildlife in forests previously considered too far degraded or too close to cities," he says. "Now we're exploring new conservation strategies for these surprising places."



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पौने दो करोड़ की लूट मामले में बस ड्राइवर गिरफ्तार

## बीकानेर से अहमदाबाद बस चलाने वाले ड्राइवर की नजर थी करोड़ों के जेवरात पर

**बीकानेर,** (कासं)। सितम्बर के अंतिम सप्ताह में बीकानेर में हुई डेढ़ करोड़ रुपए के हीरे-जेवरात की लूट के मामले में पुलिस ने एक बस ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच के मुताबिक बीकानेर से अहमदाबाद के बीच बस चलाने वाले इस ड्राइवर को पता था कि कुछ लोग उसकी बस में करोड़ों रुपए के हीरे-जेवरात लेकर बीकानेर जाते हैं। उसी ने अपने साथियों को बोलकर इस लूट को अंजाम की साजिश रची थी।

पुलिस के अनुसार जांच के दौरान आरोपी रवि मोदी ने बयान दिया कि ट्रेवल्स की बस से आने वाले सोने चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान की सूचना उसे राजाराम विश्नोई ने दी थी। राजाराम विश्नोई उसी बस सर्विस में ड्राइवर था, जिससे जालौर निवासी हीराराम प्रजापत जेवरात लेकर बीकानेर आता था। उसने लगातार रैकी करते हुए लूट गिरोह को सूचना कर दी कि हीरालाल किस दिन और किस बस से बीकानेर आ रहा है। आरोपी रवि मोदी ने पुलिस को बताया कि राजाराम से मेरी जो भी माल मिलें उसमें से पचास प्रतिशत हिस्से में सौदा तय हुआ था। राजाराम के कहने पर ट्रेवल्स की बस जो अहमदाबाद

- **राजाराम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड में दबिश दी थी**

से बीकानेर आती जाती है, उसकी रैकी करते हुए लूट की गई।

करीब दो महीने बाद पुलिस ने इस मामले में अब बिश्नोई को गिरफ्तार कर लिया है। जैसे ही ये गिरोह पकड़ा गया, राजाराम को शक हो गया कि उसका नाम आ सकता है। ऐसे में वो बीकानेर से फरार हो गया। इस दौरान पुलिस ने राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड सहित अनेक स्थानों पर दबिश दी। साइबर टीम ने भी राजाराम को तकनीकी रूप से पीछा किया। अब उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

राजाराम सहित इस मामले में अब तक छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। दरअसल, जो सामान इन लोगों ने लूटा था, उसमें जीपीएस लगा हुआ था। लूट के तुरंत बाद संबंधित कंपनी ने पुलिस को बता दिया कि सामान में जीपीएस लगा हुआ है। त्वरित कार्रवाई करते हुए बीकानेर पुलिस की साइबर टीम एक्टिव हुई और लुटेरों के पीछे लग गई। कुछ ही घंटे में पुलिस ने इन लोगों को कैंपर गाड़ी व सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया था। राजाराम को गिरफ्तार करने में सदर थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह राठौड, कांस्टेबल सीमांत, ईमीचंद व लाखाराम और मुकेश कुमार की विशेष भूमिका रही। जबकि लूट का पर्दाफाश करने में बीकानेर के कई थानों की पुलिस ने जबर्दस्त प्रयास किया था।

# नागोला में यूरिया खाद के लिए किसानों की भारी भीड़ उमड़ी

## 560 लोगों को वितरित किए कट्टे, कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा



नागोला ग्राम सेवा सहकारी समिति पर जमा किसान।

**बान्दनवाड़ा,** (निसं)। नागोला कस्बे सहित आसपास के किसानों को यूरिया के लिए मानो जंग लड़ना पड़ रहा है। बुधवार सुबह से ही किसान खाद लेने को लेकर नागोला में खाद की दुकान पर कतारबद्ध दिखे।

नागोला ग्राम सेवा सहकारी समिति के संचालक अध्यक्ष बजरंग लाल टेलर व संचालक सदस्य प्रहलाद साहू की मौजूदगी में नागोला के किसानों के बीच 560 यूरिया खाद के कट्टे का वितरण किया गया। इधर, खाद लेने को लेकर सैकड़ों किसानों की भीड़ दुकान के सामने लग गई, जिससे दुकान और ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक द्वारा किसानों की भीड़ को नियंत्रित और कतारबद्ध किया गया। नागोला में निर्धारित दर पर किसानों के बीच यूरिया के कट्टे बांटे गए, रबी फसल के लिए खाद की नितांत आवश्यकता को देखते हुए किसान खाद लेने के लिए फिर से जुट रहे हैं।

इस दौरान नागोला ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक युसूफ, ओमप्रकाश व कार्यवाहक कर्मचारी महावीर जाट ने आधार कार्ड के अनुसार खाद के कट्टों का वितरण किया।

# पर्यटन के लिए दरा रेंज में बाघ लाने की मांग

## हम लोग संस्था व पगमार्क फाउंडेशन की टीम मुख्य वन संरक्षक से मिली

**कोटा,** (निस)। शहर के वन्यजीव प्रेमियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक मुकुन्दरा हिल्स टाइगर रिज़र्व शारदा प्रताप सिंह से मुलाकात कर मुकुन्दरा हिल्स टाइगर रिज़र्व एवं गोडावण परियोजना सोरसन के संबंध में चर्चा की।

शिष्टमंडल में हम लोग संस्था के संयोजक डॉ सुधीर गुप्ता, कुंदन चीता, धीरज गुप्ता एवं पगमार्क फाउंडेशन के अध्यक्ष देवव्रत सिंह हाड़ा शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने गोडावण परियोजना के अंतर्गत सोरसन में गोडावण प्रजनन केंद्र की स्थापना की योजना को मूर्त रूप देने के संबंध में अपना पक्ष रखा।

हम लोग संस्था एवं पगमार्ग फाउंडेशन की ओर से दरा में आयोजित बाघ चौपाल की कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया। उक्त बैठक में ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए दरा रेंज में बाघों को बसाने के संबंध में विचार प्राप्त किए गए थे। वर्तमान में सेल्जर रेंज में बाघ और बाघिन का



वन्य जीव प्रेमियों ने मुख्य वन संरक्षक को ज्ञापन सौंपा।

एक जोड़ा बनाया जा चुका है। उसका स्वागत करते हुए मांग रखी गई कि शीघ्रातिशीघ्र दरा रेंज में भी बाघ लाए जाएं, ताकि पर्यटन को गति मिल सके। बाघों की सुरक्षा एवं गावों के विस्थापन जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

# स्टेट जीएसटी झुंझुनूं टीम की बड़ी कार्यवाही

**झुंझुनूं,** (निसं)। वाणिज्यिक कर विभाग बीकानेर संभाग के अतिरिक्त आयुक्त निहालचंद विश्नोई एवं संयुक्त आयुक्त सुनील मील के निर्देशन में कर चोरी में संलिप्त वाहनों के विरूद्ध चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के तहत झुंझुनूं टीम द्वारा आयरन स्टील, मूंगफली एवं परचून परिवहनित कर रहे चार ट्रकों को रोककर कर अपवंचना की आशंका में इंटरसेप्ट किया है।

विभाग द्वारा ट्रकों में लदे माल की जांच के लिए कर भवन झुंझुनूं में खड़ा किया गया है। राज्य कर झुंझुनू के संयुक्त आयुक्त सुनील मील ने बताया कि दो वाहनों को जयपुर से झुंझुनूं के लिए आयरन स्टील, एक वाहन को नागौर से हिसार मूंगफली एवं एक वाहन को जयपुर से महेंद्रगढ परिवहनित करते हुए कर चोरी की आशंका में निरूद्ध कर आगामी जांच के लिए रोका गया है। क्षेत्र में कर चोरी कर माल परिवहनित कर रहे वाहनों के विरूद्ध आने वाले दिनों में और अधिक सघन अभियान चलाने जाने के लिए टीम को निर्देश दिए गए है।

# अंग्रेजी तथा सामान्य व्याकरण विषय की परीक्षा आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के तहत बुधवार को अंग्रेजी तथा सामान्य व्याकरण विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। अंग्रेजी विषय की परीक्षा में अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत 38.61 तथा सामान्य व्याकरण विषय में 47.16 रहा। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित अंठोजी विषय की परीक्षा के लिए पंजीकृत 9975 अभ्यर्थियों में से 3851 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित सामान्य व्याकरण विषय की परीक्षा में पंजीकृत 5869 अभ्यर्थियों में से 2768 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 17 नवंबर 2022 को आयोग द्वारा सुबह 9 से 12 बजे तक साहित्य तथा दोपहर 2 से 5 बजे तक व्याकरण विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

# बुधवार को चार नामांकन दाखिल हुए

**सरदारशहर,** (निसं)। विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को 4 नामांकन दाखिल हुए। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम बिजेंद्रसिंह ने बताया कि भाजपा के अशोक पिंचा द्वारा दो नामांकन दाखिल किए गए हैं तथा सीपीआईएम से सांवरमल मेघवाल ने एक तथा एक निर्दलीय उम्मीदवार सांवरमल प्रजापत ने नामांकन दाखिल किया है। अब तक कुल पांच नामांकन दाखिल हुए हैं।

# ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट पदों के लिए पुनः मांगे आवेदन

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट के पदों हेतु पुनः ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परीक्षा के लिए 18 नवंबर से 27 नवंबर 2022 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र संख्या 06/2022-23 का अवलोकन करें।

आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि पूर्व में ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट के 24 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या 04/2022-23 के द्वारा 19 जून 2022 तक ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए गए थे। इस दौरान कार्मिक (क-2) विभाग की अधिसूचना 23 मई 2022 द्वारा उक्त पदों का चयन साक्षात्कार के स्थान पर प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से किए जाने संबंधी संशोधन के कारण पुनः ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्मिक (क-2) विभाग की अधिसूचना दिनांक 23 सितंबर 2022 के अनुसार जो व्यक्ति 31 दिसंबर 2020 को आयु सीमा के भीतर था उसे 31 दिसंबर 2024 तक आयु सीमा के भीतर ही समझा जाएगा। उक्त पदों के लिए पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या 04/2022-23 के तहत आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें पूर्व में आवेदन के समय विज्ञापन में उल्लेखित शर्तों की पालना करने के आधार पर पात्र माना जाएगा।

अटल ने जानकारी दी कि ऑनलाइन आवेदन में संशोधन आवेदन अवधि के दौरान तथा आवेदन हेतु निर्धारित अंतिम दिनांक के पश्चात 10 दिवस के भीतर किए जा सकते हैं। इसके लिए शुल्क 500 रूपए देना होगा। आयोग द्वारा प्रथम घोषित परीक्षा दिनांक से 45 दिवस पूर्व भी ऑनलाइन एडिट का विकल्प खोला जाएगा। वन टाइम रजिस्ट्रेशन लागू किए जाने के कारण ऑनलाइन आवेदन में अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि व जेंडर में किसी भी स्तर पर कोई संशोधन किया जाना संभव नहीं होगा।

# डेढ़ क्विंटल से अधिक विस्फोटक बरामद

**डूंगरपुर,** (निसं)। आसपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को डेढ क्विंटल से अधिक मात्रा में विस्फोटक सामग्री जिलेटिन छडे मिलने के बाद फिर बुधवार को 27 पेटियों में भरी 500 से अधिक जिलेटिन की छडे लावारिस हालात में मिली। आसपुर के डिप्टी और सी आई मौके पर पहुँच जिलेटिन को कब्जे में लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर जिले में 3 दिन पहले विस्फोटक के जरिये रेल्वे ट्रैक को उडाने की घटना हुई थी। उदयपुर संभाग पहली बार रेल्वे ट्रैक को उडाने की घटना से पूरे संभाग में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस बीच रेल्वे ट्रैक उडने की घटना के तीसरे दिन संभाग के डूंगरपुर जिले का आसपुर थाना क्षेत्र जो कि उदयपुर जिले से सटा हुआ है मंगलवार की शाम को सोम नदी में लावारिस हालात में डेढ क्विंटल से अधिक मात्रा में विस्फोटक जिलेटिन मिलने से लोगो मे डर का माहौल बन गया है। बुधवार को फिर करीब 27 पेटियों में 500 से अधिक जिलेटिन की छडे नदी किनारे झाडियों में और नदी में मिलने का मामला सामने आया है।

# पुलिस परेड समारोह: प्रशिक्षण के बाद चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम बने पुलिस जवान

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में आज सुबह पुलिस दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन हुआ। आर्म्स बटालियन की महानिरीक्षक लता मनोज कुमार ने इस दीक्षांत परेड समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों के बारे में कहा कि इन लोगों ने कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जो कि आने वाले समय

- **जवानों ने व्यायाम प्रदर्शन कर पुलिस शैली को दर्शाया**

में चुनौतियों का सामने करने में सक्षम है। साथ ही चुनौतियों से निपट कर राजस्थान पुलिस का नाम रोशन करेंगे। पुलिस का आज बैच संख्या 83/22वां दीक्षांत समारोह आयोजन था।

आर्म्स बटालियन की महानिरीक्षक लता मनोज कुमार ने दीक्षांत परेड समारोह में सुबह परेड की सलामी ली। वे बतौर मुख्य अतिथि इसमें शरीक हुईं। बाद में उन्होंने परेड का निरीक्षण किया।



बटालियन की महानिरीक्षक लता मनोज कुमार ने दीक्षांत परेड समारोह की सलामी ली।

इस अवसर पर नव आरक्षकों को उन्होंने सम्मानित भी किया। परेड समापन के बाद प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षणार्थियों ने तरह तरह से व्यायाम प्रदर्शन कर पुलिस की कार्यशैली को भी दर्शाया।

आर्म्स बटालियन राजस्थान की आईजी लता मनोज कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रशिक्षण काफी कठिन रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कठिन चुनौतियों से निपटने में सक्षम है। आने वाले समय में यह राजस्थान का नाम रोशन करेंगे।

# साइंटिफिक ऑफिसर पात्रता जांच

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा गृह (ग्रुप-1) विभाग में सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर (डीएनए डिवीजन) पदों हेतु संवीक्षा परीक्षा-2021 के तहत पात्रता की जांच के लिए अभ्यर्थियों की विचारित सूची जारी की गई है। साक्षात्कार के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के बाद जारी की जाएगी।

इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सचिव एचएल अटल ने बताया कि आयोग द्वारा इन पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन के लिए संवीक्षा परीक्षा का आयोजन 11 जून 2022 को किया गया था। परीक्षा के फलस्वरूप 18 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच के लिए विचारित सूची में अस्थाई रूप से शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जारी की गई विचारित सूची साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों की सूची नहीं है। इसका उद्देश्य मात्र दस्तावेज सत्यापन के माध्यम से चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता सुनिश्चित करना है। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच विज्ञापन की शर्तों नियमों के अनुसार की जाएगी।

# डकैत ने दी धौलपुर के व्यापारी को जान से मारने की धमकी

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले के कुख्यात डकैत केशव गुर्जर ने बाड़ी के एक जमीन व्यापारी को जमीन को बेचने के बाद हिसाब नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी है। जमीन व्यापारी ने धमकी की ऑडियो क्लिप भी सेव कर ली है। जो कोतवाली थाना पुलिस बाड़ी को उपलब्ध करा दी है। साथ ही बदमाश केशव गुर्जर और व्यापारी के पार्टनर बबलू पंडित के खिलाफ पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

कोतवाली थाना अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि बाड़ी कस्बे के संत्रास पाड़ा निवासी जमीन खरीदने बेचने का काम करने वाले व्यापारी हरिओम पुत्र रामसिंह गोस्वामी ने पुलिस में एक एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें गुरुद्वारा पर स्थित किसी जमीन को लेकर अपने पार्टनर पंडित दिनेश उर्फ बबलू और सवा लाख के इनामी डकैत केशव गुर्जर के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जिसमें पीड़ित व्यापारी ने ऑडियो क्लिप भी पुलिस को उपलब्ध कराई हैं। हालांकि उनमें यह पुष्टि नहीं हो रही कि बदमाश केशव गुर्जर है या कोई अन्य। फिर



कुख्यात डकैत केशव गुर्जर।

- **जमीन बेचने के बाद हिसाब किताब नहीं करने पर जान से मारने की बात कही**

भी पुलिस पूरे मामले को लेकर गंभीरता से जांच कर रही है।

पीड़ित व्यापारी हरिओम गोस्वामी का कहना है कि उसने गुरुद्वारा के पास गुरुदेव सरदार से एक खेत का सौदा किया था। जिसमें उसके पार्टनर पंडित दिनेश उर्फ बबलू की 25 हिस्सेदारी थी, लेकिन उसने ना तो हिस्सेदारी का पैसा लगाया और ना ही जमीन बेचने में कोई सहयोग किया। उल्टे उनके एक प्लॉट के पैसों को अपने पास रख लिया। अब उनके पास पंडित दिनेश के हिस्से का भुगतान करने को लेकर व्हाट्सएप पर ऑडियो कॉल आया है। जिसमें आरोपी अपने आप को बदमाश केशव गुर्जर बताते हुए पंडित दिनेश का हिसाब करने की बात कह रहा है। साथ में धमकी दी है कि यदि उसने हिसाब नही किया तो गोली मार दी जाएगी।

# एएसआई की कार पर पथराव

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-8 पर एक एएसआई की कार पर बदमाशों के पथराव से कार के शीशे टूट गए और उनके मुंह पर पत्थर लगने से 2 दांत टूट गए। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-8 पर एक एएसआई की कार पर बदमाशों ने पथराव कर दिया। पथराव से कार को नुकसान हुआ है। वहीं एएसआई को भी चोटें आई हैं। मुंह पर पत्थर लगने से उनके 2 दांत टूट गए। एएसआई को घायल हालत में उदयपुर में भर्ती कराया गया है।

रिपोर्ट में बताया की वह गुजरात राज्य में प्रकरण की तफ्तीश के लिए गए थे। तफ्तीश के बाद रात के समय वापस लौट रहे थे। बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-8 पर सेरावाडा के पास आते ही पहाड़ियों से उनकी कार पर अचानक पथराव होने लगा। एक के बाद एक कई पत्थर उनकी कार पर आकर लगे। इससे उनकी कार का आगे का शीशा टूट गया। वहीं, एक पत्थर कांच तोडकर सीधा उनके मुंह पर आकर लगाए जिससे उनके मुंह के आगे के दोनों दांत भी टूट गए। पत्थर लगने से मुंह से खून निकलने लगा। घायल होने के बावजूद कार लेकर वे उदयपुर की ओर चले गए। जहां अस्पताल में डॉक्टर को दिखाया। एएसआई प्रहलादराय ने घटना की जानकारी बिछीवाडा थाना पुलिस को दी।

# महामस्तकाभिषेक महोत्सव: श्रीमहावीरजी स्टेशन पर रूकेंगी छह जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनें

**कोटा,** (निसं)। कोटा मंडल के श्रीमहावीरजी रेलवे स्टेशन पर छह जोड़ी एक्सप्रेस/सुपरफास्ट गाड़ियों का दोनों दिशाओं में ठहराव प्रदान किया गया है। दिनांक 24 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक श्रीमहावीर के महामस्तकाभिषेक महोत्सव का आयोजन होना है इस महोत्सव में शामिल होने वाले देश के विभिन्न प्रान्तों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है।

अस्थायी ठहराव वाली गाड़ियों में गाड़ी संख्या 12925 बांद्रा टर्मिनल से अमृतसर को जाने वाली पश्चिम सुपरफास्ट जो अपने प्रारम्भिक स्टेशन से 23 नवम्बर से 04 दिसम्बर की अवधि में प्रस्थान कर श्रीमहावीर जी प्रतिदिन सुबह 04.45 आगमन कर 04.46 बजे प्रस्थान करेगी एवं वापसी में गाड़ी संख्या 12926 अमृतसर से बांद्रा टर्मिनल को जाने वाली पश्चिम सुपरफास्ट जो अपने प्रारम्भिक स्टेशन से दिनांक 24 नवम्बर से 05 दिसम्बर की अवधि में श्रीमहावीरजी प्रतिदिन रात 08.59 आगमन कर 09.00 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 12415 इन्दौर से नई दिल्ली को जाने वाली सुपरफास्ट जो अपने प्रारम्भिक स्टेशन से 23 नवम्बर से 04 दिसम्बर की अवधि में अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्रीमहावीरजी प्रतिदिन रात 01.21 आगमन कर 01.23 बजे प्रस्थान करेगी एवं वापसी में गाड़ी संख्या 12416 नई दिल्ली से इन्दौर को जाने वाली सुपरफास्ट 23 नवम्बर से 04 दिसम्बर की अवधि में श्रीमहावीरजी प्रतिदिन रात 12.58 आगमन कर 01.00 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 12941 भावनगर से आसनसोल को जाने वाली पारसनाथ सुपरफास्ट जो अपने प्रारम्भिक स्टेशन से 29 नवम्बर को प्रस्थान कर श्रीमहावीरजी बुधवार दोपहर 12.03 आगमन कर 12.05 बजे प्रस्थान करेगी एवं वापसी में गाड़ी संख्या 12942 आसनसोल से भावनगर को जाने वाली पारसनाथ सुपरफास्ट जो अपने प्रारम्भिक स्टेशन से 24 नवम्बर से 01 दिसम्बर की अवधि में प्रस्थान कर श्रीमहावीरजी शुक्रवार दोपहर 02.58 आगमन कर 03.00 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 19037 बांद्रा टर्मिनल से बरौनी को जाने वाली अवध एक्सप्रेस जो अपने प्रारम्भिक स्टेशन से 23 नवम्बर से 04 दिसम्बर की अवधि में अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्रीमहावीरजी प्रतिदिन दोपहर 03.28 आगमन कर 03.30 बजे प्रस्थान करेगी एवं वापसी में गाड़ी संख्या 19038 बरौनी से बांद्रा टर्मिनल को जाने वाली अवध एक्सप्रेस 23 नवम्बर से 04 दिसम्बर की अवधि में अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्रीमहावीरजी प्रतिदिन सुबह 09.28 आगमन कर 09.30 बजे प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 20941 बांद्रा टर्मिनल से गाजीपुर को जाने वाली सुपरफास्ट जो अपने प्रारम्भिक स्टेशन से 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर की अवधि में को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्रीमहावीर जी शनिवार एवं सोमवार दोपहर 02.28 आगमन कर 02.30 बजे प्रस्थान करेगी एवं वापसी में गाड़ी संख्या 20941 गाजीपुर से बांद्रा टर्मिनल को जाने वाली सुपरफास्ट 27 नवम्बर से 04 दिसम्बर की अवधि में अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्रीमहावीर जी बुधवार एवं सोमवार सुबह 11.20 आगमन कर 11.22 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 12937 गांधीधाम से हावड़ा को जाने वाली गरबा सुपरफास्ट जो अपने प्रारम्भिक स्टेशन से 26 नवम्बर से 03 दिसम्बर की अवधि में अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्रीमहावीर जी रविवार दोपहर 12.03 आगमन कर 12.05 बजे प्रस्थान करेगी एवं वापसी में गाड़ी संख्या 12938 हावड़ा से गांधीधाम को जाने वाली

गरबा सुपरफास्ट 28 नवम्बर को अपने प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान कर श्रीमहावीर जी मंगलवार रात 08.38 आगमन कर 08.40 बजे प्रस्थान करेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी कोटा रोहित मालवीय द्वारा बताया कि यह निर्णय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया हैं। जिससे महोत्सव में श्रीमहावीरजी स्टेशन जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

## संक्षिप्त

### छात्राओं ने किया शैक्षिणक भ्रमण

**बोराज,** (निसं)। कस्बे की कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय स्टाफ के साथ प्रति वर्ष की भांति दो दिवसीय शैक्षिणक भ्रमण कर पर्यटक व धार्मिक स्थलों के बारे में जाना। संस्था प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी जोशी ने बताया कि इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं को सुरसुरा धाम, नारेली जैन मंदिर अजमेर, तारागढ़, ब्रह्मा मंदिर, आना सागर झील, सलेमाबाद धार्मिक स्थान, पुष्कर सरोवर आदि पर्यटक व धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाकर विस्तृत से जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय स्टाफ अध्यापिका सुशीला, आशा व नाथूलाल गौड व अन्य स्टाफ साथ रहा।

### जांगिड़ का अभिनंदन किया

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। खाटूश्यामजी नगरपालिका में कार्यरत लेखाकार विष्णु जांगिड़ के सहायक लेखा अधिकारी पद पर पदोन्नत होने पर नगरपालिका प्रशासन ने अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव के नेतृत्व में जांगिड़ का स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह चंदेलिया, लिपिक राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, हरीश मीणा, सुरेन्द्र कुड़ी, पार्षद प्रतिनिधि विकास सोनी, पार्षद प्रतिनिधि सायर मुंडोतिया सहित नगरपालिका के कर्मचारी मौजूद थे।इस दौरान नगरपालिका के कर्मचारियों ने माला पहनाकर सम्मान किया।

### अध्यापक लगाने की मांग

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम अलोदा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कला संकाय में इतिहास अतिरिक्त विषय खोलने व कृषि संकाय के तीनों व्याख्याताओं के पद सृजित करने की मांग को लेकर जिला परिषद सदस्य संजू देवी व सरपंच मिश्री देवी के नेतृत्व में जिला प्रभारी मंत्री शकुंतला रावत के सीकर आगमन पर ज्ञापन दिया गया।

### पूर्व मंत्री नाथूसिंह गुर्जर का स्वागत

**निवाई,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होटल आरजे 26 पर पूर्व मंत्री नाथूसिंह गुर्जर का माला व साफा पहनाकर प्रधान रामअवतार लांगडी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ रूपसिंह अधाणा, पूर्व देहात मंडल अध्यक्ष शिवदयाल गुर्जर, राजाराम आदि मौजूद रहे।

# किशनगढ़ बास में पीले पंजे का लगने लगा डर

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। नगर पालिका के अधिकारी जिन गंदे पानी निकासी के नालों को खुलवाने लिए 1 साल से प्रयास कर रहे थे वह नाले अब खुद खुलते दिखाई दे रहे हैं।

कल तक जो पालिका के नोटिसों को नजरअंदाज करते आ रहे थे आज वह खुद अपने हाथों से नाले को सफाई के लिए खुलवाने में लगे हैं। अगर नगर पालिका पट्टे निरस्त करने की कलेक्टर से सिफारिश नहीं करती तो शायद अभी भी नाले पर से अतिक्रमण नहीं हटता।

■ दुकान व मकान मालिक अंदर दबे नाले को साफ कराने में जुटे



किशनगढ़ बास के गंज रोड पर दुकान के अंदर दबे नाले को दुकान मालिक साफ कराने में जुटे।

बात है गंज रोड की जहां लंबे समय से दुकान मकान मालिकों की हठधर्मिता के कारण नालों की सफाई नहीं हो पा रही थी करीब 1 साल से तो हालत यह बन चुकी थी की अवरुद्ध नाले का गंदा पानी सड़क के बीचों-बीच बहने लगा था जिसके कारण स्कूली बच्चों व नागरिकों को पानी में होकर निकलना पड़ रहा था। लोगों ने एसडीएम, नगर पालिका अधिकारी, चेयरमैन, पार्षद, कलेक्टर, प्रभारी मंत्री तक शिकायत की। पर उस समय दुकान मकान मालिकों के जूं तक नहीं रेंगी।

अब वही दुकान मकान मालिक दुकाने टूटने के डर से खुद आगे बढ़कर दुकानों के नीचे दबे नाले को खोलने में लगे हैं। नगर पालिका अधिकारी का कहना है आमजन की समस्या को देखते हुए दुकान मकानों के नीचे दबे गंदे पानी निकासी के नालों की सफाई कराने के लिए कर्मचारी लगाए दुकान मकान मालिकों से व्यक्तिगत प्रयास किए नोटिस की कार्रवाई की लेकिन दुकान मकान मालिक लगातार नजरअंदाज करते रहे। लगातार पालिका की ओर से स्थाई अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर किए जा रहे प्रचार व दी जा रही चेतावनी से अति कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**थानागाजी,** (निसं)। गुरुवार को थानागाजी पंचायत समिति के आदर्श विद्या मंदिर में प्रात: 9 बजे से आंखों का विशाल नि:शुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कोर्डिनेटर गजेंद्रसिंह तंवर ने बताया कि स्वर्गीय डॉ. रमाकांत शर्मा पूर्व आईएएस एवं विधायक थानागाजी की पुण्यतिथि पर 17 नवंबर गुरुवार को विशाल नि:शुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन उनके सुपौत्र युवा नेता विधानसभा क्षेत्र के अभिषेक मिश्रा द्वारा डॉ वीरेंद्रसिंह यादव, मिश्रीदेवी आई हॉस्पिटल बहरोड के द्वारा आंखों का ऑपरेशन, आंखों के विभिन्न रोग जैसे मोतियाबिंद, बंहगापन, नाखूना, कालापानी आदि की जांच एवं ऑपरेशन नि:शुल्क के जाएंगे।

### ईओ मनीषा यादव को दी विदाई

**सांभरझील,** (निसं)। नगर पालिका सभागार में बुधवार को अधिशासी अधिकारी मनीषा यादव का टोडारायसिंह स्थानांतरण होने पर उनको सहायक अभियंता रवि कुमार कुमावत की मौजूदगी में नगरपालिका के कार्मिकों ने भावभीनी विदाई दी। यहां पूर्व में पदस्थापित रहे हरिनारायण यादव द्वारा सांभर में ज्वाइन करने पर उनका भी गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# लव जिहाद के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला

**अलवर,** (निसं)। हिंदू सर्व समाज संघ की ओर से नगली सर्किल अलवर पर लव जिहाद के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला। संगठन के बब्बल यादव ने बताया कि श्रद्धा एवं निधि व लव जिहाद की शिकार हुई हिंदू लड़कियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कैंडल मार्च नंगली सर्किल से शहीद स्मारक तक निकाला गया। इस दौरान इस मौके पर ओड समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिन्दू निर्मल सुरा ने कहा हिन्दू लडकियां सोशल नेटवर्क के चक्कर में ना पड़ें और अनजान लोगों से फेसबुक आदि पर उनसे दोस्ती ना करें सिर्फ उन्ही से सम्पर्क करें जो उनके मिलने वाले हों अनजान से सम्पर्क करना घातक बन जाता है। प्रेम सिंह राजावत ने कहा हमें संगठित होकर कार्य करना होगा। पाल यादव ने कहा हिंदू बालिकाओं के साथ लव जिहाद जैसी कायराना हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत बधीन, पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर)**

क्रमांक-SPL-01 **निविदा सूचना** दिनांक-15/11/2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी नरेगा योजना में वर्ष 2022-23 में क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री हेतु राजस्थान वैट अधिनियम 2003 के अन्तर्गत /राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत ठेकेदार एवं पी.डब्लू.डी.एवं यू.आई.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से ग्राम पंचायत स्तर पर सीलबन्द निविदाएं निम्नांकित कार्यक्रम अनुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु. राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महात्मा गांधी नरेगा योजना में वर्ष 2022-23 में क्रय की जाने वाली सामग्री | 24.11.22 12AM तक | 24.11.22 02PM तक | 24.11.22 03 PM तक | 09.90 | 19800 | 500/- |

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में स्वीकार की जायेगी। जो निर्धारित दिनांक व समय तक निविदा शुल्क रुपये 200/ नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है तथा अमानत राशि डीडी/चैक/नकद द्वारा स्वीकार की जावेगी।
2. निविदायें संबंधित ग्राम पंचायत में विक्रय की जाकर प्राप्त की जा सकती है।
3. सभी दरें रायल्टी, आयकर, जीएसटी आदि सहित प्रस्तुत की जावेगी।
4. गठित क्रय समिति द्वारा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
5. अन्य शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर पढ़ी जा सकती हैं।

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत बधीन पं.सं. मुण्डावर (अलवर) | NIB. ZAL2223A0909 UBN ZAL2223GS0B01266 | सरपंच ग्राम पंचायत बधीन पं.सं. मुण्डावर (अलवर)



**PUBLIC NOTICE**

Public in general are hereby informed that, I, Vikas Singh has been appointed as Court Receiver by Court of Munsif, Barh, Patna in Civil Suit No. 86/2022 titled as Shravan Kumar Sharma V/s. Vikas Jain Tijaria & others and the said Court vide Order dated 06-09-22 directed me to take possession of the disputed properties. In compliance of said direction I, have taken physical possession of below noted properties on 19-09-22 to 20-09-22.

Public in general is hereby informed not to deal in respect of below mentioned properties with their respective owners without permission of the Court of Munsif, Barh, Patna. Otherwise, same case be illegal and void in law.

1) All that part and parcel of the property consisting of Factory, land & Building situated at SP-1, 2316, RIICO Industrial Area, Ramchandrapura, Sitapura Extension, Jaipur, admeasuring 14200 sq. mtr. Within the registration Sub- district Jaipur-V and District Jaipur in the name of M/S Tijaria Polypipes Limited.
Bounded;
On the North by Road 60 mtrs. Wide, On the South by Road 6 mtrs. Wide, On the East by Plot No SP-1-2315, On the West by Plot No SP-1-2317.
2) All that part and parcel of the property consisting of Residential House No. F-32, Ghiya Marg, Bani Park, Jaipur admeasuring 563.80 sq. yards within the registration Sub-district Jaipur-IV and District Jaipur in the name of Mr. Alok Jain Tijaria, Mr. Praveen Jain Tijaria, Mr. Vineet Jain Tijaria and Mr. Vikas Jain Tijaria.
Bounded;
On the North by Road, On the South by Plot No. F-33, On the East by Road, On the West by Plot No. F-47.
3) All that part and parcel of the property consisting of Khasra No. 1356/2, Village - Daulartpura, Tehsil-Amer, Dist.- Jaipur admeasuring 9406.61 sq. yds. Within the registration Sub-district Jaipur- II and District Jaipur in the name of M/s. Tijaria Industries Limited
Bounded;
On the North West by Other land, On the South East by Road, On the North East by Other land, On the South West by Other land.

Place: Jaipur (Vikas Singh)
Dated: 10.11.2022 (Court Receiver)
The Court of Munsif, Barh, Patna


### छात्र वर्ग क्रीडा प्रतियोगिता शुरू

**दौसा,** (निसं)। संस्कृत शिक्षा विभाग अंतर्गत जयपुर संभाग स्तरीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय छात्र वर्ग क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मानपुरिया कोठया दौसा में हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नांगल राजावतान पंचायत समिति के प्रधान दिनेश कुमार बारवाल, अध्यक्षता संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी गोपाल लाल जाट, विशिष्ट अतिथि विकास अधिकारी जीनू वर्मा, नांगल राजावतान सीबीईओ सत्यनारायण मीणा, पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार मीणा ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत शुरुआत की। इस अवसर 21 संस्थाओं के प्रतियोगी दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मार्च प्लास्ट कर ध्वज सलामी दी और मुख्य अतिथि ने आगंतुक अतिथियों के साथ सलामी स्वीकार की। कार्यकम के मुख्य अतिथि प्रधान दिनेश कुमार बारवाल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए।

# आने वाले समय में सीएम के नेतृत्व में सब एक: रमेश मीणा

**अलवर,** (निसं)। पंचायत राज मंत्री रमेश चंद मीणा बुधवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में पंचायत राज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में बीजेपी पर भी निशाना साधा।

पंचायत राज मंत्री रमेश चंद मीणा ने बीजेपी नेता व राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा को लेकर कहा कि जिनकी चर्चा कर रहे है उनका राजनीति में सूरज अस्त हो चुका है। राज्यसभा मेंबर मनोनीत सदस्य होता है, वे कोई चुनाव जीत नहीं पा रहे। जो थाने, तहसील या गली मोहल्ल में धरने पर बैठता हो। उसकी क्या चर्चा करेंगे।

मीणा ने कहा- राजस्थान में बीजेपी विपक्ष की भूमिका भी सही नहीं निभा पाई। बीजेपी के नेता खुद 36 टुकडों में बंटे हैं। इसलिए विरोध करने वाली बात भी नहीं है। कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर बोले कि आने वाले समय में कांग्रेस में कोई गुटबाजी



पंचायत राज मंत्री रमेश चंद मीणा ने अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में पंचायत राज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

नहीं रहेगी। बड़ी पार्टी में सब बातें होती है, सीएम के नेतृत्व में सब एक हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा को लेकर कहा इसका राजस्थान को भी बड़ा फायदा होगा। यह बीजेपी के नेताओं कभी सोचा भी नहीं होगा कि राहुल गांधी को इतना रेस्पोंस मिलेगा। ये यात्रा एक सैलाब की तरह है। इस कारण राजस्थान को बडा फायदा होगा। इस अवसर पर मेवात बोर्ड के अध्यक्ष जुबेर खान भी मौजूद रहे।


1795
7.11.22

**उद्घोषणा ( इश्तिहार ) न्यायालय ( राजस्थान )**

व्यवहार मिश्रित (मुतफरिक) वाद संख्या 360/2022

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।

प्रार्थी- नाम देवेन्द्र कुमार पाटनी पुत्र आर के. पाटनी जाति....

विवाद स्थान 8/283 विद्याधर नगर जयपुर मृतक राजकुमार पाटनी की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक - 12.12.22

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/ प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम राजकुमार पाटनी पुत्र बिरधीचन्द पाटनी जाति.... निवासी 2007 पितलीयो का चौक जौहरी बाजार जयपुर/ 8/382 विद्याधर नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।

अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 12 माह 12 सन 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 7 माह 11 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
(मुहर) जिला एवं सेशन न्यायालय,
जयपुर महानगर द्वितीय



**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय-5 में किराए के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत प्रार्थना पत्र
न्यायालय: किराया अधिकरण कम-1 ( राज. )
जयपुर महानगर प्रथम जयपुर
श्रीमती शारदा देवी विरुद्ध मनोज कुमार
अर्जी संख्या 281/22
नाम मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री राजेश शर्मा
पता:- मकान प्लेट नंबर 43/32/11 स्वर्ण पथ मानसरोवर जयपुर

प्रार्थी ने आपके विरुद्ध किराये के पुनरीक्षण /बेदखली के लिए राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गई है ।आपको इस न्यायालय में तारीख 17.12.2022को 10.00 AM बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए उपसंजात( हाजिर )होने के लिए चेतावनी दी जाती है ।आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसको सम्यक् अनुदेश दिए गए हो और जो इस अर्जी से सम्बन्धित सभी सारवान् प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें ।आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उक्तदिन या इससे पूर्व 30/45 दिन के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य नोटिस की तामील होने की तारीख से दाखिल करें और उक्त तारीख पर या तामील होने के 30/45 दिन के भीतर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई को दावा का प्रतिदावा आधारित है। साथ ही यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में न हो, अपनी प्रतिरक्षा, मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हों, आप ऐसे दस्तावेज उल्लिखित समय के मय उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें । आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा के और जवाब के साथ उन सभी साक्षीगण के एवं स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत करें जो आपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते हैं तथा उन दस्तावेजों का और उस साक्ष्य का ब्यौरेवार वर्णन शपथ पत्र में किया जावें ।साथ ही जिन दस्तावेजों को न्यायालय में प्रदर्शित कराना हो उन पर लाल स्याही से प्रदर्श डालकर प्रस्तुत करें और शपथ पत्र पर ए से बी, सी से डी हस्ताक्षर इत्यादि या लिखावट आदि जिसको भी प्रमाणित कराना है, का उल्लेख भी किया जावें ।आपको पुन: आगाह किया जाता है कि उक्तनोटिस की तामील होने के 30/45 दिन के भीतर आप अपना प्रतिरक्षा उपरोक्त प्रवास में न्यायालय में अंकित करें या उक्त तारीख पेशी पर प्रस्तुत कर दें ।अन्यथा आपकी प्रतिरक्षा राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत समाप्त हो जायेगी ।आपको यह भी आगाह किया जाता है कि तारीख पेशी से पूर्व यदि आप द्वारा प्रतिरक्षा हेतु जवाब अर्जी शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते है तो न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता श्री को उक्तप्रतिरक्षा की और जवाब दावा शपथ पत्रों की, दस्तावेजों व अन्य साक्ष्यों की प्रति उपलब्ध करादें।

आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।यह आज दिनांक 15.11.2022को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

पीठासीन अधिकारी किराया अधिकरण सं.-1
(अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य महानगर जयपुर क्र. सं.-1
(मुहर) जयपुर महानगर जयपुर



**उत्तर पश्चिम रेलवे** **खुली ई-निविदा सूचना**

संख्याः डबलू/118/निविदा/वमई(सम०)जयपुर/इन्जीनिरिंग दिनांक : 15.11.2022

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यों के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं. 1 निविदा संख्या/कार्य का नाम :** इंजी./जय/2022-23/130 सहायक मण्डल इंजीनियर (रींगस) सब डिवीजन के कार्य में कुण्ड, पाली, डाबला, नारनौल, रींगस एवं श्री माधोपुर स्टेशन यार्ड के मेन लाइन के रेल को नवीनीकरण (प्राथमिक) करने का कार्य। **अनुमानित लागत :** 5201561/- **बयाना राशि :** 104000/- **क्र.सं. 2 निविदा संख्या/कार्य का नाम :** इंजी./जय/2022-23/131 वरिष्ट मण्डल इंजीनियर(उत्तर)/जयपुर के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर- रींगस के अधीन सुरक्षा से संबंधित मिसलेनियस रेलपथ के कार्य। **अनुमानित लागत :** 15993100/- **बयाना राशि :** 230000/- **क्र.सं. 3 निविदा संख्या/कार्य का नाम :** इंजी./जय/2022-23/132 वरिष्ट मण्डल इंजीनियर(उत्तर)/जयपुर के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर- सीकर के अधीन सुरक्षा से संबंधित मिसलेनियस रेलपथ के कार्य। **अनुमानित लागत :** 18855460/- **बयाना राशि :** 244300/- **क्र.सं. 4 निविदा संख्या/कार्य का नाम :** इंजी./जय/2022-23/133 वरिष्ट मण्डल इंजिनियर(उत्तर) जयपुर कार्य के क्षेत्र में आरपीसी खण्ड पर लोडिंग, अनलोडिंग की विभिन्न लूप लाइनों के ट्रैक (फिटिंग और रेल) पर की सफाई करने का कार्य। **अनुमानित लागत :** 5504937/- **बयाना राशि :** 110100/- **क्र.सं. 5 निविदा संख्या/कार्य का नाम :** इंजी./जय/2022-23/134 जयपुर - रोटेटिंग बायोलॉजिकल कॉन्ट्रेक्टर टेक्नोलॉजी के अनुसार 15 के एल डी क्षमता के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की वार्षिक देख रेख तीन वर्षों तक करने का कार्य। **अनुमानित लागत :** 2167200/- **बयाना राशि :** 43300/- **क्र.सं. 6 निविदा संख्या/कार्य का नाम :** इंजी./जय/2022-23/135 जयपुर - एस.एस.ई कार्य (कार्य) एस-1 जयपुर के कार्य क्षेत्र पर दो वर्ष की अवधि के लिये ओवरहेड टैंको व अंडर ग्राउन्ड वाटर (सम्प) की सफाई करने का कार्य। **अनुमानित लागत :** 3040764/- **बयाना राशि :** 60800/- **क्र.सं. 7 निविदा संख्या/कार्य का नाम :** इंजी./जय/2022-23/136 सहा. मं.इन्जी.(मुख्या0/III)जयपुर उपमण्डल पर पुराने केन्द्रीय अस्पताल की किचन का नवीनीकरण का कार्य व केन्द्रीय अस्पताल की पुरानी ओ0पी0डी भवन व नई बिल्डींग के पोर्च की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य। **अनुमानित लागत :** 3795466/- **बयाना राशि :** 75900/- **क्र.सं. 8 निविदा संख्या/कार्य का नाम :** इंजी./जय/2022-23/137 मण्डल इन्जी.(पूर्व)जयपुर अनुभाग पर टीएसआर (पी) 1.50 कि.मी. . टीआरआर (पी) 0.961 कि.मी., रिन्युअल ऑफ ग्ल्यूड ज्वाईन्ट एण्ड एसईजे एण्ड टीटीआर कार्य। **अनुमानित लागत :** 15085603/- **बयाना राशि :** 225400/- **क्र.सं. 9 निविदा संख्या/कार्य का नाम :** इंजी./जय/2022-23/138 मण्डल इन्जी. (पूर्व) जयपुर अनुभाग :- बस्सी-रेवाडी सैक्शन पर सीटीआर कार्य के सम्बन्ध मे विभिन्न सिविल कार्य। **अनुमानित लागत :** 46589564/- **बयाना राशि :** 382900/- **1** उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड - मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। **2.** निविदा इंजी./जय/2022-23/130 से इंजी./जय/2022-23/138 तक की बन्द होने की तिथि 07.12.22 समय 15.00 बजे एवं खुलने की तिथी 07.12.22 समय 16.00 बजे।

950-CQ/22

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए भरे फाउंडेशन में अनियमितता

**पावटा,** (निसं)। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा द्वारा भोनावास रोड पर स्ट्रीट लाईट के लिए भरे गए फाउंडेशन व पाइप व लाइन विस्तार के नाम पर शुरू से ही ठेकेदार द्वारा मनमानी की जा रही है।

■ घटिया किस्म की सामग्री व 1-2 इंची खड्डा खोदकर पोल खड़े कर दिये

जिसे लेकर नगरपालिका पावटा प्रागपुरा वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, नरपत सिंह सहित वार्ड पार्षदों व ग्रामीणों ने शिकायत में नगरपालिका से जांच की मांग की है। बताया गया है कि स्ट्रीट लाइट के लिए भरे गए फाउंडेशन में घटिया किस्म की सामग्री व 3-4 फीट की जगह 1-2 इंची खड्डा खोदकर पोल खड़े कर दिये गए हैं। वही जमीन के नीचे बिछाये वायरिंग पाइप को खड्डा खोदकर बिछाने की जगह खुला ही छोड उस पर मिट्टी डाल इति श्री कर ली गई। वही घटिया किस्म की केविल व पाइप लगाए गए है। शिकायत पर मौके पर पहुंचे नगरपालिका पावटा प्रागपुरा वाइस चेयरमैन अशोक सैनी, जेईएन शैलेंद्र, वार्ड पार्षद संजय सैन, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जगदीश ओला, मनीष निमोरिया, कैलाश गोठवाल सहित अन्य वार्ड पार्षदों सहित ग्रामीणों ने स्ट्रीट लाईट के लिए भरे गए फाउंडेशन की जांच की तो फाउंडेशन सहित पिल्लर गिरने को तैयार हो गए वही जमीन के नीचे बिछाये वायरिंग व पाइप को चेक किया तो वो गड्ढे खोदकर बिछाने की जगह खुले मे ही उन पर मिट्टी बिछाई हुई थी। जिस पर नगरपालिका पावटा प्रागपुरा वाइस चेयरमेन अशोक सैनी, जेईएन शैलेंद्र ने ठेकेदार को तुरंत फोन कर काम रोकने की बात कही। वहीं वाइस चेयरमेन अशोक सैनी ने बताया कि फाउंडेशन व पाइप व लाइन विस्तार के नाम पर ठेकेदार द्वारा की जा मनमानी बडे हादसो को न्यौता देती नजर आ रही है।

### विद्यार्थियों को गणवेश मिलना शुरू

**निवाई,** (निसं)। सरकारी स्कूलों में लम्बे इन्तजार के बाद पहली बार कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को गणवेश मिलने का सपना साकार हुआ।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीना बंसन ने बताया कि राज्य परियोजना निदेशक राजकीय स्कूल शिक्षा परिषद के आदेशानुसार राजकीय विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को निशुल्क यूनिफॉर्म फैब्रिक के 2 सेट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। यह यूनिफार्म विद्यालय में 31 अगस्त तक के नामांकित विद्यार्थियों को दिए जा रहे हैं।

संस्कृत शिक्षा के विद्यालयों को, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं महाबाडी केंद्रों में नामांकित बच्चों को जनजाति क्षेत्र विकास विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई है। यूनिफॉर्म का वितरण बुधवार प्रधानाचार्य देवेन्द्रपाल चौधरी के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई से किया गया।

# मर्डर का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

**अलवर,** (निसं)। 12नवंबर को जरिये टेलीफोन ईत्तला मिली की गांव चांदपुर से टोडा की तरफ जाने वाली सड़क के पास कुएं में एक लाश पड़ी हुई है।

जिसपर थानाधिकारी हनुमान सहाय उ.नि. मय जाप्ता के घटना स्थल पहुंचे। जहां पर अज्ञात महिला के शव को बाहर निकाल कर सीएचसी कठुमर की मोर्चरी में रखवाया गया।

तेजस्वनी गौतम जिला पुलिस अधीक्षक अलवर के निर्देशानुसार प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए सुरेश कुमार खींची अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अलवर व राजेश शर्मा वृताधिकारी वृत लक्ष्मणगढ अलवर के सुपरविजन में टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा अज्ञात महिला के शव की शिनाख्ती हेतु समस्त थानाधिकारी राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, यू.पी. मे वितन्तु संदेश जारी करवाया गया। 14 नवंबर को सजंय पुत्र बलराम उर्फ बल्लु जाति जाट निवासी मानोता कलाँ थाना नगर जिला भरतपुर ने उपस्थित सीएचसी कठुमर होकर मृतका कि लाश को अपनी बहन पूजा होना बताया। टीम द्वारा अज्ञात आरोपियान की तलाश की गई। टीम को जरिये मुखबीर सूचना मिली की जिस महिला को मारकर मकरेटा के कुए मे फेका है जिसके आरोपी जीतराम उर्फ जीतू व उसका भाई राहुल बख्तल की चोकी से एमआईए जाने वाले रास्ते पर पैदल पैदल जा रहे हैं।

आदि सूचना पर टीम पहुंचे जहां पर मुखबीर के बताये हुलिये के दो व्यक्ति पुलिस बावर्दी को देखकर भागने लगे। जिनको टीम द्वारा घेरा देकर पकडा व नाम पता पूछा तो एक ने अपना नाम जीतराम उर्फ जीतू पुत्र सोराम जाटव निवासी कैमला थाना बहतु कलां जिला अलवर होना बताया व दुसरे ने अपना नाम राहुल पुत्र श्री सोराम जाति जाटव उम्र 19 साल निवासी कैमला थाना बहतु कलाँ जिला अलवर होना बताया।

# मनरेगा कर्मियों ने प्रदर्शन किया

**पावटा,** (निसं)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीकृत कार्ड धारकों को स्थानीय स्तर पर सौ दिन का रोजगार प्रदान किया जाता है। लेकिन मनमानी के चलते तमाम कार्डधारकों को नियमित रोजगार नहीं मिल पाता है।

■ 500 जॉब कार्ड धारकों में से 280 कर्मिकों को काम जारी किया

मनरेगा कर्मियों को काम नहीं मिलने पर पावटा प्रागपुरा नगर पालिका कार्यालय में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। वहीं मौके पर पहुंचे जेईएन ने कहा कि मनरेगा प्रदर्शनकारियों की बात मान ली गयी है।मजदूरों की मुख्य मांग जॉब कार्ड बनाना और 100 दिन काम देना था। पहले भी जॉब कार्ड बनाए जा रहे और काम भी दिया जा रहा है। वहीं 500 जॉब कार्ड धारकों में से 280 मनरेगा कर्मिकों का मस्टरोल जारी कर काम दिया गया। जिन मजदूरों को काम नहीं मिल पाया, उन्हें काम दिया जाएगा। वही पावटा प्रागपुरा नगर पालिका वाइस चेयरमैन अशोक सैनी ने बताया कि कुछ नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा मनरेगा कर्मियों को कार्यस्थल पर जाकर धमकियां दी जाती थी। उन्हें डराया जाता था। लेकिन अब उनको पाबंद कर दिया गया है और यदि आप वह ऐसा दोबारा करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



मनरेगा कर्मियों ने काम नहीं मिलने पर पावटा प्रागपुरा नगर पालिका कार्यालय में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया।

### गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया

**निवाई,** (निसं)। पीपलू के ग्राम देवपुरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक पंडित चिरंजीलाल दाधीच ने गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया। दाधीच ने कहा की श्रीकृष्ण भगवान ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार कियाए वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथावाचक ने कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्सा, इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई। इस मौके पंडित महेंद्र दाधीच, गोपाल दाधीच, चंद्रमोहन शर्मा, देवकरण, सांवरा माली, छीतरलाल चौधरी, हनुमान एवं पन्नालाल चौधरी आदि मौजूद रहे।


**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय...सहायक कलक्टर...स्थान...
सांभरलेक...गोरधन...वगै...
विरूद्ध...बंशीधर वगै...
वाद बाबत घोषणा व स्थायी निषेधाज्ञा
वाद संख्या 163-2018

नाम बंशीधर पुत्र गणेश, ग्यारसीदेवी पत्नि ग्यारसीदेवी समस्त जाति अहीर नि. डीसा तहसील चौमू जिला जयपुर, कमला पुत्री गणेश पत्नि गुलाब जाति अहीर नि. जैतपुरा तहसील चौमू जिला जयपुर, विमला पुत्री गणेश पत्नि सावरमल जाति अहीर नि. खेड़ौली तहसील चौमू जिला जयपुर बरजी पुत्री गणेश पत्नि रामू जाति अहीर नि. खेड़ौली तहसील चौमू जिला जयपुर, गुलाब उर्फ गुल्ली पुत्री गणेश पत्नि बाबूलाल जाति अहीर नि. कान्धरपुरा तहसील चौमू जिला जयपुर, संतोष उर्फ बिदामी पुत्री गणेश पत्नि रामनिवास उर्फ रामनारायण जाति अहीर नि.कान्धरपुरा तहसील चौमूं जिला जयपुर, भागीरथ पुत्र नारायण जाति अहीर नि.डीसा तहसील चौमूं जिला जयपुर राज. विरूद्ध... के लिये वाद पंजीयत किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 29.11.2022 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो ओर जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें ओर उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। ओर यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता.14/11/22 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(मोहर अदालत) न्यायाधीश, सहायक कलेक्टर
सांभर लेक (जयपुर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत सराय कलां पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-ग्रा.प./निविदा/2022/22 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23** दिनांक-10/11/2022

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीसी इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य मुख्य सडक से श्रीराम मास्टर के घर की ओर से सिरोड खुर्द | 21.11.22 12 PM तक | 21.11.22 02PM तक | 21.11.22 03 PM तक | 06.0 लाख | 12000 | 500/- |
| 2 | ग्राम पंचायत सरायकलां के ग्राम टोडरपुर में मामचंद जांगिड के घर से मंदिर की ओर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 21.11.22 12 PM तक | 21.11.22 02PM तक | 21.11.22 03 PM तक | 07.0 लाख | 14000 | 500/- |
| 3 | राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चारदीवारी निर्माण कार्य सिरोड खुर्द | 21.11.22 12 PM तक | 21.11.22 02PM तक | 21.11.22 03 PM तक | 10.0 लाख | 20000 | 500/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत सराय कलां पं.स.मुण्डावर (अलवर) | NIB. ZAL2223A0888 UBN ZAL2223GLLB01229 | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सराय कलां पं.स.मुण्डावर (अलवर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत नंगली औझा पंचायत समिति मुण्डावर (अलवर) राज.**

क्रमांक-SPL-01 **अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 2022-23** दिनांक-15/11/2022

राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 के तहत एवं राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्यो हेतु पंचायती राज विभाग/जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/नगर निगम एवं राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार कमेटी को होगा। यदि कारणवश उसी दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। अमानत राशि ड्राफ्ट/नगद स्वीकार होगी। उक्त निविदा sppp पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक | निविदा खोलने की दिनांक | अनु.राशि (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा फार्म राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीसी इंटरलॉकिंग सडक निर्माण कार्य मेन रोड कालू पंडित के ऑफिस से प्रमोद खरादी की दुकान की ओर पुरानी मंडी का दांतला | 25.11.22 12 PM तक | 25.11.22 02PM तक | 25.11.22 03 PM तक | 07.0 लाख | 14000 | 500/- |
| 2 | सामुदायिक स्वच्छता कांपलेक्स निर्माण कार्य राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुखमनेहडी | 25.11.22 12 PM तक | 25.11.22 02PM तक | 25.11.22 03 PM तक | 03.0 लाख | 6000 | 500/- |
| 3 | सेलम के घर के पास स्थित बोरिंग से हरिजन बस्ती टंकी तक पाइप लाइन दबाने का कार्य दान्तला | 25.11.22 12 PM तक | 25.11.22 02PM तक | 25.11.22 03 PM तक | 3.57 लाख | 7140 | 500/- |

उक्त कार्यों के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाईबिल्टी पीरियड) का उत्तरादायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात नियमानुसार रहेगा, अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

सरपंच ग्राम पंचायत नंगली औझा पं.स.मुण्डावर (अलवर) | NIB. ZAL2223A0910 UBN ZAL2223GLOB01267 | ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत नंगली औझा पं.स.मुण्डावर (अलवर)

## संक्षिप्त

### पांच दिवसीय शिविर शुरू

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय समाज उपयोगी उत्पादकता और समाज सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रभारी कमला बागड़ी ने बताया कि उक्त शिविर के प्रथम दिन विद्यालय की प्राचार्या नविता कुमारी वर्मा ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं शिविरार्थी छात्राओं ने विद्यालय आंगन में मनमोहक रंगोली बनाकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर के दौरान पोस्टर , मेहन्दी एवं रंगोली, नृत्य-गायन, कक्षा सज्जा की प्रतियोगिता आयोजित हुई।

### युवक ने फांसी लगाई

**खैरथल, (निसं)।** स्थानीय गौरव पथ पर स्थित गीता कॉलोनी में एक शादीशुदा युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर दी। खैरथल थाना पुलिस ने बताया कि बुधवार को सुबह टेलीफोन से सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंखे में फंदा लगाकर लटके हुए 25 वर्षीय युवक महेन्द्र कुमार पुत्र रोशनलाल को नीचे उतारकर अस्पताल में पहुंचाया।

# 12 दिन बाद भी विकास प्रजापत के हत्यारे पुलिस पकड़ से दूर

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के बड़ाबास मोहल्ले में देवउठनी ग्यारस की रात दोस्तों के साथ किसी शादी में जाने की बात कहकर घर से निकले विकास प्रजापत की संदिग्ध मृत्यु मामले में परिजनों ने आज आक्रोश व्यक्त करते हुए मौन कैंडल मार्च निकाला।

- **हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने निकाला कैन्डल मार्च**
- **पुलिस पर मामले में लीपापोती का आरोप**



परिजनों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए मौन कैंडल मार्च निकाला।

परिजनों व सर्व समाज ने कोटपूतली के आजाद चौक पहुंचकर कैंडल जलाकर मृतक विकास प्रजापत को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि जुलूस में पूर्व विधायक रामस्वरूप कसाना व भाजपा नेता मुकेश गोयल सहित अनेक पार्षद व जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि जुलूस को समर्थन दिया व मृतक विकास के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की।

मृतक विकास की बहन सीमा ने आरोप लगाया कि घटना को 12 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। मृतक विकास की छाती व पैरों पर चोट के निशान थे व रस्सीनुमा चीज से बांधे जाने के निशान थे, साथ ही मृतक के अंडर गारमेंट्स व जूते व मोबाइल भी गायब थे। परिजनों का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर जांच को भटका रही है और मृतक की मौत पिल्लर गिरने से होना बता रही है, जबकि मृतक के शरीर के चोट के निशान व अन्य सबूत मृतक की हत्या होने की ओर इशारा कर रहे हैं। परिजनों की तरफ से थाने में मृतक के दोस्तों के खिलाफ हत्या का नामजद मामला दर्ज करवाया हुआ है। थानाधिकारी सवाई सिंह के बताए अनुसार थाना पुलिस तत्परता से मामले की छानबीन में जुटी हुई है। लेकिन परिजन पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि मौके पर एफएसएल टीम को 5 दिन बाद बुलाया गया, जिसके बीच बारिश आ चुकी थी, ऐसे में घटनास्थल से साक्ष्य मिटने की आशंका है। वहीं पुलिस ने अभी तक आरोपियों से मृतक का मोबाइल व अंडर गारमेंट्स भी बरामद नहीं किए हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मृतक के पैरों व छाती पर रस्सी जैसी चीज से बांधे जाने के निशानों को नकार रही है जबकि तस्वीरों में यह निशान साफ दिखाई दे रहे हैं।

## बदमाशों ने युवक पर कुल्हाड़ी से हमला किया

**लालसोट, (निसं)।** मंडावरी कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो बदमाश युवकों ने चाय की थड़ी पर बैठे एक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया एवं वहां इस दौरान बीच-बचाव करने वाले लोगों को बंदूक दिखाकर दूर हटा दिया गया।

बदमाशों को द्वारा कुल्हाड़ी से किए गए हमले में युवक संजय कुमार मीणा गंभीर रूप से घायल हो गया जिससे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावरी इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घटना उस वक्त की है जब युवक संजय कुमार मीणा खुद की मां का इलाज कराने के लिए आया हुआ था एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावरी बाहर चाय की थड़ी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान बदमाश युवक किशोरपुरा बीड़ ओली ढाणी निवासी देवेंद्र कुमार गुर्जर एवं राजकुमार मीणा निवासी खेजड़ा वाली ढाणी मंडावरी द्वारा बुरा वाली ढाणी मंडावरी के रहने वाले संजय कुमार मीणा के पांव में कुल्हाड़ी से जोरदार वार किया गया। इस वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। वहीं इस घटना को लेकर पीड़ित युवक संजय कुमार मीणा के पिता हरिप्रसाद मीणा द्वारा थाने में मामला दर्ज कराया है। वहीं एक वायरल वीडियो के आधार पर इनके बीच पुरानी रंजिश का मामला भी सामने आ रहा है।

## सार-समाचार

### छात्रों को स्कूल पोशाक वितरित की



**देवली, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र के चांदली में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना निशुल्क गणवेश वितरण योजना के तहत कक्षा 1 से 8 तक के अध्ययनरत बालकों को समारोह पूर्वक गणवेश वितरण की गई, सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक व समाजसेवी शिवपाल धाकड़ ,सरपंच प्रतिनिधि रवि हरिवंश, पूर्व सरपंच सीताराम हरिवंश, एसडीएमसी प्रतिनिधि रामस्वरूप डागर, समाजसेवी लक्ष्मण सिंह हाडा ,प्रधानाचार्य सांवतगढ़ हंसराज मीणा के कर कमलों द्वारा गणवेश वितरित की गई। समारोह में विद्यालय के राम प्रसाद प्रजापति, भगत सिंह मीणा सोनू खटीक, गोविंद नारायण विजय, राम रतन चौधरी, भूपेंद्र सिंह राजावत, गजेंद्र सिंह मीणा उपस्थित रहे।

### आधार कार्ड से बटवाया यूरिया

**मालपुरा, (निसं)।** एसडीएम रामकुमार वर्मा ने बुधवार को जिला कलेक्टर के आदेशों पर टोरडी व मालपुरा में खाद-बीज की दुकानों का निरीक्षण कर मौजूद किसानों को आधार कार्ड से यूरिया खाद का वितरण करवाया। एसडीएम वर्मा ने बताया कि नहरों में पानी छोड़ते ही यूरिया की डिमांड बढ जाने से परेशान हो रहे किसानों को राहत पहुंचाने तथा यूरिया खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला कलेक्टर के आदेशों पर टोरडी स्थित महावीर एण्ड कम्पनी खाद बीज की दुकान का निरीक्षण कर पॉश मशीन से यूरिया के स्टॉक का मिलान किया गया। शहर के दूदू रोड पर मालपुरा एग्रो फैड प्रोड्यूसर कम्पनी की दुकान व गोदाम का स्टॉक का मिलान कर मौजूद किसानों को प्रति आधार दो बैग यूरिया खाद का वितरण कराया गया। इस दौरान एसडीएम के साथ कृषि विभाग सहायक निदेशक नागरमल यादव भी मौजूद रहे।

### मातृ सम्मेलन का आयोजन

**नरैना, (निसं)।** कस्बे की सीतादेवी द्वारका प्रसाद मोदानी आदर्श विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन विद्या मंदिर के व्यवस्थापक राम रतन मालू की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फुलेरा संकुल के प्रभारी भगवान सहाय कुमावत रहे एवं विशिष्ट अतिथि व्यवस्थापक आदर्श विद्या मंदिर फुलेरा के रामेश्वर कुमावत रहे। भगवान सहाय कुमावत ने भारत के इतिहास में असाधारण कार्य करने वाली माताओं के बारे में जानकारी देकर भैया बहनों एवं विद्यालय में उपस्थित माताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य शंकर लाल, आचार्या शोभा शर्मा,आचार्या हर्षिका अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ भैया बहन एवं माताएं उपस्थित रहे।

### किसान गर्जना रैली की तैयारी बैठक

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** भारतीय किसान संघ ब्लाक कार्यालय बहरोड़ में बुधवार को अचानक से दोपहर 1बजे भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष दल्लाराम बाड़मेर व प्रदेश महामंत्री प्रवीण सिंह चौहान उदयपुर तथा मातादीन भाटी अलवर जिला अध्यक्ष एवं बाबूलाल पोसवाल के पहुंचने पर भारतीय किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा ब्लॉक कार्यालय पर 19 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने जा रही किसान गर्जना रैली में शामिल होने के लिए जयपुर तथा झालावाड़ एवं उदयपुर आदि से राजस्थान के हजारों की संख्या में बहरोड़ से गुजरने के दौरान क्षेत्र के किसानों तथा भारतीय किसान संघ की ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान नेशनल हाईवे नंबर 48 से भारतीय किसान संघ की किसान गर्जना रैली में शामिल होने जा रहे उक्त क्षेत्रों सहित किसानों की जलपान एवं ठहरने सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा करने के साथ ही बहरोड़ क्षेत्र के किसानों को रैली में पहुंचने की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए कार्य योजना तैयार की गई।

### गौरीशंकर सहप्रभारी नियुक्त

**फुलेरा, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल को मजबूती प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई के निर्देशानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ने विभिन्न जिलों में जिला प्रभारी एवं जिला सह प्रभारी नियुक्त किये है। जिसमें फुलेरा कस्बे के निवासी गोरीशंकर सैनी को जयपुर उत्तर का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके लिए गोरीशंकर सैनी को नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निर्मल शर्मा, राज्य स्तरीय खाद्य एवं नागरिक विभाग के प्रदेश स्तरीय सदस्य अयूब खान, फुलेरा नगर पालिका के सभी पार्षदगण, यूथ पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों ने व्यक्तिगत रूप से एवं मोबाइल फोन पर बधाई और शुभकामनायें प्रेषित की है।

### किसान को आर्थिक सहायता दी

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ तहसील के कोहराना गांव में पुष्प वर्षक हेलीकॉप्टर की तीव्र गर्जना से विचलित होकर जमीन पर गिरी भैंस की मौत होने पर क्षेत्रीय नेताओं ने गरीब किसान के घर जाकर लगभग 63000 रुपए की आर्थिक सहायता की वहीं बहरोड़ विधायक ने पीड़ित परिवार के घर जाकर संवेदना प्रकट करना भी 3 दिन बाद तक उचित नहीं समझा। गौरतलब है जैसा कि ग्रामीणों तथा पीड़ित किसान परिवार ने बताया कि विधायक द्वारा 13 नवंबर को अलवर जिले के बहरोड़ तहसील के नारनौल रोड पर स्थित गांव कोहराना में पुष्प वर्षक हेलीकॉप्टर की तीव्र गर्जना से विचलित होकर गिरने से भैंस की मौत हो गई थी जिसकी सूचना प्रशासन एवं पुलिस को देकर मुआवजे की मांग की गई थी।

## पायलट ने 95 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृती जारी की

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए विधायक विकास कोष से 95 करोड़ रूपये की स्वीकृति जारी की है।

पायलट ने ग्राम पंचायत मोरभाटियान के ग्राम राधावल्लभपुरा में करणी सागर तालाब की फेसवाल निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये, ग्राम राधावल्लमपुरा की बैरवा ढाणी में सी.सी. रोड मय नाली निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये, ग्राम पंचायत खरेडा के ग्राम खरेडा स्थित बैरवा बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपये, ग्राम खरेडा में रामप्रसाद चन्देल के मकान से दिलीप चावला के मकान तक सी.सी. सडक निर्माण के लिए 10 लाख रूपये, ग्राम जैथल्या की बैरवा बस्ती में रामदेवजी के मंदिर के पास खुर्रा निर्माण कार्य मय नाली के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम खरेडा में राधेश्याम बैरवा के मकान से बिसलपुर नहर तक ग्रेवल सडक निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत गणेती में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बीबोलाव में दो कक्षा-कक्ष निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये ग्राम पंचायत गोपालपुरा के ग्राम केरली में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये आदि की स्वीकृति जारी की है। साथ ही पूर्व में टोंक जिला मुख्यालय स्थित न्यायालय परिसर में बनी अधिवक्ता चैम्बर्स बिल्डिंग में लिफ्ट लगवाने के लिए जारी की गई 10 लाख रूपये की स्वीकृति कार्य का एस्टिमेट अधिक होने के कारण संशोधित कर 19 लाख रूपये की संशोधित स्वीकृति जारी की है। उक्त स्वीकृति जारी करने पर पीसीसी सदस्य सउद सईदी, नगर परिषद् टोंक के सभापति अली अहमद, टॉक प्रधान सुनीता गुर्जर, टोडारायसिंह प्रधान सीता देवी, निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण गाता, हंसराज गुर्जर, जिला परिषद् सदस्य घीसी देवी गुर्जर, रामप्रसाद चौपडा सहित समस्त कांग्रेसजनों ने पायलट का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

# पुलिस ने लूट की बोलेरो सहित चार बदमाशों को पकड़ा

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** थाना पुलिस द्वारा बामनवास थाना क्षेत्र से अज्ञात बदमाशों द्वारा बोलेरो वाहन की लूट को अंजाम देने के बाद वाहन को ले जाते समय मिली सूचना के आधार पर नाकेबंदी कर लूट की गई बोलोरो सहित चार बदमाशों को दबोच लिया।

वहीं एक पकड़े गए आरोपी सुनील निवासी पट्टी खुर्द थाना क्षेत्र बामनवास के पास से अवैध बंदूक मिलने के बाद रामगढ पचवारा थाना पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट में भी मुकदमा दायर किया गया है। रामगढ पचवारा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बीती रात बामनवास थाना क्षेत्र से लूट की गई बोलेरो रामगढ पचवारा थाना क्षेत्र से बदमाश लेकर जा रहे हैं। जहां थाना अधिकारी अजय सिंह के नेतृत्व में थाना पुलिस की टीम द्वारा विभिन्न जगहों पर घेराबंदी कर कमल मीणा राहुल मीणा निवासी दाता सूती सुनील मीणा निवासी पट्टी खुर्द थाना क्षेत्र बामनवास, राहुल मीना निवासी गाज़ीपुर महुआ हाल निवासी कर्मचारी कॉलोनी गंगापुर सिटी सहित सभी चार अज्ञात लुटेरों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की गई है। जिस लूट की गई बोलेरो को चार अज्ञात बदमाश लेकर जा रहे थे उसी का पीछा कार मालिक के परिचित द्वारा मोटरसाइकिल से पीछे पीछे किया जा रहा था। इसी दौरान थाना अधिकारी रामगढ पचवारा अजय सिंह की पुलिस टीम के साथ उस बोलेरो कार एवं इन बदमाशों को पकड़ने के प्रयास में पीछे लगे हुए थे। वही इस लूट की गई बोलेरो एवं बदमाश का पीछा कर रहे हैं बाइक सवारों द्वारा रास्ते में घनी आबादी देखकर गाड़ी को रुकवा लिया गया.. इसी के तुरंत बाद मौके पर रामगढ पचवारा थाना पुलिस को देखकर गाड़ी को रोककर लुटेरे बदमाश भागने लगे। जहां तीन बदमाश लुटेरे भागने में कामयाब हो गए लेकिन बाइक से पीछा कर रहे युवकों द्वारा एवं इनके साथ लगी युवाओं की टुकड़ी ने पुलिस को सहयोग कर बहादुरी दिखाते हुए एक बदमाश को पकड़ लिया गया एवं पुलिस के हवाले कर दिया गया। वहीं थाना अधिकारी अजय सिंह के नेतृत्व में बाकी भागे तीन बदमाशों में से दो बदमाशों को जंगल में पीछा करते हुए पकड़ लिया गया। उसी के कुछ देर बाद चौथे लुटेरे को भी पुलिस द्वारा दबोच लिया गया।


बदमाशों को पकड़ने के दौरान लोगों की भीड़ जमा हो गई।

- **बामनवास क्षेत्र में की थी वारदात**

## 'कोटपूतली को जिला बनाने की मांग को लेकर गृह राज्यमंत्री का बयान चुनावी नौटंकी'

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली विधायक व गहलोत सरकार में गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव द्वारा दो दिन पूर्व एक निजी चैनल को दिये गये अपने बयान में कोटपूतली को राज्य सरकार द्वारा 31 दिसम्बर तक जिला ना बनाये जाने पर अपने पद व कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिये जाने की चेतावनी को भाजपा नेता मुकेश गोयल ने चुनावी नौटंकी करार दिया है।

- **भाजपा नेता मुकेश गोयल ने प्रेस नोट जारी कर यादव पर लगाये आरोप, कहा दो माह पूर्व दिये इस्तीफे का क्या हुआ**

इस सम्बंध में प्रेस नोट जारी करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनावी वर्ष है। आने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी सम्भावित हार की बौखलाहट के चलते वे नौटंकी कर कोटपूतली की जनता को बरगलाना चाहते हैं। गोयल ने आरोप लगाया कि दो माह पूर्व राज्य सरकार के सियासी संकट के समय भी इन्होंने इस्तीफा दिया था। पहले जनता व प्रेस के समक्ष यह स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये कि उस इस्तीफे का क्या हुआ। पिछले चार वर्षों में कोटपूतली की जनता से किये गये चुनावी वादे को पूरा करने में राज्यमंत्री असफल रहे हैं। चुनाव के समय मात्र ढाई वर्षों में कोटपूतली को जिला बनाने का आश्वासन जनता को दिया था, इसका जवाब भी जनता चाहती है।

गोयल ने यह भी कहा कि गहलोत सरकार की साख भ्रष्टाचार के मामले में पूरे देश में गिरी है। साथ ही कोटपूतली में भी भ्रष्टाचार चरम पर है। इसमें राज्यमंत्री यादव की अहम भूमिका है। आने वाले दिनों में राज्य सरकार के सम्भावित नेतृत्व परिवर्तन में इनका मंत्री पद छीनने की सम्भावना है।

कोटपूतली से गृह राज्यमंत्री होने के बावजूद भी यहां अपराध निरन्तर बढ़ रहा है। क्षेत्र की कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। साथ ही राजस्थान अपराधियों की शरण स्थली भी बन गया है। इसके लिए भी गृह राज्यमंत्री यादव सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। कोटपूतली नगर परिषद के पास बिजली का बिल भरने के पैसे नहीं है। इसके बावजूद भी रोड के बीचों-बीच डिवाईडर लगाकर पैसों की बर्बादी व आम जनता को परेशान किये जाने का काम किया जा रहा है। गोयल ने कहा कि आने वाले समय में पद व पार्टी के साथ-साथ इनके कोटपूतली छोड़ने की भी सम्भावना गहरा गई है।

गोयल ने इस अनुशासनहीनता पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव को पार्टी व पद से बर्खास्त किये जाने की मांग की।

## कार्यशाला का समापन

**राजगढ़, (निसं)।** कस्बे के कोठीनारायणपुर स्थित राव एज्युकेशन एकेडमी में मानव विकास संस्थान(एचडीआई) की ओर से शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से विशेष बच्चों (पीडब्ल्यूडी) के सशक्तिकरण के लिए कार्य किए जा रहे हैं। डाबला मेव गांव की आधारशिला आधारशिला की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला अलग-अलग विद्यालयों व संस्थानों में श्रवण बाधित बच्चों को शिक्षा, कौशल विकास, परामर्श, मार्गदर्शन और उपचारात्मक सेवाएं प्रदान कर छात्र-छात्राओं एवं अन्य लोगों को समझाने के लिए सांकेतिक भाषा व संबंधी संकेतों की जानकारी मूक बधीर विद्यालय के भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी आरसी मीना एवं उनकी टीम के सदस्य स्वाति, नितेश, तरनजीत, गगनदीप, पायल, विकास ने छात्र-छात्राओं को दी। बच्चों को सांकेतिक भाषा के माध्यम से अपने बचाव तथा परिवार वालों और अतिथियों का सांकेतिक भाषा में स्वागत किया।

## प्रभारी सचिव ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**टोंक, (निसं)।** जिला प्रभारी सचिव संदीप वर्मा बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर टोंक जिले में रहे। वर्मा ने मनरेगा, नहरों की सफाई, राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बंमोर एवं मिड-डे मील, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना, जिला सआदत एवं मातृ एवं शिशु अस्पताल, सीएचसी छान व पीएचसी भरनी का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल भी मौजूद रही।

जिला प्रभारी सचिव ने सबसे पहले ग्राम चंदलाई में मनरेगा के तहत चल रहे नाडी खुदाई के कार्यो का जायजा लेते हुआ कहा कि मनरेगा योजना के तहत ऐसे कार्य कराये जाए, जिसका लाभ लंबे समय तक लोगों को मिल सके। वर्मा ने बीसलपुर की 5.568 मीटर की बमोर वितरिका की नहर सफाई के कार्यो को देखा। साथ ही क्षतिग्रस्त नहरों को शीघ्र दुरूस्त कराने के निर्देश दिए।

महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी सचिव ने शिक्षकों द्वारा अंग्रेजी माध्यम में विद्यार्थियों को पढाए जाने, विद्यालय का नामांकन एवं स्टॉफ, पेयजल व छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय, कुक कम हेल्पर का मानदेय दिये जाने की स्थिति की जानकारी ली। जिला मुख्यालय पर सआदत अस्पताल व मातृ एवं शिशु अस्पताल में चल रहे रिनोवेशन कामों को त्वरित गति से पूरा करने पर जोर दिया।

प्रभारी सचिव के निरीक्षण के दौरान एसीईओ मुरारीलाल शर्मा, अधिशाषी अभियंता मनरेगा प्रेमचंद बैरवा, सीडीईओ ओपी कोली, सीएमएचओ देवप्राज मीणा, पीएमओ बीएल मीणा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता आर के गुप्ता, बीसलपुर के कनिष्ठ अभियंता सौरभ शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जगह-जगह एकत्रित गंदे पानी से बीमारी फैलने की आशंका

**चाकसू, (निसं)।** नगरपालिका चाकसू के विभिन्न वार्डों में खाली पड़े भूखण्डों में एकत्रित बरसाती पानी अब आसपास के लोगों के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है।

पानी का सही निकास नहीं होने एवं भूखंड मालिक द्वारा निर्माण नहीं कराए जाने के कारण अथवा नगरपालिका के खाली पड़े भूखंड पर लगभग चार महिनों से एकत्रित पानी अब बदबू एवं सड़ांध मारने लगा है। वहीं अनेक प्रजातियों के विषैले कीट, मक्खी मच्छर पैदा हो गये हैं।

आसपास के रहने वाले परिवारों में अनजाने में बीमारियों के फैलने की आशंका से भर पैदा होने लगा है। रोडवेज बस स्टैंड के ठीक सामने, कोटखावदा रोड, निमोडिया रोड, टिगरिया रोड, न्यायालय मार्ग पर आबादी के मध्य स्थित खाली स्थानों पर भरा पानी अनेक बीमारियों के कारण बनता जा रहा है। वार्ड 30 नगरपालिका के नजदीक से निकल रहे नाले में जबरदस्त गंदगी एवं कीचड़ भरा है। निजी अस्पताल श्रीओम हॉस्पिटल के ठीक सामने एवं आसपास खाली भूखंड गंदगी, गंदे पानी एवं विलायती बंबूलों से भरे पड़े अनेक प्रकार की बीमारियों को आमंत्रण दे रहे हैं। अस्पताल के प्रबंध निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिका प्रशासन एवं उपखंड अधिकारी से अनेक बार अनुरोध कर चुके हैं लेकिन किसी भी स्तर पर कार्यवाही नहीं हो रही।

पार्षद दिनेश कुमार शर्मा, सलमा खान, राधादेवी शर्मा समाजसेवी राधेश्याम ठेकेदार, महावीर प्रसाद गुप्ता, शफीक खान, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह खुराना सहित अनेक लोगों का कहना था कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगरपालिका प्रशासन को आगे आकर इस समस्या का समाधान करना होगा अन्यथा मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।


नगर पालिका रोड पर ओम हॉस्पिटल के सामने एकत्रित गंदा पानी बीमारियों को न्यौता दे रहा है।

- **विभिन्न वार्डों में एकत्रित बरसाती पानी लोगों के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है**

## पूर्व राज्यपाल मलिक का स्वागत

**कोटपूतली, (निसं)।** पश्चिमी बंगाल, गोवा के पूर्व राज्यपाल प्रो. चौधरी सत्यपाल मलिक के बुधवार को दिल्ली से जयपुर जाते वक्त कोटपूतली आगमन पर जगह-जगह स्वागत किया गया।

ग्राम सांगटेड़ा स्टैण्ड पर युवा नेता अनिल जाट, रोहिताश कपुरिया, सरपंच सोनू चौधरी, संदीप जाट, विश्वेन्द्र कपुरिया, जयप्रकाश जाट, एड. प्रदीप चौधरी, सांवत, जितेन्द्र, देशराज, राजू, राजवीर, सुनील आदि ने स्वागत किया। वहीं बानसूर कट पर राजस्थान जाट महासभा के तत्वाधान में संरक्षक रामजीलाल, जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, उपाध्यक्ष संदीप मान, प्रकाश ओला व प्रकाश मान आदि ने स्वागत किया। इसी प्रकार ग्राम कंवरपुरा स्थित होटल हाईवे ताज पर युवा रेवॉल्युशन अध्यक्ष मनोज चौधरी, अनिरूद्ध सिंह, अक्षय जोशी, जितेन्द्र टांक, बृजभान सिंह व प्रवीण यादव आदि ने स्वागत किया। इस दौरान मलिक ने कहा कि किसानों व मजदूरों पर अत्याचार बर्दाश्त से बाहर है। उनकी आवाज को किसी भी स्थिति में दबाया नहीं जा सकता। सच को कितना भी छुपाया जायें, वह बाहर आ ही जाता है।

# कांग्रेस सेवादल ने तिरंगा रैली निकाली

**टोंक, (निसं)।** कांग्रेस सेवादल की ओर से टोंक विधानसभा ब्लॉक शहर की भारत जोडो यात्रा तिरंगा रैली जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक के नेतृत्व में घंटाघर तक निकाली गई। इससे पूर्व कार्यालय में पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. आत्माराम गोयल के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष खालिक खान ने बताया कि इस अवसर पर टोंक जिला कांग्रेस सेवादल प्रभारी रामअवतार शर्मा का स्वागत किया गया। धर्मेन्द्र सालोदिया, कांग्रेस युवा नेता हंसराज गाता का साफा बांधकर स्वागत किया गया। रैली में मुख्य रूप से प्रदेश से आए जिला प्रभारी जिला अध्यक्ष अब्दुल खालिक के नेतृत्व में निकाली गई। इससे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता एकत्रित हुए, वहां पर प्रदेश प्रभारी ने कहा कि आगामी दिनों में भारत जोडो यात्रा राजस्थान में प्रवेश कर रही है जिसमें सेवादल के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में जुडेंगे। इस अवसर पर सेवादल जिला अध्यक्ष अब्दुल खालिद, धर्मेंद्र सालोदिया आदि ने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि भारत जोडो यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर राजस्थान पहुंचने पर यात्रा को एक ऐतिहासिक बनाएं। इस अवसर पर महिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष शबाना, खादी बोर्ड सदस्य मुराद गांधी, मासूम अली, सुभाष मिश्रा, इरशाद खान शहर अध्यक्ष, शौकत खां, सतीश शर्मा, रामलाल फौजी, यज्ञराम गुर्जर, प्रदेश संयुक्त सचिव बैणीप्रसाद, उपस्थित रहे।



कांग्रेस सेवादल ने टोंक विधानसभा ब्लॉक शहर की भारत जोड़ो यात्रा तिरंगा रैली निकाली।



ग्लेन मैक्सवेल को लेकर थोड़ी चिंता है। टूटे पैर के साथ वह रिटेनशन चरण की ओर बढ रहा है। हमारे पास जानकारी है कि वह आईपीएल से काफी पहले वापसी कर लेंगे। और क्रिकेट खेलेंगे। **- माइकल हेसन**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के क्रिकेट निदेशक, ग्लेन मैक्सवेल के बारे में।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

### शरत कमल



**भारत** के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के खिलाड़ियों के आयोग में चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गए। एशिया, अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और ओशनिया से आठ खिलाड़ी (चार पुरूष और चार महिला) 2022 से 2026 के लिये आयोग में चुने गए हैं। भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को 187 वोट मिले जबकि उनसे अधिक वोट सिर्फ रोमानिया की एलिजाबेटा समारा (212) को ही मिले। चीन की लियू शिवेन महिला कोटे से चुनी गई लेकिन उन्हें सिर्फ 153 वोट मिले।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## रुबलेव को हराकर जोकोविच सेमीफाइनल में

तूरिन, 16 नवंबर। पांच बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां आंद्रे रुबलेव को 6-4, 6-1 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सातवें वरीय जोकोविच ने रुबलेव को केवल 68 मिनट में हरा दिया। यह उनकी दो मैचों में दूसरी जीत है। इस तरह से उन्होंने साल के इस आखिरी टूर्नामेंट में 11वीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। जोकोविच इस टूर्नामेंट में रोजर फेडरर के रिकॉर्ड छह खिताब की बराबरी करने की कवायद में हैं। उन्होंने यहां अपनी आखिरी खिताबी जीत 2015 में दर्ज की थी। जोकोविच ने अपने पहले मैच में स्टेफनोस सिटसिपास को हराया था। रेड ग्रुप में सिटसिपास का अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा जो अपना पहला मैच हार गए थे। राफेल नडाल मंगलवार को अपना दूसरा मैच हारने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। कैस्पर रूड ने जहां सेमीफाइनल में जगह बना ली है वहीं फेलिक्स ऑगर अलीसिमे और टेलर फ्रिट्ज गुरुवार को एक-दूसरे का सामना करेंगे जिसका विजेता ग्रीन ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचेगा।

## एआईएफएफ की कार्यकारी समिति कीबैठक आयोजित

गंगटोक, 16 नवंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की बैठक बुधवार को यहां आयोजित की गई। सितंबर में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष चुने गए कल्याण चौबे ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए जमीनी स्तर पर विकास महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, "मैं देखता हूं कि सिक्किम का फुटबॉल के लिए प्यार सुनियोजित और मूल है।" सिक्किम फुटबॉल संघ (एसएफए) के अध्यक्ष मेनला एथेनपा ने कहा कि यह पहली बार है जब एआईएफएफ ने राज्य में अपनी बैठक की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे राष्ट्रीय स्तर पर सिक्किम के फुटबॉल को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, "सिक्किम को चुनने के लिए अध्यक्ष का धन्यवाद क्योंकि इससे फायदा होगा।" कार्यकारी समिति के सदस्यों और चौबे ने यहां ताशी नामग्याल अकादमी (टीएनए) मैदान का दौरा किया जहां 300 खिलाड़ियों का कोचिंग शिविर चल रहा है।

## रामगढ़ की शांत वादियों में पहुंचे विराट, अनुष्का

नैनीताल, 16 नवम्बर। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली पत्नी एवं सिने अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ बुधवार को नैनीताल में रामगढ़ की शांत वादियों में पहुंचे। विराट और अनुष्का का यह निजी दौरा है इसलिये इसकी किसी को भी भनक नहीं लगी। दोनों निजी हेलीकॉप्टर से घोड़ाखाल स्थित सैनिक स्कूल के मैदान में उतरे और पहले से खड़ी गाड़ियों में बैठकर रवाना हो गये। उन्होंने यहां पहुंचकर किसी से बात नहीं की और मीडिया से भी दूरी बनाये रखी। बताया जा रहा है कि घोड़ाखाल स्कूल के छात्र भी उनकी अगुवाई के लिये खड़े रहे, लेकिन दोनों किसी से नहीं मिले। सैनिक स्कूल के मैदान में उतरने के लिये उनकी ओर से पहले से अनुमति ली गयी थी। उन्हें उतारने के बाद हेलीकॉप्टर तुरंत वापस रवाना हो गया। ऐसा बताया गया कि उनका काफिला रामगढ़-मुक्तेश्वर की ओर गया। वह यहां किसी खास मित्र की कोठी में ठहरेंगे। दोनों कुछ दिन यहां आराम फरमायेंगे। बताया जा रहा है कि अति विशिष्ट अतिथि के आगमन की सूचना पर भवाली पुलिस भी सुरक्षा के लिए यहां पहुंची थी, हालांकि किसी अन्य व्यक्ति को कोहली और अनुष्का के आने की भनक नहीं लगी।

## बाबर को कोहली से निस्वार्थता सीखनी चाहिये : कनेरिया

कराची, 16 नवंबर। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने कहा है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म को विराट कोहली से निस्वार्थता सीखकर बल्लेबाजी क्रम में अपनी जगह बदलनी चाहिये। कनेरिया ने मंगलवार को अपने यूट्यूब चैनल पर जारी वीडियो में कहा, बाबर आज़म ओपनिंग करने को लेकर जिद्दी हैं। जब वह कराची किंग्स में थे तब भी ऐसा ही हुआ। वह इसे लेकर अड़े हुए हैं क्योंकि वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी नहीं कर सकते। उनकी ज़िद से पारी की धीमी शुरुआत पाकिस्तान क्रिकेट को नुकसान पहुंचा रही है। कनेरिया ने कहा, जब निस्वार्थ होने की बात आती है तो विराट कोहली जैसा कोई नहीं। (भारतीय) टीम उनकी कप्तानी में विश्व कप हारी, और उन्हें इसके लिये निशाना बनाया गया। कई लोगों ने टीम में उनकी जगह पर सवाल उठाया लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने नये कप्तान का पूरा समर्थन किया और जहां कहा गया वहीं बल्लेबाजी की। उल्लेखनीय है कि भारत के लिये तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले कोहली ने टी20 विश्व कप के छह मैचों में 136 के स्ट्राइक रेट के साथ 296 रन बनाये, जिनमें चार अद्धर्शतक शामिल हैं।

## रोनाल्डो के समर्थकों द्वारा लगाए गए पुर्तगाली ध्वज को नष्ट करने के मामले में एक गिरफ्तार

कन्नूर (केरल), 16 नवंबर। फीफा विश्व कप से पहले दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के प्रशंसकों द्वारा यहां पनूर इलाके में सड़क किनारे लगाए गए पुर्तगाल के ध्वज को कथित तौर पर नष्ट करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस यूरोपीय देश का ध्वज फाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। कुछ का दावा है कि यह व्यक्ति कथित तौर पर भाजपा का समर्थक है और उसने गलती से यह राजनीतिक पार्टी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ़ इंडिया का ध्वज समझ लिया था। एसडीपीआई को प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया ने एक दशक पहले गठित किया था।

# हमें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं : पांड्या

**जब आप अच्छा प्रदर्शन नहीं करते तो लोग अपनी राय देंगे, जिसका हम सम्मान करते हैं। मैं समझता हूं कि लोगों का अलग-अलग नजरिया होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने के नाते, मुझे नहीं लगता कि हमें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत है।**

वेलिंगटन, 16 नवंबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 शृंखला के लिये भारत के कप्तान हार्दिक पांड्या ने इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन को जवाब देते हुए बुधवार को कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है।

उल्लेखनीय है कि वॉन ने टी20 विश्व कप 2022 के समापन के बाद डेली टेलिग्राफ अखबार में लिखा था कि भारत ने सीमित ओवर क्रिकेट में हमेशा अपेक्षा से कम प्रदर्शन किया है। पांड्या ने टी20 शृंखला से पहले यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब आप अच्छा प्रदर्शन नहीं करते तो लोग अपनी राय देंगे, जिसका हम सम्मान करते हैं। मैं समझता हूं कि लोगों का अलग-अलग नजरिया होता है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने के नाते, मुझे नहीं लगता कि हमें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत है। पांड्या ने कहा, यह एक खेल है। आप बेहतर होने की कोशिश करते हैं और जब इसका परिणाम मिलने का समय होता है, तब परिणाम मिलता है। कुछ चीजें हैं जिनपर हमें काम करने की जरूरत है। आगे बढ़ते हुए हम अपनी गलतियों को सुधारेंगे और उनपर काम करेंगे।

भारत को पांड्या की कप्तानी में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला खेलनी है, जिसके बाद शिखर धवन तीन एकदिवसीय मैचों में टीम की कमान संभालेंगे।



भारत के न्यूजीलैंड दौरे के लिये रोहित शर्मा, केएल राहुल और विराट कोहली जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। पांड्या को विश्वास है कि वरिष्ठों की अनुपस्थिति में युवा खिलाड़ी इस अवसर पर आगे आकर अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

पांड्या ने कहा, कई प्रमुख खिलाड़ी यहां नहीं हैं लेकिन जो खिलाड़ी यहां हैं वह भी पिछले कुछ सालों से भारत के लिये खेल रहे हैं। उनके पास अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को अभिव्यक्त करने का और अपनी क्षमता दिखाने का पर्याप्त समय मिला है। मैं उनके लिये बहुत उत्साहित हूं। यह एक नयी टीम है और नये खिलाड़ियों में नयी ऊर्जा है। उनको खेलते हुए देखना रोमांचक होगा।

न्यूजीलैंड आने से पहले भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप 2022 में हिस्सा ले रही थी जहां वह सेमीफाइनल तक ही सफर कर पाई। भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट की करारी हार का सामना करना पड़ा था। पांड्या ने विश्व कप सेमीफाइनल की हार के बारे में कहा कि हालांकि वह नतीजे से निराश थे, लेकिन उन्हें इससे आगे बढ़कर आने वाली प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

पांड्या ने कहा, हमें निराशा है लेकिन हम पेशेवर खिलाड़ हैं और हमें इसे बर्दाश्त करना होगा। हमें अपनी असफलताओं को उसी तरह सहना होगा जैसे हम अपनी सफलताओं को मनाते हैं, और हमें आगे बढ़ते हुए अपनी गलतियों को सुधारना होगा।

टी20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला 18 नवंबर को शुरू होकर 22 नवंबर को नेपियर में तीसरे मैच के साथ समाप्त होगी, जबकि पहला एकदिवसीय मैच 25 नवंबर को ऑकलैंड में खेला जाएगा। यह दौरा 30 नवंबर को क्राइस्टचर्च में तीसरे वनडे के साथ समाप्त होगा।

# सूर्यकुमार टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज, हेल्स ने लगाई बड़ी छलांग



दुबई, 16 नवंबर। भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 विश्व कप 2022 में शानदार प्रदर्शन के दम पर बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में नंबर एक पर बरकरार हैं, जबकि इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स बड़ी छलांग लगाकर 12वें स्थान पर आ गये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार सूर्यकुमार की रेटिंग हालांकि 869 अंकों से गिरकर 859 पर आ गयी है, लेकिन वह अभी भी दूसरे स्थान पर मौजूद मोहम्मद रिज़वान (836) से 23 पॉइंट आगे हैं।

सूर्यकुमार ने टी20 विश्व कप की छह पारियों में कुल तीन अद्धर्शतक जड़ते हुए 59.75 की औसत और 189.68 के स्ट्राइक रेट के साथ 239 रन बनाये। दूसरी ओर, भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में 47 गेंदों पर नाबाद 86 रन बनाने वाले हेल्स टी20 रैंकिंग में 22 पायदान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर आ गये। वह टूर्नामेंट में 42.40 की औसत से 212 रन बनाकर इंग्लैंड के लिये सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर रहे। इसी साल इंग्लैंड की टीम में वापसी करने वाले हेल्स 2022 में 30.71 की औसत और 145.27 के स्ट्राइक रेट से 430 रन बना चुके हैं।

इसी बीच, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज राइली रूसो ने भी टी20 के शीर्ष 10 में जगह बनायी है। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में मैच जिताऊ अर्धशतक बनाया और एक स्थान की छलांग लगाते हुए नंबर तीन पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स के आठवें स्थान पर खिसकने के कारण रूसो भी सातवें स्थान पर पहुंच गये। रूसो ने टी20 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ शानदार शतक लगाया था।

टी20 गेंदबाजों की सूची में इंग्लैंड के लेग-स्पिनर आदिल रशीद ने बड़ी छलांग लगाई है। रशीद भारत के खिलाफ सेमीफाइनल (20 रन, एक विकेट) और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल (22 रन, दो विकेट) में किये गये प्रदर्शन की बदौलत पांच पायदान की बढ़त के साथ तीसरी रैंकिंग पर पहुंच गये हैं।

रशीद के हमवतन और टी20 विश्व कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सैम करेन पांचवें नंबर के टी20 गेंदबाज बन गये हैं, जबकि श्रीलंका के वानिंदू हसरंगा शीर्ष रैंकिंग पर बरकरार हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में भारतीय हरफनमौला हार्दिक पांड्या तीसरे स्थान पर हैं जबकि बंगलादेश के कप्तान शाकिब अल हसन शीर्ष पर और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी दूसरे स्थान पर हैं।

# अर्शदीप में बेजोड़ क्षमता पर अकरम से तुलना करने से दबाव में आएगा : रोड्स



नयी दिल्ली, 16 नवंबर। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार क्रिकेटर जोंटी रोड्स का मानना है कि अर्शदीप सिंह ने क्रिकेटर के रूप में जबर्दस्त प्रगति की है और उनमें बेजोड़ क्षमता है लेकिन महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम के साथ तुलना करने से उस पर दबाव बनेगा।

भारत के 23 साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने टी20 विश्व कप में भारत के अभियान के दौरान प्रभावित किया जहां भारत को अंततः चैंपियन बने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने में सक्षम अर्शदीप टी20 विश्व कप में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने छह मैच में 10 विकेट चटकाए और इस दौरान 7.80 रन प्रति ओवर की गति से रन दिए। रोड्स ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, "मुझे लगता है कि स्विंग के सुल्तान महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम से तुलना से वह काफी दबाव में आ जाएगा।"

उन्होंने कहा, "अर्शदीप ने निश्चित तौर पर पिछले दो साल में प्रगति की है और अन्य भारतीय तेज गेंदबाजों के साथ भी ऐसा ही है। आप बुमराह को देखिए और उसने इतनी तेजी से प्रगति की और अर्शदीप ने भी ऐसा की किया, वह युवा तेज गेंदबाज है। वह सीखने और आपकी बातें सुनने को तैयार रहता है और कड़ी मेहनत करना है।"

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, "वह गेंद को स्विंग कराता है और डेथ ओवरों में उसने शानदार गेंदबाजी की है। वह पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी करता है, गेंद पर उसका अच्छा नियंत्रण है और वसीम अकरम की तरह अराउंड द विकेट गेंदबाजी प्रभावी तरीके से कर सकता है।"

इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स के क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में अर्शदीप के साथ काम कर चुके रोड्स का मानना है कि इस युवा तेज गेंदबाज में काफी क्षमता है। लगातार दो टी20 विश्व कप में निराशा के बाद भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों के सीनियर खिलाड़ियों की जगह लेने की उम्मीद है। यह पूछने पर कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड को किन खिलाड़ियों पर निवेश करना चाहिए। रोड्स ने कहा, "न्यूजीलैंड गई टीम के खिलाड़ी काफी युवा हैं जिन पर बीसीसीआई को निवेश करना चाहिए। इसके अलावा कुछ और शानदार खिलाड़ी मौके मिलने का इंतजार कर रहे हैं।"

## ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा चुनौतीपूर्ण होगा

नयी दिल्ली, 16 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया की टीम जब अगले साल फरवरी-मार्च में भारत दौरे पर आएगी तो दिल्ली को पांच साल से अधिक समय बाद टेस्ट मैच की मेजबानी का मौका मिल सकता है। बाकी तीन टेस्ट मैचों की मेजबानी के लिए जिन अन्य स्थलों को चुना जा सकता है उनमें अहमदाबाद, धर्मशाला और चेन्नई शामिल हैं।

यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के लिए यह दूसरी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के अंतिम चार मैच होंगे। असल में भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से हराना होगा जो कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पारंपरिक रूप से चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला होती रही है लेकिन 2024 से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अगले भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में यह पांच मैचों की श्रृंखला होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के रोटेशन फार्मूला के अनुसार दिल्ली को टेस्ट मैच की मेजबानी मिलना तय है। दिल्ली में आखिरी टेस्ट मैच श्रीलंका के खिलाफ दिसंबर 2017 में खेला गया था। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा," दिल्ली को चार टेस्ट मैचों में से दूसरे टेस्ट मैच की मेजबानी मिल सकती है।

## एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप के 7वें दिन भारत ने जीते सभी स्वर्ण

डेगू (दक्षिण कोरिया), 16 नवंबर। भारतीय निशानेबाज़ों ने एशियाई एयरगन चैंपियनशिप 2022 में बुधवार को लगातार दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीत लिये। रिदम सांग्वान ने भारत को दिन का पहला पदक दिलाते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल महिला प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। रिदम ने इस साल का दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण जीतने के लिये अपनी हमवतन पलक को 16-8 से शिकस्त दी। मनू भाकर ने भी जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल में अपनी हमवतन ईशा सिंह को 17-15 से हराकर स्वर्ण जीता। शिवा नारवाल, नवीन और विजयवीर सिद्धू ने स्वर्ण पदकों के सिलसिले को जारी रखते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल टीम पुरुष फाइनल जीता। उन्होंने भारत के लिये दिन का तीसरा स्वर्ण जीतते हुए कोरिया के ली डैमयंग, मोक जिन मुन और पार्क डैहुन को 16-14 से मात दी। सागर डांगी, सम्राट राणा और वरुण तोमर की जूनियर पुरुष टीम ने अपने वरिष्ठों के पदचिह्नों पर चलते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल टीम पुरुष जूनियर का स्वर्ण हासिल किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में उज़्बेकिस्तान के मुहम्मद कमालोव, नुरिद्दीन नूरिद्दीनोव और इलखोम्बेक ओबिदजोनोव को 16-2 की करारी शिकस्त दी। नौ नवंबर को शुरू हुई चैंपियनशिप के समापन में दो दिन शेष हैं जबकि भारत इस प्रतियोगिता में 22 स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य सहित कुल 34 पदक जीत चुका है।

## कतर विश्व कप के आयोजकों ने डेनमार्क के टीवी कर्मियों से माफी मांगी

दोहा, 16 नवंबर। कतर फुटबॉल विश्व कप के आयोजकों ने डेनमार्क के एक टेलीविजन स्टेशन से माफी मांगी है जिसके दोहा की एक सड़क से सीधे प्रसारण को सुरक्षा कर्मियों ने बाधित कर दिया था और कैमरा उपकरण तोड़ने की धमकी दी थी। आयोजकों ने बयान में स्वीकार किया कि टीवी2 चैनल के पत्रकारों को मंगलवार देर रात 'गलतफहमी के चलते बाधित किया गया'। आयोजकों ने कहा, "टीवी कर्मियों के दल की टूर्नामेंट की वैध मान्यता और शूटिंग करने के परमिट के निरीक्षण के बाद सुरक्षाकर्मियों ने प्रसारणकर्ता से माफी मांगी जिसके बाद टीवी कर्मियों ने अपनी गतिविधियां दोबारा शुरू की।"

रिपोर्टर रैसमस टेंटहोल्ड डेनमार्क में एक न्यूज एंकर से 'लाइव' (सीधा प्रसारण) बात कर रहे थे जब तीन आदमी उनके पीछे एक इलेक्ट्रिक गाड़ी में आए और प्रसारण रोकने की कोशिश की। टेंटहोल्ड को अंग्रेजी में कहते सुना गया, "आपने पूरी दुनिया को यहां आने के लिए आमंत्रित किया, हम शूटिंग क्यों नहीं कर सकते? यह एक सार्वजनिक स्थान है।"

उन्होंने कहा, "आप कैमरा तोड़ सकते हैं, आप इसे तोड़ना चाहते हैं? आप कैमरा तोड़कर हमें धमकी दे रहे हैं?" विश्व कप शुरू होने से पांच दिन पहले की इस घटना ने एक ऐसे विषय पर दोबारा ध्यान खींचा है जो टूर्नामेंट के आयोजकों के लिए संवेदनशील रहा है जिन्होंने इन दावों से इनकार किया है कि कतर में मीडिया कहां शूटिंग कर सकता है इसे लेकर सख्त नियम हैं। आयोजकों ने कहा कि उन्होंने बाद में टेंटहोल्ड से बात की और सभी संस्थाओं को परामर्श जारी किया कि वे टूर्नामेंट के लिए जारी शूटिंग के परमिट का सम्मान करें।

# बुल्गारिया में ऊंचे पहाड़ पर प्रशिक्षण के लिये विनेश को अनुमति

नयी दिल्ली, 16 नवंबर। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने तीन बार की राष्ट्रमंडल खेल गोल्ड मेडलिस्ट विनेश फोगाट को बुल्गारिया के बेल्मेकेन में ऊंचाई वाले क्षेत्र में प्रशिक्षण की अनुमति दे दी है। मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बुल्गारिया की रीला पर्वत शृंखला पर स्थित बेल्मेकेन समुद्री तल से 2600 मीटर की ऊंचाई पर मौजूद है। यहां विनेश सात नवंबर को शुरू हुए 19-दिवसीय कैंप में पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता सेराफिम बरज़ाकोव के अधीन प्रशिक्षण ले रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय कैंप में विनेश के अलावा बिलयानी डुडोवा (2021 विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक विजेता), एवलीना निकोलोवा (2020 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता) और कई प्रमुख पहलवानों के शामिल होने की संभावना है। मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत विनेश के प्रशिक्षण का खर्च उठाया जा रहा है। इसमें विनेश और उनके फिजियो अश्विनी पाटिल की उड़ान, आवास, स्थानीय यात्रा आदि का खर्च शामिल है।



इसी बीच, मंत्रालय ने बताया कि वह टॉप्स के तहत टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया को 18 नवंबर से न्यूयॉर्क में होने वाली बिल फैरेल अंतरराष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये आर्थिक रूप से सहायता करने के लिए भी तैयार है। यह प्रतियोगिता बजरंग को अमेरिका के कुछ प्रमुख और उभरते पहलवानों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का मौका देगी।

## अन्वेषा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में, समीर, सिमरन, रितिका ने नाम वापिस लिया

सिडनी, 16 नवंबर। अन्वेषा गौड़ा ने आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को जीत के साथ आगाज किया और वह टूर्नामेंट में अकेली भारतीय खिलाड़ी बची हैं । दिल्ली की 14 वर्ष की अन्वेषा इस साल छह फाइनल खेलकर चार जूनियर अंतरराष्ट्रीय खिताब जीत चुकी हैं । उन्होंने पिचाया एलिसिया विरावोंग को 21 मिनट में 21.9, 21.11 से मात दी ।

अब उनका सामना मलेशिया की गोह जिन वेइ से होगा। गोह ने भारत की तान्या हेमंत को 2.15, 21.16 से शिकस्त दी । भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त समीर वर्मा ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है । सिमरन सिंघी और रितिका ठाकेर ने भी नाम वापिस ले लिया। महिला युगल में रितुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा को चीनी ताइपै की ली चिया सिन और तेंग चुन सुन ने 21.16, 21.14 से मात दी।

# आयरलैंड ने ऐतिहासिक महिला टी-20 श्रृंखला में पाकिस्तान को हराया

लाहौर, 16 नवंबर। गैबी लेवाइस (71) और एमी हंटर (40) की विस्फोटक शतकीय साझेदारी के बाद अर्लेन केली (20/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड ने पाकिस्तान को तीसरे और निर्णायक महिला टी20 मुकाबले में बुधवार को 34 रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला 2-1 से जीत ली।

आयरलैंड ने निर्णायक मैच में पाकिस्तान को 168 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में मेजबान टीम 133 रन पर ऑलआउट हो गयी। यह आयरलैंड महिला टीम का पहला पाकिस्तान दौरा था जहां एकदिवसीय सीरीज पाकिस्तान ने 3-0 से जीती थी।

आयरलैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया और एमी-गैबी की सलामी जोड़ी ने इसका भरपूर फायदा उठाया। दोनों ने पहले विकेट के लिये 110 रन की साझेदारी करके आयरलैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। एमी ने 35 गेंदों पर तीन चौकों के साथ 40 रन बनाये जबकि गैबी ने 46 गेंदों पर 11 चौके और एक छक्का लगाकर 71 रन की अद्धर्शतकीय पारी खेली। इसके अलावा ओर्ला प्रेंटरगास्ट ने 23 गेंदों पर 37 रन बनाये जबकि रेबेका स्टोक्स ने 14 गेंदों पर नाबाद 17 रन की पारी खेलकर आयरलैंड को 167/4 के स्कोर तक पहुंचाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने तेज शुरुआत की लेकिन लगातार विकेट गंवाना उन्हें भारी पड़ा। सलामी बल्लेबाज जवेरिया खान ने 37 गेंदों पर सात चौके लगाकर 50 रन बनाये लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। निदा दार ने 24 गेंदों पर 26 रन बनाये जबकि फातिमा सना ने 14 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान के सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके और पूरी टीम 18.5 ओवर में 133 रन पर सिमट गयी।

आयरलैंड के लिये केली ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि लौरा डेलानी ने 2.5 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये। इसके अलावा जेन माग्योर ने दो और इमर रिचर्डसन ने एक विकेट लिया।

## एशियाई कप टेबल टेनिस में भारतीयों को कड़ा ड्रॉ

नयी दिल्ली, 16 नवंबर। दिग्गज खिलाड़ी अचंता शरत कमल और भारतीयों में शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी जी साथियान को गुरुवार से बैंकॉक में शुरू होने वाले आईटीटीएफ एटीटीयू एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने गए विश्व में 44वें नंबर के खिलाड़ी शरत कमल का पहला मुकाबला विश्व में 16वें नंबर के चीनी ताइपे के चुआंग चिह युआन से होगा जबकि विश्व में 39वें नंबर के साथियान जापान के विश्व में 26वें नंबर के युकिया उडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व में 44वें नंबर की मनिका बत्रा इस दो लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

## भारतीय रेलवे टीम जयपुर पहुंची

### ऑल इंडिया हनुमान सिंह हैंडबॉल चैम्पियनशिप

जयपुर, 16 नवंबर। शुक्रवार से गुलाबी नगरी के सवाई मान सिंह इनडोर स्टेडियम में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ व हनुमान सिंह फाउंडेशन द्वारा आयोजित की जाने वाली तीन दिवसीय 17वीं ऑल इंडिया स्व. श्री हनुमान सिंह हैंडबॉल प्रतियोगिता की आयोजन समिति का अध्यक्ष लोकसभा स्पीकर के विशेषाधिकारी पूर्व राष्ट्रीय खिलाडी राजीव दत्ता को बनाया गया हैं।

प्रतियोगिता के आयोजन सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष ललित कुमार कलाल होंगे, जबकि टूर्नामेंट डायरेक्टर डा. तेजराज सिंह को बनाया गया हैं। महिला वर्ग में खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता में मेजबान राजस्थान सहित देश की शीर्ष आठ टीमें भाग लेगी। जिसमें भारतीय रेलवे, हरियाणा, मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी (हिमाचल प्रदेश), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), आर्यव्रत हैंडबॉल अकादमी (दिल्ली), उत्तर प्रदेश, राजस्थान पुलिस हैं।

आयोजन समिति के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये भारतीय रेलवे की टीम जयपुर पहुंच गई है, शेष टीमें गुरुवार सुबह से आना शुरु हो जायेगी ञ्प्रतियोगिता से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।



*ग्यूमरी आर्मेनिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर है और देश के उत्तर पश्चिमी शिराक प्रांत का प्रशासनिक केन्द्र है। उरारतू साम्राज्य के समय ग्यूमरी को कुमायरी कहा जाता था। संभावना है कि इस नाम का उद्‌गम समीरियन लोगों की भाषा से हुआ होगा, जिन्होंने इस क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था और यहां बस गए थे। आर्मेनिया के कई प्रमुख म्यूज़ियम इसी शहर में हैं, जिनमें मूर्तिकार सर्गेई मेरकुरोव, कवि हवानस शिराज़ एवटीक और अभिनेता मगियर मकर्जियन के हाउस म्यूज़ियम भी शामिल हैं। अस्लामेज़िअन सिस्टर्स हाउस म्यूज़ियम 1880 के दशक में बना था, जहां 700 से ज्यादा रेखा चित्र हैं। कुमायरी एतिहासिक जिला, जो आधुनिक ग्यूमरी का पुराना भाग है, अपने अनूठे स्थापत्य के लिए विख्यात है। यहां 18 वीं और 19 वीं सदी की 1000 से ज्यादा इमारतें हैं। यहाँ का एक विख्यात पर्यटक स्थल है, एल्फाबैट मॉन्युमैंट। जब मैशटॉट्स ने आर्मेनियाई एल्फाबैट्स पर काम शुरु किया तो उस पर भारी दबाव था, क्योंकि इन एल्फाबैट्स का उपयोग इस नए क्रिश्चियन राष्ट्र के लिए बाइबिल की रचना के लिए किया जाना था। मैशटॉट्स ने धर्म को ध्यान में रखते हुए एल्फाबैट्स सृजित किए। उसके कार्य को सम्मानित करने के लिए आर्मेनिया के शिल्पकार जे. तोरोस्यान ने सन् 2005 में उसकी कब्र के पास पत्थर में गढ़े हुए सारे अक्षर स्थापित किए। आर्मेनिया के माउन्ट एरगाट्स की तलहटी में मैशटॉट्स की कब्र के आसपास स्थापित आर्मेनियन एल्फाबैट्स के बीच मैशटॉट्स की मूर्ति भी लगाई गई है।*

# फूल मोहम्मद हत्याकांड में कोर्ट ने कुल 89 में से 30 आरोपियों को दोषी माना

## 49 आरोपियों को अदालत ने दोष मुक्त करार दिया

- **दोषी आरोपियों में तत्कालीन डी.एस.पी. महेन्द्र सिंह कालबेलिया व मान टाउन थाने के सब इंस्पैक्टर सुमेर सिंह शामिल हैं। सभी 30 दोषियों को जूडिशियल कस्टडी के तहत जेल भेज दिया गया है।**
- **यह घटना 17 मार्च 2011 की है, जब सवाई माधोपुर के मान टाउन थाना क्षेत्र के सूरवाल गांव में भीड़ ने पुलिस इंस्पैक्टर फूल मोहम्मद की जीप को आग लगा दी थी और घायल फूल मोहम्मद उसमें जिंदा जल गए थे।**

सवाई माधोपुर, 16 नवम्बर (निस)। सवाईमाधोपुर जिले के चर्चित सीआई फूल मोहम्मद हत्याकाण्ड मामले में बुधवार को जिला एंव सैशन न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए 89 आरोपियों में से 30 आरोपियों को दोषी माना है और 49 आरोपियों को दोष मुक्त करार दिया है।

न्यायालय ने सभी दोषी 30 आरोपियों को जुडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। न्यायालय की ओर से फैसले की विवेचना करने के बाद 18 नवम्बर को फैसले की कॉपी उपलब्ध करवाई जायेगी। 18 नवम्बर को फैसले की कॉपी सामने आने के बाद ही पता लग पायेगा की किस आरोपी को कितनी सजा मिली है । गौरतलब है कि मानटाउन थाना क्षेत्र में 11 साल पहले 17 मार्च 2011 में पुलिस इंस्पेक्टर फूल मोहम्मद को सूरवाल गांव में जीप में जिंदा जला दिया गया था। मामले की जांच एजेंसी सीबीआई ने दो बाल अपचारी सहित 89 लोगों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया था। लगभग 11 साल 8 माह की न्यायिक ट्रॉयल के दौरान मामले से जुड़े 5 आरोपियों की मौत हो चुकी है। जबकि तीन आरोपी अभी भी फरार हैं, वही दो बाल अपचारियों के विरुद्ध प्रकरण विचाराधीन है। ऐसे में न्यायालय ने तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक महेन्द्र सिंह कालबेलिया व मानटाउन थाने के तत्कालीन सब इंस्पेक्टर सुमेर सिंह सहित 79 लोगों के खिलाफ अपना महत्वपूर्ण फैसला दिया, जिसमें न्यायालय ने तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक महेंद्र सिंह कालबेलिया सहित 30 आरोपियों को दोषी माना है, लेकिन तत्कालीन मानटाउन थानाधिकारी सुमेर सिंह सहित 49 अन्य को दोष मुक्त कर दिया।

दरअसल सवाई माधोपुर के मानटाउन थाना क्षेत्र के सूरवाल गांव में 17 मार्च 2011 को लोग मृतका दाखा देवी के हत्यारों को गिरफ्तार करने और पीड़ित के परिजनों को मुआवजे की मांग कर रहे थे। इसी दौरान राजेश मीणा व बनवारी लाल मीणा नामक युवक बोतलों में पेट्रोल लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गए और आत्महत्या करने की धमकी देने लगे। बनवारी को लोगों ने समझाईश कर नीचे उतार लिया, लेकिन राजेश मीणा पेट्रोल से खुद को आग लगाकर टंकी से नीचे कूद गया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। राजेश की मौत के बाद घटना से गुस्साए लोगों ने सुरक्षा की दृष्टि से सूरवाल गांव में तैनात मानटाउन थाने के सीआई फूल मोहम्मद व पुलिस जवानों पर पथराव कर दिया। जान बचाने के प्रयास में फूल मोहम्मद जीप चलाकर भागने लगे तो भीड़ ने उन पर पथराव कर दिया। जीप में मौजूद पुलिसकर्मी जैसे-तैसे वहां से भाग गए। पत्थर लगने से फूल मोहम्मद घायल हो गए। बाद में भीड़ ने जीप, जिसमें घायल फूल मोहम्मद थे, में पेट्रोल छिड़कर आग लगा दी। जिससे उनकी मौत हो गई।

घटना के समय मौके पर पुलिस अधिकारी के रूप में तत्कालीन डीएसपी महेंद्र सिंह कालबेलिया मौजूद थे और पूरी कार्रवाई उनकी निगरानी में ही हो रही थी। इस घटना की पूरी जिम्मेदारी कालबेलिया पर आई। जांच के दौरान भी सीबीआई ने महेंद्र सिंह को उक्त हत्याकांड के लिए दोषी माना था। सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार उक्त हत्याकांड में पूर्व डीएसपी कालबेलिया का जुर्म साबित करने में मानटाउन थाने का हिस्ट्री शीटर बदमाश संजय बिहारी सबसे अहम गवाह था। संजय के बयान न्यायालय में न्यायाधीश के समक्ष होने से पहले ही उसकी जयपुर में हत्या हो गई। कोर्ट के फैसले के बाद सभी 30 आरोपियों को जूडिशियल कस्टडी के तहत जेल भेज दिया गया। न्यायालय से जेल जाते समय तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक महेंद्र सिंह कालबेलिया ने मीडिया से कहा कि वे न्यायपालिका का सम्मान करते हैं और उच्च अदालत में अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि "सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं।"

# कांग्रेस ने सरदारशहर से अनिल शर्मा को मैदान में उतारा

- **अनिल शर्मा स्व. भंवर लाल शर्मा के पुत्र हैं।**
- **कांग्रेस ने सहानुभूति लहर के सहारे चुनाव जीतने की रणनीति बनाई है।**
- **सरदारशहर में उपचुनाव यहां के विधायक भंवर लाल शर्मा के देहावसान की वजह से करवाया जा रहा है।**

जयपुर, 16 नवम्बर (का.प्र.)। कांग्रेस ने सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव के लिए स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा के बेटे अनिल शर्मा को टिकट दे दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अनिल शर्मा की उम्मीदवारी को मंजूरी दी है। एआईसीसी के जनरल सेक्रेट्री इंचार्ज मुकुल वासनिक की ओर से इसकी घोषणा की गई है। अब कांग्रेस के अनिल शर्मा का मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार अशोक कुमार पिंचा से होगा।

अनिल शर्मा नामांकन भरने की आखिरी तारीख 17 नवंबर को नामांकन दाखिल भरेंगे। शर्मा को नामांकन दाखिल करवाने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत कई कैबिनेट मंत्रियों और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का सरदारशहर जाने का प्रोग्राम है।

सरदारशहर की सीट कद्दावर कांग्रेस नेता और 7 बार के विधायक रहे पंडित स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा के निधन से खाली हुई है। अनिल शर्मा वर्तमान में राजस्थान आर्थिक पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन हैं। उन्हें गहलोत सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त हैं।

यह पहले से तय माना जा रहा था कि, अनिल शर्मा को ही कांग्रेस टिकट देगी। इसका कारण यह है कि सहानुभूति की लहर उनके साथ है। पिछले 4 उपचुनावों में भी सहानुभूति फैक्टर चला है। इसलिए नया प्रयोग करने से कांग्रेस पूरी तरह से बच रही है।

## सैमसंग पर 25 हजार रू. का हर्जाना

- **कम्पनी को मोबाइल की कीमत बीमा राशि सहित लौटाने के निर्देश।**

जयपुर, 16 नवंबर (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमित मोबाइल को सही नहीं करने पर सैमसंग इंडिया सहित अन्य पर 25 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। इसके साथ ही आयोग ने मोबाइल की कीमत बीमा राशि सहित एक लाख 11 हजार छह सौ रुपए एक माह में अदा करने को कहा है। आयोग ने यह आदेश मनोज अग्रवाल के परिवाद पर दिए।परिवाद में कहा गया कि, परिवादी ने 26 जनवरी 2021 को सैमसंग मोबाइल खरीदा था। मोबाइल कंपनी ने दुर्घटना में मोबाइल खराब होने पर ठीक होने की बात कहकर चार हजार रुपए अतिरिक्त जमा कर लिए। परिवाद के अनुसार, सितंबर माह में मोबाइल उपयोग करने के दौरान दुर्घटनावश गिर गया और उसकी डिस्प्ले डैमेज हो गई। इस पर सर्विस सेंटर ने सौलह सौ रुपए अतिरिक्त जमा कराकर सुविधा देने की बात कही। वहीं बाद में रुपए जमा कराने के बाद भी मोबाइल ठीक करने से इनकार कर दिया। परिवाद में कहा गया कि, कम्पनी ने न तो बीमा राशि लौटाई और ना ही मोबाइल सही करके लौटाया।

# लखनऊ में धर्म परिवर्तन के लिए नहीं मानी तो युवती को 4 मंजिल से नीचे फेंककर मार डाला

## मृतका निधि अग्रवाल के परिवार वालों का आरोप है कि, सूफियान उनकी बेटी का रोज ब्रेन वॉश कर रहा था, वो नहीं मानी तो उसकी हत्या कर दी

- **चार मंजिल से गिरने के बाद निधि को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।**
- **लिव-इन पार्टनर श्रद्धा के 35 टुकड़े करने वाले अफताब पर इस कदर सनक सवार थी कि उसने श्रद्धा का कटा हुआ सिर आखिरी तक फ्रिज में सजाकर रखा था।**

लखनऊ, 16 नवम्बर। दिल्ली में श्रद्धा हत्याकाण्ड के बाद अब लखनऊ में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है। जबरन धर्म परिवर्तन के नाम पर लखनऊ में 19 साल की निधि को सूफियान नामक शख्स ने बेरहमी से मार दिया। प्रेम के जाल में फंसाकर सूफियान ने निधि का ब्रेन वॉश कर उसका धर्म बदलने की कोशिश की लेकिन जब वो नहीं मानी तो सूफियान से उसे मौत के घाट उतार दिया। सूफियान ने निधि गुप्ता को चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। निधि को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

यह मामला लखनऊ के दुबग्गा इलाके का है। सूफियान पर 19 साल की निधि गुप्ता की हत्या का आरोप है। सूफियान ने निधि नाम की लड़की को चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। लड़की के परिवार ने सूफियान पर हत्या और जबरन धर्म परिवर्तन का केस दर्ज करवाया है। निधि के परिवार का आरोप है कि सूफियान उनकी बेटी का धर्म बदलना चाहता था। वो कई दिनों से उसे परेशान कर रहा था और साथ ही शादी के लिए दबाव बना रहा था।

लखनऊ में लव जिहाद में मर्डर के आरोपी सूफियान की तलाश तेज हो गई है। सूफियान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीमें गठित की है। उसके खिलाफ हत्या और जबरन धर्मांतरण की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वारदात के बाद से सूफियान फरार है। उसके फ्लैट में ताला लटका है। लखनऊ पुलिस की टीम सूफियान के घर पहुंची। पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी थी जिसने घटनास्थल का मुआयना किया साथ ही जहां से निधि नीचे फेंका गया था उसकी भी जांच की।

गौरतलब है कि, हाल ही दिल्ली में सामने आए दिल दहला देने वाले श्रद्धा मर्डर केस ने देख को झकझोर कर रख दिया है। इस केस में एक और नया खुलासा हुआ है।

अपने लिव-इन पार्टनर श्रद्धा के 35 टुकड़े करने वाले अफताब पर इस कदर सनक सवार थी कि उसने श्रद्धा का कटा हुआ सिर आखिरी तक फ्रिज में सजाकर रखा था। पुलिस के पूछताछ में उसने बताया कि उसने श्रद्धा का सर अपने पास आखिरी तक रखा और वह अक्सर उसके कटे हुए सिर को फ्रिज में ध्यान से निहारते रहता था और अपनी प्यार की यादें ताजा करता था। पुलिस मंगलवार को पूरे दिन श्रद्धा का सिर ढूंढते रही लेकिन उसे कोई कामयाबी नहीं मिली।

दिल्ली पुलिस आफताब से श्रद्धा से जुड़ी हर राज उगलवाने की कोशिश में लगी हुई है। अब तक की पूछताछ में आफताब ने बताया कि उसने श्रद्धआ के शव के 35 टुकड़े कर दिए थे लेकिन उसके सिर को वह और टुकड़े नहीं कर पाया था। श्रद्धा के सिर के मिलने के बाद ही उसके बॉडी की पहचान हो पाएगी। अगर पुलिस को श्रद्धा का सिर मिल जाता है तो फिर आफताब को कई भी फांसी के फंदे तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता।

## बाली शिखर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपनी धारणाओं के आधार पर कूटनीतिक बयानों का प्रसार करने में भारत को मिली जीत अगले एक वर्ष तक महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगी, जब जी-20 की अध्यक्षता भारत के पास होगी।

वैश्विक मीडिया ने भी यूक्रेन संकट पर सर्वानुमति लाने में अंततः भारत की भूमिका को स्वीकार किया, क्योंकि इस संकट को लेकर ही देश इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए। अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (ई.यू.) के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों ने यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की स्पष्ट भर्त्सना करने पर जोर दिया वहीं चीन और उसके कुछ आश्रित देशों ने ऐसी भाषा का प्रयोग करने से इंकार किया।

चीन ने रूस को अपना प्रिय मित्र घोषित किया था और उसने तभी से उसने अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर रूस की स्थिति का पुरजोर समर्थन किया है।

यह सिर्फ रूस का समर्थन करने के बजाए कूटनीतिक मसलों पर अपनी स्थिति सुदृढ़ करने के लिए अधिक था। चीन ने ताइवान पर कब्जा करने के लिए बल प्रयोग की धमकी दी थी और अन्तर्राष्ट्रीय विवादित कई क्षेत्रों में इस धमकी को क्रियान्वित भी किया।

उदाहरण के तौर पर चीन ने पूरे दक्षिणी चीन सागर और उसके विशाल संप्रभु क्षेत्र को हथियाने पर जोर दिया था और वियतनाम व फिलीपींस जैसे कुछ तटीय देशों के साथ यह दावा करते हुए झड़प भी की थी कि इन्टरनैशनल शिपिंग चैनल्स के जलमार्ग और तटीय द्वीप उसी के हैं।

चीन ने अपनी हिमालयी सीमा पर स्थित भारत के साथ भी खूनी झड़प की थी। उसका लगातार यह दावा है कि सीमा का अंतिम भू भाग और भारत का एक राज्य उसी के देश का आग है। यह विवादित विचारों और राष्ट्रीय शक्ति के दावे का एक खेल था।

लगता है पश्चिमी देशों ने इस ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर रूस के साथ बातचीत में एक सशक्त मित्र पा लिया है। रूस उद्दंड होने के साथ ही इतना सशक्त व महत्वपूर्ण साबित हुआ है कि उसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती, फिर भी पश्चिमी देशों का रूस पर कोई नियंत्रण नहीं है और प्रतिबंधों व खराब संबंधों ने दोनों पक्षों में और दूरी बना दी है।

इस बिगड़े संबंध में भारतीय मध्यस्था महत्वपूर्ण कारक बन सकती है और लगता है पश्चिमी देशों ने बाली शिखर सम्मेलन के अंत में यही खोज की है।

# डैमोक्रैटिक पार्टी ने सीनेट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सर्वे में और भी गंभीर परिणाम तब सामने आए जब उन्हीं प्रतिभागियों का मापन किया गया जिन्होंने बाइडन के प्रदर्शन के प्रति "भारी सहमति" और "भारी असहमति" प्रकट की थी। कुल प्रतिभागियों में से 45 प्रतिशत प्रतिभागियों ने बाइडन के रिकॉर्ड पर भारी असहमति जतायी थी, जबकि 23 प्रतिशत ने उनकी भारी सहारना की थी। इस तरह से उन्हें माइनस 22 की नैट अप्रूवल रेटिंग मिली।

चुनावी साइट फाइव थर्टीरैट के अनुसार मुख्य बात यह है कि अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के इस चरण में बाइडन डॉनल्ड ट्रम्प और बराक ओबामा से भी अधिक अलोकप्रिय है।

इस साइट ने राष्ट्रपति के रूप में बाइडन के 664 दिनों के कार्यकाल की तुलना ट्रम्प और ओबामा की इसी समयावधि से की। इसमें ट्रम्प और ओबामा की क्रमशः माइनस 10.6 और 3.4 औसत अप्रूवल रेटिंग की तुलना में बाइडन को माइनस 11.5 की औसत अप्रूवल रेटिंग प्रदान की।

लेकिन मध्यावधि चुनाव इसके भी साक्षी रहे कि डैमोक्रेट प्रत्याशी जॉन फैटरमैन ने पैनसिल्वेनिया सीनेट सीट को फ्लिप किया इससे उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के टाइ-ब्रेकिंग वोट के जरिए सीनेट में डैमोक्रेट्स का बहुमत बना रहा। यह काम राफेल वॉर्नोःक और हःर्चेल वॉकर के बीच हुए जॉर्जिया के रन-ऑफ इलैक्शन से पहले ही हो गया।

डैमोक्रेटिक पार्टी की केटी हॉब्स एरिज़ोना के गवर्नर पद के चुनाव में सोमवार को विजयी घोषित की गई। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी की कारी लेक को हराया। वर्ष 2020 के चुनाव में लेक का ट्रम्प ने समर्थन किया था, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया था। द एसोसिएटेड प्रैस ने सोमवार रात्रि विजेता की घोषणा की।

इसमें हॉब्स की 20 हजार वोटों की लीड बतायी गई थी, तब तक 98 प्रतिशत मतपत्रों की निगती हो चुकी थी।

अपनी वैबसाइट ट्रूथ सोशल पर ट्रम्प ने इस खबर की प्रतिक्रिया में दावा किया कि चुनाव में धांधली की गई है, लेकिन उन्होंने इसके सत्यापन का कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया। इससे पहले ट्रम्प ने पोस्ट डाली थीः "मेरा मानना है कि हर कोई ऐरिज़ोना की तरफ देख रहा है क्योंकि महान कारी लेक की आसान मानी जाने वाली चुनावी जीत धीरे-धीरे किन्तु एक सुव्यवस्थित तरीके से उनके और अमेरिका की जनता के हाथ से निकली रही है। अपनी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए हॉब्स से ट्वीट कियाः "लोकतंत्र के लिए इंतजार किया जा सकता है। धन्यवाद ऐरिज़ोना। मुझे आपकी अगली गवर्नर बनने के लिए फख्र है।

## कैश के बदले टिकट

नई दिल्ली, 16 नवंबर (वार्ता)। एसीबी ने नगर निगम चुनाव के लिए टिकट के बदले कथित तौर पर नकदी के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक के रिश्तेदार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गोपाल खारी ने सोमवार को एसीबी से गुहार लगायी थी कि पत्नी शोभा खारी को वार्ड नम्बर 69 (कमला नगर) से टिकट देने के एवज में आप विधायक ने पैसे की मांग की थी।

## पेंशनर्स...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में कर दी थी तथा यह लोकप्रिय होती जा रही है।

सभी पंजीकृत पेंशनर एसोसिएशनों, पेंशन डिसबर्सिंग बैंकों, भारत सरकार के मंत्रालयों तथा सी.जी.एच.एस. सेन्टरों को निर्देश दे दिये गये हैं कि वे लाइफ सर्टिफिकेट देने के लिये डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट/फेस ऑथेन्टिकेशन टेक्निक व्यवस्था को प्रोत्साहित करें तथा पेंशनरों के "जीवन को सुगम बनाने" के लिये विशेष कैम्प लगायें।

अधिकारियों ने कहा कि कार्मिक मंत्रालय का अधीनस्थ "पेंशन तथा पेंशनर कल्याण विभाग फेस ऑथेन्टिकेशन के जरिये जीवन-प्रमाण पत्र जमा कराने हेतु पूरे नवम्बर माह में एक अभियान चला रहा है।

# माकन ने राजस्थान के प्रभारी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विधायक सी.एल.पी. मीटिंग में नहीं आने दिये गये थे। तो उस समय क्या स्थिति बनेगी, जब यात्रा राजस्थान पहुँचेगी तथा नाराज विधायक राहुल गांधी की मौजूदगी में लड़ाई की राह अपना लेंगे।

यह सुविदित है कि अजय माकन राहुल गांधी के नज़दीक हैं तथा यह संभावना नहीं लग रही कि उन्होंने इस्तीफा देने का इतना बड़ा कदम राहुल गांधी की जानकारी के बिना उठाया होगा।

जिस दिन माकन का इस्तीफा सार्वजनिक हुआ था, उस दिन सचिन पायलट ने भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी से भेंट की थी।

माकन ने राजस्थान चैप्टर फिर से खोल दिया है जबकि इस पूरे मामले को अनदेखा कराने की कोशिशें की गई थीं तथा सोच लिया गया था कि यह मुद्दा स्वतः ही खत्म हो जायेगा।

अजय माकन महासचिव के रूप में राजस्थान प्रभारी के काम को अंजाम नहीं दे रहे हैं तथा उन्होंने उपचुनाव से संबंधित "बी" फॉर्म पर हस्ताक्षर भी नहीं किये थे। अब ऐसा प्रतीत हो रहा है, मानो केन्द्रीय नेतृत्व ने अशोक गहलोत को हटाये जाने से संबंधित राजस्थान के मामले को निपटाने का मानस बना लिया गया है क्योंकि गहलोत ने यह रुख इख्तियार कर लिया है कि वे पद से नहीं हटेंगे तथा सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगे।

सूत्रों का कहना है कि अशोक गहलोत यात्रा का मार्ग बदलवाना चाहते हैं तथा यह सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि यात्रा गुर्जर-बहुल क्षेत्रों से नहीं गुजरे, क्योंकि वे सब सचिन पायलट समर्थक हैं।

गहलोत ने भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी से मिलने के लिये राठौड़ तथा पी.सी.सी. प्रमुख डोटासरा को भेजा था।

लेकिन समझा जाता है कि उन्हें वहाँ झिड़क दिया गया था तथा वे राहुल गांधी से कोई चर्चा नहीं कर पाये थे।

यह भी समझा जाता है कि राजस्थान यात्रा के लिये रास्ता बदलने की कोई संभावना नहीं है।

आशा की जा रही है कि राजस्थान का अस्थाई प्रभार किसी अन्य महासचिव को दिया जा सकता है तथा इसके लिये कहीं-कहीं अविनाश पांडे के नाम की चर्चा चल रही है। पांडे, अशोक गहलोत के नजदीक तथा उनकी बात को, बिना सोचे-समझे मान लेने वाले माने जाते हैं।

## गुजरात में 40 वर्तमान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भारत जोड़ो यात्रा को जो समर्थन यहाँ मिला था, उससे पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में एक नये जोश का संचार हुआ है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि पार्टी के दो बड़े नेता- पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया तथा के.पी.सी.सी. अध्यक्ष डी.के. शिव कुमार कम से कम सार्वजनिक रूप से तो, आपसी मतभेद भुला चुके प्रतीत हो रहे हैं तथा मिलकर काम करने का वादा कर चुके हैं।

लेकिन गुजरात के चुनाव परिणामों से कर्नाटक पर बहुत असर पड़ने की संभावना है। अगर गुजरात और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा रहा तो कांग्रेस कर्नाटक में और भी ज्यादा उत्साहित एवं आक्रामक दिखाई दे सकती है। लेकिन अगर गुजरात में वह एक बार फिर असफल रहती है तथा हिमाचल प्रदेश, जहाँ उसके जीतने की पूरी-पूरी संभावना है, में भी वह चुनाव हार जाती है, तो कर्नाटक में स्थिति उलटी भी हो सकती है। संयोगवश, हिमाचल में इस बार कांग्रेस के सत्ता में आने की बारी है क्योंकि यह राज्य पिछले तीन दशक से सत्तासीन दल को चुनाव में हराता आया है।

# पोलैण्ड में रूस ने मिसाइल दागी?

## यूक्रेन और रूस ने इन मिसाइलों के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाये

- **पोलैण्ड की सरकार ने भी इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन कहा कि उसने आपातकालीन बैठक बुलाने के बाद कुछ सैन्य इकाइयों को हाई अलर्ट कर दिया है।**
- **पोलैण्ड के दमकल विभाग ने विस्फोटों का कारण बताये बिना प्रेज़वोडो के पूर्वी शहर में हुए विस्फोट में दो लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है।**

वारसा, 16 नवंबर (वार्ता)। रूस की मिसाइल यूक्रेन की सीमा के पास पोलैण्ड में गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले शुरू करने की रिपोर्टें है। रिपोर्ट में बताया गया है कि हमले के बाद क्या हुआ यह स्पष्ट नहीं हैं। वहीं यूक्रेन की वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाटव के अनुसार, मंगलवार को रूस की ओर से यूक्रेन पर 90 से अधिक मिसाइलें दागी गईं जिसमें से 70 से अधिक मिसाइलों को मार गिराया गया हैं।

पोलैण्ड की सरकार ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन कहा कि उसने आपातकालीन बैठक बुलाने के बाद कुछ सैन्य इकाइयों को हाई अलर्ट कर दिया है।

इससे पहले पोलैण्ड की कुछ मीडिया ने रिपोर्ट दी थी कि रूस की मिसाइलें पोलैण्ड में गिरी हैं। इस बीच यूक्रेन और रूस ने इस के लिए एक दूसरे पर दोषारोपण किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने रूस पर जानबूझकर पोलैण्ड पर हमला करने का आरोप लगाया है। रूस ने यूक्रेन के इन दावों का खंडन किया है।अमेरिका और अन्य अंतरराष्ट्रीय शक्तियों ने कहा है कि वे इस मामले की जांच कर रहे है।

पोलैण्ड के दमकल विभाग ने विस्फोटों का कारण बताये बिना प्रेज़वोडो के पूर्वी शहर में हुए विस्फोट में दो लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। स्थानीय मीडिया द्वारा ऑनलाइन साझा की जा रही एक तस्वीर में पोलैण्ड की खेत में बड़ा गड्ढा और मिसाइल का अश्वशेष दिया गया है।

## महिला के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को समझना चाहिए कि उनके अपशब्दों में वास्तविक इंसान शामिल होते है। इस युवती को एक साधारण सी पिक्चर के लिए यह सब झेलना पड़ा। यह तस्वीर एक ऐसे कार्यक्रम की जिसमें सैंकड़ों लोग थे वहां मैंने तकरीबन 50 लोगों के साथ फोटो खिंचवाई थी। अपने गंदे दिमाग को अपने पास रखो ट्रोलर्स।"

पीड़ित युवती ने कहा कि दक्षिण पंथी लोगों ने मेरी तस्वीर का इस्तेमाल किया। युवती ने पोस्ट में बताया कि "मैं कांग्रेस नेता और तिरुवनंतपुरम् के सांसद शशि थरुर, जो एक जानेमाने लेखक भी हैं, से एक लिटरेरी फैस्ट में मिली थी और उनके साथ तस्वीर ली थी, लेकिन लोगों ने इस पर बकवास कहानियां बनाना शुरु कर दिया। राइट विंग राजनैतिक फायदे के लिए मेरी तस्वीर का इस्तेमाल कर रहे हैं।" महिला ने कहा कि उसने फोटो हटा ली है।

सूत्रों ने कहा कि अधिकांश राजनैतिक दलों के सोशल मीडिया विभाग के लिए थरुर "सॉफ्ट टारगैट" रहे हैं, जो उन पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं चूकता है, खासकर तब जब किसी महिला के साथ सोशल मीडिया पर उनकी कोई तस्वीर आती है। पूर्व में भी थरुर पर ऐसे हमले हो चुके हैं।

## गुजरात में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कही बेहतर रहा है। इस चुनाव में पड़े 9000 वोटों में से उन्हें करीब 1000 वोट मिले थे। गुजरात प्रचार-अभियान से बाहर रख कर क्या थरुर को इस बात की सजा दी जा रही है कि उन्होंने मल्लिकार्जुन का मुकाबला किया जिन्हें अधिकृत प्रत्याशी माना जा रहा था।

थरुर ने इस पर कहा कि कांग्रेस जानती है उसके लिए अच्छा क्या है इसलिए गुजरात में प्रचारकों की लिस्ट से बाहर रहने पर निराश होने का सवाल अप्रासंगिक है।

कहा जा रहा है कि थरुर को एन.एस.यू.आई. के गुजरात में एक कार्यक्रम के लिए बुलाया था पर उन्होंने इंकार कर दिया क्योंकि राज्य के चुनाव प्रचारकों की सूची में उनका नाम नहीं है, जिसमें खड़गे, राहुल, प्रियंका, सोनिया के अलावा मौजूदा मुख्यमंत्रियों अशोक गहलोत, भूपेश बघेल के अलावा पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ, भूपेन्द्र सिंह हूडा और दिग्विजय सिंह का नाम भी हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908